धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

* 31.12.2024

नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 170



12 विक्की के 'तौबा-तौबा' के गाने पर आशा भोसले के हुक स्टेप्स वायरल

## न्यूज डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने जीता चौथा टेस्ट, सीरीज में ली बढ़त

**मेलबर्न।** भारतीय बैटरो ने एक बार फिर आसानी से घुटने टेक दिये। चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के हाथों 184 रन की शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। अब सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 2-1 से आगे है और भारत के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने पर भी संकट पैदा हो गया है। जीत के लिए 340 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित 9 और कोहली 5 रन बनाकर आउट हो गये। भारत ने आखिरी सात विकेट 20.4 ओवर में 34 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में टीम 155 रन पर आउट हो गयी।

### रंगदारी मामले में गढ़वा के विधायक पर केस

**मेदिनीनगर।** गढवा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर मेराल थाने में एफआईआर दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया है। विधायक के अलावा तीसर टेटुका के मुखिया पति जगजीवन राम के विरुद्ध संजय कुमार चौबे ने कथित गाली गलौज करने, धमकी देने और 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप भी एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। संजय चौबे ने आवेदन पर यह मामला दर्ज किया गया है।

### पांच डिग्री डिग्री तक गिरेगा झारखंड में पारा

**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, साल के अंत और नए साल की शुरूआत में राज्य में ठंड बढ़ने की संभावना है। अगले 1-2 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है। इस दौरान सुबह में हल्का कोहरा रहने की संभावना है, इसके बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

### टेरर फंडिंग में सिमरिया में एनआइए का छापा

**सिमरिया।** एनआइए ने चतरा जिला के सिमरिया थाना और लावालौंग थाना में क्षेत्र एक साथ छापेमारी की। छापेमारी सुबह 3 बजे से लेकर दिन 10 बजे तक चली है। एनआइए का छापा बारा गांव निवासी पंकज साहू और लावालौंग थाना के लमटा पेट्रोल पंप संचालक करमा गांव तथा सुहावन गांव में हुई। परिजनों को घर से बाहर कर दिया गया और पंकज साहू को साथ में रख घंटों पूछ ताछ की गयी। वहीं घर में रखे जमीन की कागजात एवं बैंक खाते तथा अन्य दस्तावेजों को गहनता से जांच की गयी। जांच के बाद एनआईए टीम ने अपने साथ एक प्रिंटर, एक बैग में आवश्यक कागजात साथ लेते गए। जानकारी के अनुशार यह छापेमारी टेरर फंडिंग के मामले में की गयी। मामला टीपीसी के सुप्रीमो बृजेश गंझू से जुड़ा हुआ है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |




# ब्लैक मून : आसमान में दुर्लभ नजारा, 2026 में फिर दिखेगा

### भारत में 31 दिसंबर तड़के 3.57 बजे का ब्लैक मून का समय

**एजेंसी**

वाशिंगटन। साल 2024 के आखिर में पृथ्वी पर ब्लैक मून का दुर्लभ नजारा होने जा रहा है। भारत में 31 दिसबर की सुबह होगी ब्लैक मून की दुर्लभ घटना। ब्लैक मून उस दुर्लभ खगोलीय घटना को कहते हैं, जब एक ही कैलेंडर महीने में दो बार अमावस्या होती है। यह बहुत ही दुर्लभ है। यह हर साल नहीं होता है। इसे भी नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकेगा। खगोलविद और तारों में दिलचस्पी रखने वाले इस घटना का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

### क्या है ब्लैक मून कब दिखता है

अमावस्या तब होती है जब सूर्य और चंद्रमा आकाश में एक सीध में आ जाते हैं, जिससे चंद्रमा का चमकीला भाग पृथ्वी से दूर हो जाता है। इसकी वजह से चंद्रमा हमें दिखायी नहीं देता है। चंद्र चक्र लगभग 29.5 दिनों का होता है, इसलिए कभी-कभी एक महीने में दो अमवस्याएं हो जाती हैं। जब ऐसा होता है तो इसे ब्लैक मून कहा जाता है। यह ब्लू मून की तरह है, जो महीने में दो पूर्ण चंद्रमा के होने को कहा जाता है। अमावस्या के दौरान हम चंद्रमा को तब तक नहीं देख सकते हैं, जब तक कि सूर्यग्रहण न हो। इसका मतलब है कि हम-आप ब्लैक मून को देख नहीं पायेंगे, लेकिन रात के अधिक अंधेरी होने की वजह से इसका अनुभव कर सकते हैं।


यह अंधेरा सितारों, ग्रहों और यहां तक कि दूर की आकाशगंगाओं को अधिक स्पष्ट रूप से देखने में मदद करता है।



### भारत में अगली बार 2026 में नजर आयेगा ब्लैक मून

अमेरिकी नेवी ऑब्जर्वेंटरी के अनसार, यह दुर्लभ नजारा अमेरिका के पूर्वी समयानुसार 30 दिसम्बर को शाम 5.27 बजे घटित होगा। हालांकि, अमेरिका में लोग इसे 30 दिसंबर को देखेंगे, लेकिन भारत में रहने वाले लोगों के लिए यह समय के अंतर के चलते 31 दिसम्बर को तड़के 3.57 बजे दिखेगा। ब्लैक मून बहुत ही दुर्लभ है और यह साल नहीं होता है। पिछली बार ब्लैक मून अगस्त 2022 में हुआ था, और अगली बार मई 2026 में होगा। दूसरी अमावस्याओं की तरह इसे भी नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकेगा, लेकिन चंद्रमा का न दिखाई देना खगोलविदों और आसमान के शौकीनों के लिए दिलचस्प घटना है।

# पंडरा में दिनदहाड़े 13 लाख की लूट, व्यवसायी को मारी गोली





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस को चुनौती देते हुए अपराधियों ने पंडरा में एक होटल कारोबारी सुमित कुमार को दिनदहाड़े गोली मार कर 13 लाख रुपये लूट लिये। उन्हें उनके लोटस के पास ही गोली मारी गयी। घायल व्यवसायी का रिम्स में इलाज चल रहा है। 13 लाख रुपये लूट कर अपराधी असानी से फरार होने में कामयाब रहे है। जानकारी के अनुसार सुमित अपने करीबी के साथ आईसीआईसीआई बैंक में पैसा जामा करने जा रहे थे। इसी बीच उसको लूटने के लिए कुछ हथियारबंद पहुंच गये थे। नजर पड़ते ही सुमित वहां पहुंच गये और हथियारबंद अपराधियों से भिड़ गये। इसी दौरान अपराधियों ने उनको गोली मार दी। उन्हे इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। जानकारी के अनुसार व्यवसायी सुमित कुमार की हालत खतरे से बाहर है। उसका इलाज चल रहा है।

इधर घटना का शिकार व्यक्ति ने बताया कि कार से बैग निकालकर बैंक में जमा करने जा रहे थे। तभी तीन की संख्या में अपराधी आये, मारपीट कर पैसा छीन लिए। तीनों अपराधी मुंह पर रुमाल बांधे हुए थे। विरोध करने पर पीटा। बैग में कुल 13 लाख रुपये थे।

मुझे बचाने आये सुमित को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के संबंध में पंडरा ओपी के सब इंसपेक्टर मनीष ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की खंगाल रही है। नाकेबंदी भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# राज्य में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं : सीएम

## अफसर ऐसी योजनाएं बनायें, रोजगार बढ़े और झारखंड का मान भी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं। इसे बढ़ावा देने से झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता को देश और दुनिया में एक अलग पहचान मिलेगी। इको टूरिज्म विकसित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके।

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वन पर्यावरण विभाग एवं पर्यटन विभाग एक बेहतर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास को बढ़ाये। इसकी कार्ययोजना बनाये। झारखंड के उन स्थानों को चिन्हित करने का कार्य करें, जहां इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं। सोमवार को सीएम श्री सोरेन इको टूरिज्म विकसित करने के मुद्दे पर अधिकारियों संग बैठक में बोल रहे थे।



**विशेष योजनाओं पर विशेष दें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया है। साथ ही, उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों या दूसरे देशों में जहां इको टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छे कार्य हुये हैं। वहां के इको टूरिज्म मॉडल का अध्ययन करें।

उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर झारखंड को पहचान देने के उद्देश्य से वन विभाग एवं पर्यटन विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

### धरोहर भी संरक्षित रहेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इको टूरिज्म विकसित हो। इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इको टूरिज्म के विकसित होने से झारखंड की प्रकृति धरोहरों को संरक्षित रखा जा सकेगा। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी एवं पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार मौजूद थे। सीएम ने राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं एवं उन्हें विकसित करने पर कई सुझाव दिये। उन्होंने कहा, झारखंड में इको टूरिज्म इस प्रकार विकसित किया जाये कि रोजगोर भी बढ़े और प्रदेश का नाम भी।

# सीएम को गडकरी का पत्र हाईवे की बाधाएं दूर करें

## भूमि अधिग्रहण फॉरेस्ट क्लीयरेंस मामले सलटायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा, झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास में तेजी लाने में आपके सहयोग का आभारी हूं। इसके साथ ही गडकरी ने झारखंड में सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं का भी उल्लेख किया है और इसके निदान के लिए उचित पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने पत्र में कहा है कि सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को देखते हुए भूमि अधिग्रहण और फॉरेस्ट क्लीयरेंस से



जुड़े मामलों का त्वरित समाधान करें। राज्य के मुख्य सचिव को सभी पक्षों के साथ बैठक कर इन मुद्दों के समाधान का निर्देश दें, ताकि समय पर प्रोजेक्ट पूरे किये जा सके। केंद्रीय मंत्री ने खासकर वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा है कि कुडू-उदयपुरा पैकेज में कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसकी वजह फॉरेस्ट क्लीयरेंस और जमीन अधिग्रहण का नहीं होना है। कई प्रोजेक्ट फॉरेस्ट क्लीयरेंस, मुआवजा और जमीन अधिग्रहण के कारण रूके हुये हैं।

**राज्य के 15 हाइवे प्रोजेक्ट बाधित :** झारखंड में 15 हाइवे प्रोजेक्ट का काम फॉरेस्ट क्लीयरेंस के कारण प्रभावित हो रहा है। इस सभी परियोजनाओं की लागत 21 हजार 690 करोड़ है। 588 किलोमीटर लंबी सड़क के 172 किलोमीटर लंबाई में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है। कुडू से उदयपुरा, लातेहार, उदयपुरा से भोगू सेक्शन, भोगू से शंखा और बासुकीनाथ से देवघर के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है। वहीं, वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे के तहत चतरा बाईपास देवरिया से दोनोरेशान, हजारीबाग, दोनोरेशान से बोंगाबार पैकेज, हजारीबाग-रामगढ़ बोंगाबार से लेपो पैकेज, रामगढ़-बोकारो लेपो से कमलापुर पैकेज में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा है। वहीं नई सड़क परियोजना के तहत देवघर बाईपास, गुमला बाईपास, केरेटया से क्योंदपानी, क्योंदपानी से लतरा और लतरा से सीठियो के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है।

# हटाये गये हजारीबाग सदर एसडीओ, अधिसूचना जारी

## पत्नी को जलाकर मारने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार, (झाप्रसे) को प्रशासनिक कारणों से स्थानांतरित किया गया है। उन्हें कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड, रांची में योगदान देने कहा गया है। राज्यपाल के आदेश पर सरकार के अवर सचिव प्रदीप कुमार पासवान के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी। हजारीबाग एसडीओ के खिलाफ पत्नी को जलाकर जान से मारने का आरोप है। स्थानीय लोग भी एसडीओ का विरोध कर रहे हैं और मशाल जुलूस तक निकाला था।

**जांच प्रक्रिया तेज, एसआईटी गठित :** अशोक कुमार के खिलाफ जांच की प्रक्रिया तेज हो गयी है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गोपनीय पत्र जारी किया गया है। इस घटना को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त मामले की जांच एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। सोमवार को सदर एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार समेत कई थाना प्रभारी जांच करने के उनके आवास पहुंचे। अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की मौत की गुत्थी को सुलझाने के लिए हजारीबाग पुलिस ने जांच की प्रकिया तेज कर दी है। एसपी ने घटनास्थल की खुद जांच की। उन्होंने कई लोगों से पूछताछ की। जांच को ले करहजारीबाग एसपी ने कोई जानकारी अभी शेयर नहीं की।

## वर्षांत 2024 : हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी बनी देशव्यापी चर्चा

# हीरो बन कर उभरे हेमंत, कल्पना रही किंगमेकर

**प्रभात सिंह**

**रांची।** साल 2024 कई मायनों में इतिहास गढ़ गया। हेमंत सोरेन हीरो बनकर उभरे, तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन किंगमेकर रही। यही रहा फलाफल। राज्य की जनता को एक मजबूत और टिकाऊ गठबंधन की सरकार मिला। झारखंड वर्ष 2024 में कई मामलों को लेकर देशव्यापी चर्चे में रहा। इनमें हेमंत की गिरफ्तारी, उनके एक मंत्री कांग्रेस के दिग्गज नेता आलमगीर आलम की टेंडर घोटाले मामले में गिरफ्तारी भी सुर्खियों में रहा। दिल्ली और मुंबई महानगरों की तर्ज पर बने कोटाटोली फ्लाई ओवर ने राज्य को सकारात्मक पहचान दिलायी।

झारखंड अपने गठन के बाद से अस्थिर रहा। रघुवर सरकार के पांच साल का कार्यकाल छोड़ दें तो किसी दूसरे मुख्यमंत्री ने पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाये। बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन और निर्दलीय विधायक रहे मधुकोड़ा की सरकार की राज्य चली, लेकिन पांच साल नहीं। हलांकि हेमंत सोरेन को 2019 में जो जनमत मिली वह पांच साल के लिए था, लेकिन उनके जेल जाने के कारण बीच में चंपई



सोरेन की सरकार बनी और हेमंत सोरेन अपना कार्यकाल पांच साल नहीं पूरा कर पाये।

हेमंत सोरेन इसलिए हीरो हैं, क्योंकि उनके खिलाफ तमाम परिस्थितियां वैसी रही जो उनके खिलाफ थी। फिर भी उन्होंने बाजी अपने पक्ष में की। जेल गये। तब उनके समक्ष अनेकों चुनौतियां थी। उनके पिता दिशूम गुरू शिबू सोरेन बीमार थे, चलने फिरने में असमर्थ थे। पत्नी कल्पना सोरेन कभी राजनीति में नहीं थीं। उनके दोनों बेटे छोटे। भरोसा भाई बसंत से था। परिवार में कलह पहले से थी। उनकी भाभी अलग राह विरोध की पकड़ ली थी। गठबंधन की राजनीति में सबको समेटे रखना। अपना वोट बैंक को बचाये रखना। सारी चुनौतियां एक साथ मुंह बायें खड़ी थी।

तमाम विपरीत परिस्थियों के बावजूद हेमंत सोरेन ने हिम्मत नहीं हारी। उनकी अनपस्थिति में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन एक ऐसी महिला बन कर उभरीं कि विरोधियों को एकदस पस्त कर दिया। विधान सभा चुनाव में झामुमो ही नहीं इंडी गटबंधन की सबसे बड़ी स्टार प्रचारक के रूप में उभरी। खुद हेमंत सोरेन ने कल्पन सोरेन को वन मेन आर्मी करार दिया। अपने दम कल्पना सोरेन एक-एक कर विरोधियों का टारगेट को नेस्तनाबुद्ध किया।

(शेष पेज 11 पर)

### बिहार में भूमि सर्वे अब 2026 तक चलेगा

**पटना।** बिहार में भूमि सर्वेक्षण की समय सीमा एक साल और बढ़ा दी गयी है। अब यह प्रक्रिया जुलाई 2026 तक पूरी की जायेगी। पहले यह समय सीमा जुलाई 2025 तय की गयी थी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सोमवार को इसकी घोषणा की। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने पटना स्थित सूचना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी कि जमीन सर्वेक्षण का काम जुलाई 2026 तक पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि नागरिक ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से सर्वे के लिए दस्तावेज जमा कर सकते हैं और इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। समय सीमा में बदलाव किया गया, ताकि रैयतों को राहत मिल सके।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसके लिए दी ऑनलाइन कंसर्ट की अनुमति

# झारखंड में 28,404 उद्योगों के संचालन की है अनुमति, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दी स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 28,404 उद्योगों के संचालन की अनुमति है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसके लिए ऑनलाइन कंसर्ट की अनुमति दी है। उद्योगों के संचालन के लिए कुल 52,781 आवेदन आए थे, जिसमें से 14542 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया। 1441 आवेदन पेंडिंग हैं। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उद्योगों की 17 कटेगरी के तहत वर्ष 2019 से 2024 के बीच उद्योगों के संचालन के लिए 793 आवेदन आए, जिसमें से 114 उद्योगों के संचालन की स्वीकृति दी गई। इसमें 219 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया जबकि 38 आवेदन पेंडिंग हैं।

### किस जिले में कितने उद्योगों को संचालन की अनुमति



| जिला | उद्योगों की संख्या | जिला | उद्योगों की संख्या |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 1363 | जामताड़ा | 398 |
| चतरा | 636 | खूंटी | 273 |
| देवघर | 991 | कोडरमा | 1106 |
| धनबाद | 2775 | लातेहार | 407 |
| दुमका | 1366 | लोहरदगा | 426 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1797 | पाकुड़ | 1694 |
| गढ़वा | 446 | पलामू | 1566 |
| गिरिडीह | 1558 | रामगढ़ | 1131 |
| गोड्डा | 342 | साहेबगंज | 1711 |
| गुमला | 580 | सरायकेला | 1895 |
| हजारीबाग | 1999 | सिमडेगा | 190 |
| | | प›िम सिंहभूम | 589 |

### 14542 आवेदनों को किया गया रिजेक्ट, दिया, 1441 आवेदन पेंडिंग

### किस जिले में कितने आवेदन रिजेक्ट




| जिला रिजेक्ट | आवेदन की संख्या |
|---|---|
| बोकारो | 615 |
| चतरा | 306 |
| देवघर | 529 |
| धनबाद | 1395 |
| दुमका | 533 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1048 |
| गढ़वा | 195 |
| गिरिडीह | 785 |
| गोड्डा | 151 |
| गुमला | 215 |
| हजारीबाग | 1263 |
| जामताड़ा | 171 |
| खूंटी | 78 |
| कोडरमा | 729 |

| जिला रिजेक्ट | आवेदन की संख्या |
|---|---|
| लातेहार | 159 |
| लोहरदगा | 173 |
| पाकुड़ | 763 |
| पलामू | 530 |
| रामगढ़ | 713 |
| रांची | 1433 |
| साहेबगंज | 1039 |
| सरायकेला | 1316 |
| सिमडेगा | 74 |
| पश्चिम सिंहभूम | 331 |

# डीसी रैंक के सात आइएएस अफसरों को मिली प्रोन्नति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के उपायुक्त स्तर के सात पदाधिकारियों को कनीय प्रशासनिक कोटि के वेतनमान (लेबल-12, पे-मैट्रिक्स- 78800-209200) में प्रोन्नति दी गयी है। यह प्रमोशन इस शर्त पर दी गयी है की वे अगले दो वर्षो में आयोजित होने वाले एमसीटी फेज तीन का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लेंगे।

इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। सभी अधिकारी प्रमोशन के बाद भी अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे।

**इन्हें मिला प्रमोशनः**

- कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त गुमला
- मेघा भारद्वाज- उपायुक्त, कोडरमा
- गरिमा सिंह- संयुक्त सचिव योजना एवं विकास विभाग
- चंदन कुमार- उपायुक्त रामगढ़
- हिमांशु मोहन- सीईओ, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास निगम
- विशाल सागर- उपायुक्त देवघर
- लोकेश मिश्र- उपायुक्त खूंटी

## आठ आइएएस एसडीओ को मिला सीनियर टाइम स्केल में प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुमंडल पदाधिकारी स्तर के आठ पदाधिकारियों को सीनियर टाइम स्केल (लेबल-11 पे-मैट्रिक्स- 67,100-208700) में प्रोन्नति प्रदान की गयी है। सभी पदाधिकारी अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे।

इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें मिला प्रमोशन**

- शताब्दी मजूमदार- एसडीओ धालभूमगढ़
- उत्कर्ष कुमार- एसडीओ रांची सदर
- आशीश गंगवार-एसडीओ छतरपुर
- श्रीकांत यशवंत- एसडीओ गिरिडीह
- ओमप्रकाश गुप्ता- अवर सचिव योजना एवं विकास विभाग
- सन्नी राज- एसडीओ सिमरिया, चतरा
- अनिमेश रंजन- एसडीओ खुरी-महुआ
- रिया सिंह- एसीडीओ कोडरमा

# बढ़ रहे अपराध पर ठोस कदम उठाये हेमंत सरकार: बाबूलाल

### झारखंड में प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की हत्या

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि एससीआरबी द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक इस वर्ष जनवरी से अक्तुबर तक के बीच 1400 लोगों की हत्या की जा चुकी है। इस दौरान सिर्फ आमलोग ही नहीं बल्कि पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी असमय मौत के घाट उतार दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराध का ग्राफ चिंताजनक रूप से ऊपर चढ़ रहा है। विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है लेकिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नागरिकों की सुरक्षा में विफल साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में बढ़ता अपराध आमलोगों के जेहन में खौफ पैदा कर रहा है। अगर तुरंत ठोस कदम नहीं उठाये गये तो राज्य की स्थिति और भयावह हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अपराध नियंत्रण के लिये मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ठोस कदम उठाये जाने की जरूरत है।

तृतीय वर्ग में समायोजित सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजरों को हाई कोर्ट से राहत

# पिछली सेवाओं की गणना कर एसीपी और एमएसीपी का लाभ देने का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार में तृतीय वर्ग के पद में सरकार की विभिन्न विभागों में समायोजित हुए सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजरों को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने एसीपी/एमएसीपी लाभ के लिए प्रार्थियों की पिछली सेवाओं की गणना करने का निर्देश पारित किया है। न्यायमूर्ति दीपक रौशन की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इन सेवानिवृत कर्मियों की सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजर की पिछली सेवाओं को जोड़ते हुए एसीपी/एमएसीपी का लाभ देने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कृष्णकांत मुखर्जी, विद्यासागर प्रसाद सहित कई प्रार्थियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। पूर्व में भी कोर्ट ने उनकी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके पेंशन के मामले में भी पेड मैनेजर की पिछली सेवाओं की गणना करते हुए पेंशन देने का आदेश दिया था।

दरअसल, प्रार्थी 1975-85 के दरमियान सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक में पेड मैनेजर के रूप में कार्यरत थे, सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के आलोक में वर्ष 2003 में इनका समायोजन झारखंड सरकार के तृतीय वर्ग के कर्मियों के रूप में विभिन्न विभागों में हुआ था। बाद में ये कर्मी वर्ष 2009-10 में सेवानिवृत हो गए थे। इनकी ओर से पेंशन के लिए 10 साल पूरा नहीं होने का हवाला देते हुए अपने पिछले सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजर की सेवाओं की गणना करने को लेकर एक याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर कोर्ट ने आदेश दिया था कि उनकी पिछली पेड मैनेजर की सेवाओं को गणना करते हुए इनका पेंशन भुगतान किया जाए।

इसके बाद प्रार्थियों की ओर से फिर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर एसीपी/एमएसीपी का लाभ के लिए भी अपनी पुरानी सेवाओं (पेड मैनेजर) की गणना करने का आग्रह किया गया। जिस पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा की चुकी प्रार्थियों के पेंशन के लिए उनकी पिछली सेवाओं की गणना की जा सकती है तो सिद्धांततः सरकार मानती है कि उनकी पीछे की सेवा की गणना की जा सकती है। ऐसे में प्रार्थियों को एसीपी/एमएसीपी का लाभ देने के लिए भी पिछली सेवाओं ( पेड मैनेजर) की गणना की जाए। कोर्ट ने यह आदेश सुनाते हुए प्रार्थियों की याचिका स्वीकृत कर ली।

# झाप्रसे के 6 अधिकारियों को विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 6 पदाधिकारियों को विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन दिया गया है। विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक के अनुसार जनता के आलोक में इन अधिकारियों को अपर सचिव कोटी के वेतनमान से अपुनरीक्षित वेतनमान पीवी4 37400-067000 ग्रेड पे 8900 पुनरीक्षित वेतनमान लेवल 13 प्रोन्नति प्रदान की गई है। सभी अधिकारियों को विशेष सचिव के पद पर उत्क्रमित करते हुए उन्हीं विभागों में पदस्थापित भी किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें मिला प्रमोशन**

- अपर सचिव वित्त विभाग : अनिरुद्ध सिन्हा
- अपर सचिव कार्मिक विभाग : ओम प्रकाश साह
- अपर सचिव पक्ष निर्माण विभाग : अखौरी शशांक सिन्हा
- अपर सचिव योजना विकास विभाग : सुनील कुमार सिंह
- उप विकास आयुक्त रामगढ़ : रोबिन टोप्पो
- निदेशक प्रशासन कृषि विभागः नयन तारा केरकेट्टा।

## समाधान नहीं होने पर एक हफ्ते बाद फिर सचिवों से मिलेंगे विधायक

नगर विकास सचिव से मिले जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय

# मानगो में कचरा प्रबंधन दुरुस्त होगा

- कचरा प्रबंधन का सुचारू नहीं होने से कचरे के ढेर में आग लग जाता है और आसपास के रिहायशी इलाकों में लगातार प्रदूषण फैलता है।



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय सोमवार को मानगो नगर निगम की समस्याओं को लेकर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से मिले। उन्होंने इस संबंध में ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव एमआर मीणा मीणा से भी वार्ता की। इस दौरान राय ने मानगो नगर निगम का कचरा प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाने और आवश्यक उपाय करने की बात नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के सामने रखी। प्रधान सचिव ने इस पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त को भी इस बारे में आवश्यक निर्देश दिया।

सरयू राय ने उन्हें बताया कि वर्ष 2011-12 से मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा और जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र के घरों से निकलने वाला कचरा टाटा स्टील यूआईएसएल के बारा कांप्लेक्स, सिदगोड़ा में गिराया जाता था। इसके बाद टाटा स्टील यूआईएसएल ने सोनारी के मरीन ड्राईव के किनारे एक स्थान चिन्हित किया, जहां जेएनएसी और मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा डंप किया जाता था। ये जमीन भी टाटा स्टील की थी। अप्रैल 2023 में सोनारी के कतिपय नागरिक इस समस्या को लेकर एनजीटी मे समक्ष गये। वजह था कचरा प्रबंधन का सुचारू नहीं होना। उन्होंने कहा कि कचरे के ढेर में आग लग जाता है और आसपास के रिहायशी इलाकों में लगातार प्रदूषण फैलता है।

एनजीटी ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि वे कचरा निष्पादन का वैकल्पिक उपाय करें। दोनों संस्थानों ने एनजीटी के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी और कचरा निष्पादन के लिए वैकल्पिक स्थान शीघ्र खोजने का आश्वासन दिया।

### मानगो जमशेदपुर का जुड़वा शहर : सचिव

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव से कहा कि मानगो जमशेदपुर का जुड़वां शहर है। मानगो से टाटा स्टील का सीधा सम्बंध है। मानगो होकर इनका भारी वाहन कंपनी में आता है। मानगो होकर उनके पेयजल का पाईपलाईन डिमना लेक से आता है। मानगो में इनका बहुत बड़ा यातायात डिपो है तथा इनके अन्य हितों से भी मानगो जुड़ा हुआ है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि जेएनएसी की तरह मानगो नगर निगम का कचरा भी टाटा स्टील यूआईएसएल के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जाय। यही इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। जरूरत पड़े तो सरकार वहां कचरा निस्तारण की एक मशीन लगा दे, ताकि वहां कचरा का ढेर न लगे। नगर विकास विभाग ने इस पर सहमति जतायी। फिलहाल मानगो का कचरा जिन स्थान पर निष्पादन हो रहा है वह इसका स्थायी समाधान नहीं है।

### एक सप्ताह बाद फिर से करेंगे वार्ता : विधायक

सरयू राय ने कहा कि विभागीय प्रधान सचिवों के स्तर पर जो आश्वासन दिये गये हैं, उसके क्रियान्वयन के संबंध में एक सप्ताह बाद वह फिर से उनसे वार्ता करेंगे। इस बात का प्रयास करेंगे कि मानगो का कचरा निष्पादन का ठोस हल निकले और मानगो नगर निगम क्षेत्र में और जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था सस्ते दर पर सुचारू रूप से हो जाए, तकनीकी बाधाओं को शीघ्र दूर कर लिया जाये।

## झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनेगी जयपाल सिंह की जयंती



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि तीन जनवरी को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस व 1925-2025 ऑक्सफोर्ड ब्लू खिताब का स्वर्णिम समारोह के रूप में मनाया जायेगा। इस मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत करते हुए जायेंगे। आंदोलनकारी लाल व हरे रंग का झंडे लिए रहेंगे। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, संयोजक रामनाथ मेहता शामिल थे।

जेएमएम छात्र मोर्चा मिला स्वास्थ्य सचिव से

# बीएससी नर्सिंग का दाखिला ओपन करने की मांग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएमएम छात्र मोर्चा (जेसीएम) रांची विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह से मिला। उन्हें बताया गया कि झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बीएससी नर्सिंग की सीटें रिक्त रह गयी हैं और अभ्यर्थी नामांकन लेने को इच्छुक हैं लेकिन परसेंटाइल का बेरियर होने के कारण बहुत से बच्चे पास नहीं कर पाये हैं। परिणाम स्वरूप सीटें रिक्त रह गयीं है। ऐसे में परसेंटाइल को जीरो कर सभी लोगों को नामांकन लेने का अवसर दिया जाना चाहिये, ताकि सीट भी रिक्त न रहे एवं अभ्यर्थियों को पढ़ने का अवसर भी मिल सके। पूर्व में भी झारखंड छात्र मोर्चा ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं कल्याण मंत्रालय के मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर मामले से उन्हें अवगत कराया है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने मोर्चा के सदस्यों से कहा कि एक सप्ताह में इस दिशा में छात्रहित का ध्यान रखकर निर्णय लिया जायेगा। मिलने वालों में जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी सचिव असद फेराज टिंकू उपाध्यक्ष भास्कर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआई में सीएसआर पर कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा पिछले दशक में की गयी निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के प्रभाव की समीक्षा और आकलन करने के लिए संस्थान के स्वर्णरेखा हॉल में सीएसआर एपेक्स समिति के सदस्यों और क्षेत्रीय संस्थान के स्तर पर उप-समिति के सदस्यों के लिए सीएसआर पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (एचआरडी/ सीएसआर) आरके महापात्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सीएसआर परियोजना की पहचान, कार्यान्वयन, सर्वोत्तम प्रथाएं और उभरते रूझान और सीएसआर नियम/ ऑडिट/ जिम्मेदारियां थीम पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए गए।

मौके पर संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रोएक्टिव सीएसआर हमें संभावित सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान करने और उन्हें सम्बोधित करने, सामाजिक दायित्वों को पूरा करने, पीएसयू की सार्वजनिक धारणा को बढ़ाने एवं उन्हें जिम्मेदार और नैतिक संगठनों के रूप में चित्रित करने में मददगार साबित हो सकता है। यह सकारात्मक छवि प्रतिभा को आकर्षित कर सकती है एवं ग्राहक निष्ठा बढ़ा सकती है तथा हितधारकों के साथ रिश्ते मजबूत कर सकती है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार कॉरपारेट के रूप में सीएमपीडीआई को सामुदायिक विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदार होने और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए सीएसआर परियोजनाओं की समय पर पहचान और अनुमोदन की आवश्यकता है।

कृषि मंत्री ने किया निदेशालय का औचक निरीक्षण, कहा-बदलनी होगी कार्य संस्कृति

# झारखंड में एक एकड़ से कम वाले निजी तालाब का भी किया जायेगा जीर्णोद्धार: शिल्पी नेहा तिर्की

- कर्मियों और अधिकारियों की छट्टी पर रहने पर मंत्री ने जतायी नाराजगी
- सब्जियों की एमएसपी तैयार करने में जुटा है कृषि विभाग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को कांके रोड स्थित कृषि भवन (कृषि निदेशालय) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि 50 फीसदी कर्मी छुट्टी पर हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि कार्य संस्कृति बदलनी होगी। क्रिसमस या नये साल के साथ दूसरे पर्व भी मनाना जरूरी है, पर इसका काम पर असर नहीं पड़ना चाहिए। मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड में अब 1 एकड़ से कम में बने तालाब का भी सरकार जीर्णोद्धार करेगी। अगले वित्त वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। नये निर्देश के अनुसार अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम 1 एकड़ और अधिक से अधिक 5 एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग के द्वारा आने वाले समय में सब्जियों के एमएसपी तय करने की दिशा में काम करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसे सब्जियों की दर दूसरे राज्य के व्यापारी आकर कम कर रहे हैं। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है।

औचक निरीक्षण करने पहुंची मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर जाने को लेकर नाराज दिखीं। उन्होंने कहा कि आज जब मैं यहां पहुंची हूं तो 50 प्रतिशत कर्मी और अधिकारी 15 से 20 दिन के अवकाश पर हैं। झारखंड में पहले से ही सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति गड़बड़ रही है। इसमें सुधार जरूरी है और ऐसा करके हम विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कर सकते है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट राशि को खर्च करने के साथ-साथ अगले वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी में सभी को जुट जाना होगा। औचक निरीक्षण के दौरान जैविक खेती को लेकर दी गई जानकारी पर भी मंत्री आश्चर्य चकित दिखीं। उन्होंने कहा कि इसके बारे में कितने लोग जानते हैं। पैकेजिंग, शॉर्टिंग और ग्रेडिंग को लेकर मंत्री ने जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड का उदाहरण दिया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब दूसरे विभाग के द्वारा ये किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं?

उद्यान विभाग के द्वारा 27 एकड़ में बनाए जाने वाले हाई टेक नर्सरी में स्थानीय 2 से 3 हजार ग्रामीणों को रोजगार देने का भी निर्देश मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन करते हैं। ऐसे में हाई टेक नर्सरी में उनके रोजगार को सुनिश्चित कर पलायन को रोका जा सकता है।

# साक्षी बनी मिस ब्यूटीफुल और कार्तिक को मिस्टर हंक का खिताब

### कार्निवल में कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की रही धूम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में कार्निवल के चौथे दिन सोमवार को भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। मुख्य आकर्षण युवकों और युवतियों के लिए रांची की मिस ब्यूटीफुल और मिस्टर हंक प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को रैंप पर कैटवॉक करना था। चुने गये प्रतिभागियों को निर्णायकों के प्रश्नों का जवाब देना था। इस प्रतियोगिता में रांची की मिस ब्यूटीफुल का खिताब साक्षी ने जीता। जबकि रांची के मिस्टर हंक का खिताब कार्तिक के नाम रहा। मिस ब्यूटीफुल प्रतियोगिता के अन्य विजेताओं में रोशन और युवी और मिस्टर हंक के अन्य विजेताओं में प्रिया और शीतल शामिल थे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में बेबी चटर्जी और जयंत मिश्रा उपस्थित थे।

इसके पूर्व सुबह में बेस्ट पेंटिंग प्रतियोगिता और बेस्ट टैटू प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इसके बाद का समय दंगल टाइम का था। मिस बैगवती में महिलाओं को अपने हैंड बैग की नुमाइश करते हुये रैंप पर कैटवॉक करना था। झूठी खाली थी कसम, प्रतियोगिता में लोगों को बड़ा से बड़ा झूठ बोलने की चुनौती थी। इसके बाद ऋषभ ने स्टैंड अप कॉमेडी पेश कर लोगों को लोटपोट कर दिया। बेस्ट कपल डांस में ढेर सारे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तेरे वास्ते फलक से मैं चांद लाऊंगा गाने की धुन पर कपल डांस करते दिखे। आज के आउटफिट कंपटीशन का थीम ब्लू कलर था। बड़ी संख्या में लोग ब्लू रंग के कपड़े पहन कर आये थे। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा शाहदेव, लोकेश चौधरी,अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या, पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं अन्य उपस्थित थे।



# नगर विकास विभाग की पहल : कचहरी चौक-चडरी का इलाका होगा विकसित

### जुडको के इंजीनियर तैयार कर रहे डिजाइन, सड़कें भी होंगी चौड़ी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी की हृदयस्थली कही जानेवाले इलाकों को नये सिरे से डेवलप किया जायेगा। नगर विकास विभाग के निर्देश पर जुडको के अभियंता लगातार इन इलाकों का सर्वे कर रहे हैं और चौक-चौराहों व सड़कों के विकास के लिए डिजाइन को अंतिम रूप देने का प्रयास हो रहा है। नगर विकास विभाग जल्द ही प्रमुख इलाकों को विकसित करने के लिए इंजीनियरों से डिटेल रिपोर्ट मांगी है, ताकि महत्वपूर्ण इलाकों को बड़े व भव्य रूप में विकसित किया जा सके। सड़कों के किनारे ड्रेनेज सिस्टम को भी ठीक किया जायेगा। सड़कों का गुणात्मक सुधार भी किया जायेगा।

**कचहरी चौक के पूरे इलाके को बदलने की तैयारी** : सरकार ने राजधानी रांची के प्रमुख सेंटर में से एक कचहरी चौक के इलाके को सबसे पहले विकसित करने की योजना तैयार की जा रही है। उपायुक्त कार्यालय से लेकर कचहरी होते हुए डिविजनल कमिश्नर के कार्यालय तक की पूरी लंबाई में सड़क को विकसित व चौड़ा किया जायेगा। कचहरी चौक को भी सुंदर बनाया जायेगा। वर्तमान में यहां पर काफी भीड़ रहती है। कचहरी आने वाले लोग सड़क किनारे ही वाहन लगा देते हैं। इस कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। कचहरी चौक से चडरी मार्ग को भी विकसित किया जायेगा। इन इलाकों का भी सर्वे किया जा रहा है, जुडको के इंजीनियर लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। आसपास के सरकारी भवनों व उपलब्ध जमीन की स्थिति का भी आकलन किया जा रहा है। सारी रिपोर्ट तैयार होने के बाद प्रस्ताव विभाग को भेजा जायेगा। इसके बाद सरकार से सहमति लेते हुए रिडेवलपमेंट योजना की मंजूरी दी जायेगी।

## सूचना देने वाले को रांची पुलिस देगी 20 हजार का नकद इनाम

# रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में छिनतई व गोलीकांड मामले में एसआइटी गठित

**इन नंबर पर दे पुलिस को सूचना**
रांची एसएसपी : 9431706136
सिटी एसपी : 9431706137
कोतवाली डीएसपी : 943177077

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में पंडरा ओपी इलाके में व्यवसायी से 13 लाख रुपये की छिनतई और विरोध करने पर एक व्यक्ति को गोली मारने की घटना को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया है। पुलिस ने इस मामले की खुलासा करने के लिए एसआईटी का गठन किया है और गश्ती दल में तैनात पदाधिकारी को सस्पेंड कर दिया है।

### क्या है मामला

रांची-पंडरा के ओटीसी ग्राउंड के समीप सोमवार की दोपहर 12:30 बजे आशीर्वाद आटा (आइटीसी कंपनी का फ्रेंचाइजी) के मैनेजर सुमित कुमार गुप्ता से बाइक पर आए तीन अपराधियों में से दो ने 13 लाख रुपये लूट लिए। रुपये लूट कर भागने के दौरान लोटस होटल के मैनेजर सुमित कुमार भी अपराधियों को पकड़ने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। इससे एक गोली लोटस होटल के मैनेजर सुमित कुमार के पेट में लगी, जबकि दूसरी गोली बांह में लगी है।



### एसएसपी ने किया एसआइटी टीम का गठन

इस घटना के बाद रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में एक एसआईटी की टीम का गठन किया है। टीम संभावित ठिकानों पर जाकर जांच कर रही है और अपराधियों के बारे में सुराग जुटाने में लगी हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपराधी कारोबारी का आटा चक्की के पास से ही रेकी करते हुए आ रहे थे। जिसके बाद मौका मिलते ही घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। बताया जा रहा है कि पांच दिन पहले रातू में करीब 14 लाख रुपये की लूट की घटना हुई थी। इसी गिरोह की अपराधियों के द्वारा इस घटना को भी अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है।

उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनकी स्थिति चिंताजनक है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी पिस्का मोड़ की ओर फरार हो गए। वहीं घटना में शामिल अपराधी सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए हैं, जिसके बाद एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने अपराधी का फोटो जारी करते हुए उसे पर इनाम का घोषणा किया है। जो भी व्यक्ति अपराधी के बारे में पुलिस को जानकारी देगा उसे 20 हजार रूपया इनाम दिया जाएगा सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# रवींद्र कुमार बने युवा राजद के रांची महानगर अध्यक्ष



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में सोमवार को प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने संगठन का विस्तार कर युवा राजद के रांची महानगर का अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह को बनाया। ललन यादव, अभिराज राय, राजेश यादव को प्रदेश सचिव के रूप में मनोनित किया गया। राजद के महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव ने जितेंद्र कुमार राणा को रांची महानगर का उपाध्यक्ष मनोनित किया। मौके पर कई युवाओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रवि रंजन कुमार, सिद्धार्थ कुमार समेत दर्जनों युवा शामिल रहे। मौके पर राजद उपाध्यक्षा अनीता यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, महासचिव क्षितिज मिश्रा, रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, सुरेंद्र यादव मौजूद थे।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा- राजधानी रांची में कोई सुरक्षित नहीं

# क्राइम सिटी बन गयी राजधानी रांची जंगलराज की हुई वापसी : संजय सेठ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को रांची राजधानी में लूट की घटना एवं अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े युवक को गोली मारने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि आखिर रांची की पुलिस कर क्या रही है। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं, प्रशासन मौन है। जंगलराज की वापसी हो चुकी है। सरकार को कोई मतलब नहीं। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और अपराधियों का गठजोड़ चल रहा है। राजधानी रांची क्राइम सिटी का अड्डा बन चुका है। इन अपराधियों के सामने सरकार और प्रशासन पंगु बनी हुई है। रांची में कोई भी वर्ग सुरक्षित नही हैं। सभी थाना और अधिकारी बालू के अवैध धंधे में लिप्त है। पैसे की उगाई का खेल चल रहा है। जनता मर रही है और बाबू लोग मस्त हैं। उन्होंने कहा कि रांची में दिनदहाड़े फायरिंग और 13 लाख की लूट हतप्रभ करने वाली है। बीच शहर में कैसे अपराधी तांडव कर रहे हैं, गोलियां चला रहे हैं। पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। ऐसा लग रहा है। जैसे 90 के दशक का जंगलराज वापस आ चुका है।

### मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती 3 को

**रांची।** मुंडा सभा केद्रीय समिति के तत्वावधान में सोमवार को केद्रीय कार्यालय डिबडीह में बैठक हुई। नवीन मुण्डु की अध्यक्षता वाली बैठक में निर्णय लिया गया कि तीन जनवरी को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा का जंयती मनाई जाएगी। सबसे पहले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा स्टेडियम में उनके तीनों प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। उसके बाद सिरोम टोली स्थित मरंग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा चौक पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। मौके पर महासचिव बिलकन डांग, सुभाष कोनगाड़ी, प्रभु सहाय सांगा समेत अन्य शामिल थे।

## कॉमर्शियल बिल्डिंग की पार्किंग का अन्य कार्यों में उपयोग करने वालों को तीन दिनों का अल्टीमेटम

**अपनी गाड़ियों की पार्किंग अपने ही निर्धारित जगह पर करें, सड़कों पर नहीं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम की नजर वैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों (कॉमर्शियल) पर है जो अपने पार्किंग एरिया का उपयोग दूसरे कार्यों के लिए कर रहे हैं। साथ ही अपनी भी गाड़ियों को पार्किंग की बजाय सड़क किनारे खड़ी करते हैं। कई दुकानदार अपने क्षेत्र से बाहर सामान रखकर व्यवसाय कर रहे हैं। इससे ट्रैफिक पर भी असर पड़ रहा है। इसके चलते सफाई के कामों में निगम के कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिससे निगम भी परेशान है। निगम के उप प्रशासक के मुताबिक, इससे भवन प्लान एक्ट तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 का उल्लंघन हो रहा है। इसे देखते निगम ने तीन दिनों की नोटिस जारी करते कहा है कि ऐसे प्रतिष्ठान जो अपने पार्किंग का उपयोग दूसरे कामों के लिए कर रहे हैं, वे ऐसा ना करें। अपनी गाड़ियों की पार्किंग अपने ही निर्धारित जगह पर करें, सड़कों पर नहीं। बिल्डिंग प्लान में निर्धारित पार्किंग एरिया का उपयोग दूसरे किसी कार्य के लिए ना करें। ऐसा नहीं करने पर भवनों को सील करते अन्य कार्रवाई की जाएगी।

# ओपन झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में रांची जिला स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की मेजबानी में सोमवार को झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन फिराया लाल स्थित क्रॉस कोर्ट में संपन्न हुआ। पूरे राज्य भर से लगभग 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें चार पुरुष और चार महिला का चयन किया गया। 38वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 में खेला जाएगा। झारखंड स्क्वैश टीम की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैं महिला टीम- आदया बुधिया, ब्रीया शर्मा, किरीसा जालान, पीरिसा अग्रवाल पुरुष-विराज गुप्ता, शिवेश कनोइ, वेदांत अग्रवाल, अद्वितीय तनेजा खेलेंगे। इस मौके पर रांची जिला स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के सचिव आशीष कुमार बनर्जी, क्रास कोर्ट के आर्यन, सुभाष गांगुली, भागवत महतो आदि मौजूद थे।

## पारा शिक्षक नेता सिद्दिक शेख का निधन, रिम्स में ली अंतिम सांस

**रिम्स के न्यूरो वार्ड में थे भर्ती 25 दिसंबर को हुआ था ब्रेन हैमरेज**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राज्य इकाई सदस्य सिद्दिक शेख का सोमवार को रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह रिम्स के न्यूरो वार्ड में भर्ती थे। 25 दिसंबर को उनको ब्रेन हैमरेज हुआ था। बताते चलें कि सिद्दिक शेख सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष थे। उनके निधन से पारा शिक्षकों में शोक की लहर है।

सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य इकाई सदस्य सिद्दिक शेख के निधन से सहायक अध्यापकों में मायूसी छा गई है। राज्य इकाई सदस्य हृषिकेश पाठक ने इस दुःख को सांगठनिक क्षति के साथ ही व्यक्तिगत क्षति माना है। साथ ही राज्य सरकार से मांग की है कि उनके आश्रितों को जल्द से जल्द अनुकंपा का लाभ मिले।

# पारस हॉस्पिटल ने दो टुकड़ों में बंटे किडनी के मरीज की बचायी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पारस हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डॉ सौमिक चटर्जी ने गिरिडीह के रहने वाले 25 वर्षीय युवक की जान बचाई है। युवक का एक्सीडेंट होने के कारण किडनी क्षतिग्रस्त हो गया और किडनी के दो टुकड़े हो गये थे। इस कारण पेट में ब्लीडिंग तेजी से हो रहा था। मरीज को सांस लेने में परेशानी हो रही थी और उसका ऑक्सीजन लेवल लगातार गिर रहा था। जब मरीज अस्पताल पहुंचा तो उसका हार्ट रेट 170 था। तुंरत मरीज का सीटी स्कैन किया गया। पता चला कि किडनी दो टुकड़ों में टूट गए है एवं छाती के अंदर रक्त प्रवाह होने में कारण हेमोथोरेक्स हो रहा है। तीन घंटे पेट का ऑपरेशन चला। क्षतिग्रस्त किडनी को हटाया गया। जहां पर अधिक ब्लीडिंग हो रही थी, उसे रोका गया। छाती में चेस्ट ट्यूब डाला गया। एक अत्यावश्यक लैपरोटॉमी और नेफरेक्टोमी की गई। रीनल हिलम में सक्रिय उछाल के साथ लगभग 1.5 लीटर रक्त को नियंत्रित किया गया। एक चेस्ट ड्रेन भी डाला गया और एक लीटर एकत्रित रक्त निकाला गया। मरीज दो दिनों तक आईसीयू में रहा। इसके बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर घर चला गया।

# सीसीएल अंतर-क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 : हजारीबाग क्षेत्र विजेता




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल ने अंतर-क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता-2024 का आयोजन 26 से 29 दिसंबर, 2024 तक अरगडा क्षेत्र के गिद्दी-सी फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। इस टूनामेंट में सीसीएल के विभिन्न कमांड क्षेत्रों की 12 टीमों ने भाग लिया। सभी मैच लीग प्रारूप में खेले गए। टूनामेंट का उद्घाटन 26 दिसंबर को अरगडा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार झा ने किया।

सेमीफाइनल मुकाबले 28 दिसंबर को हुए। इसमें बरका सयाल क्षेत्र और हजारीबाग क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 29 दिसंबर को फाइनल मुकाबले और समापन समारोह का आयोजन गिद्दी-सी फुटबॉल मैदान में हुआ। हजारीबाग क्षेत्र की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बरका सयाल क्षेत्र की टीम को 1-0 से पराजित कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

समापन समारोह के दौरान सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की उपस्थिति में हजारीबाग क्षेत्र को अगले वर्ष के सीसीएल अंतर-क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। निदेशक ने खिलाड़ी, कोच और सभी सहभागी टीमों को खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### व्यक्तिगत पुरस्कार और सम्मान

मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब हजारीबाग क्षेत्र के आनंद कुमार ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हजारीबाग क्षेत्र के गुणीलाल मांझी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का सम्मान बरका सयाल क्षेत्र के रमेश हांसदा को मिला। सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार बरका सयालक्षेत्र के राजू मुर्मू को प्रदान किया गया।

## मत्स्य विभाग का गढ़वा जिला स्तरीय कार्यशाला

# मछली पालन की आधुनिक तकनीक अपनायें: डीडीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गढ़वा।** जिला मत्स्य कार्यालय की ओर से सोमवार को गढ़वा के पुराना समाहरणालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कौशल किशोर तथा मनीष कुमार भी उपस्थित थे। इसके साथ ही विभिन्न प्रखंडों से आये हुये करीब 250 मत्स्य कृषक, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य मित्र, केज पालक शामिल हुये। गौरतलब है कि विगत दिनों विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में सभी जिलों में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को धनराज कापसे ने भी संबोधित किया। उप विकास आयुक्त ने गढ़वा जिले के अनराज जलाशय में 30 केज लगाने की घोषणा की। ताकि मत्स्य पालक गढ़वा जिले मत्स्य उद्योग के रूप में अपनी पहचान बना सकें। कार्यशाला में चन्देश्वरी साहनी ने भी मत्स्यपालकों को संबोधित किया। मौके पर मत्स्य कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही मत्स्य बीज उत्पादन का फीड बैक लिया गया।

### बीआइटी मेसरा के संगीत क्लब ध्वनि ने मूड इंडिगो कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**रांची।** बीआईटी मेसरा के संगीत क्लब ध्वनि ने 24 से 27 दिसंबर 2024 आयोजित हो रहे कार्यक्रम मूड इंडिगो की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। मूड इंडिगो आईआईटी बॉम्बे में आयोजित होने वाला एशिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक महोत्सव है। इस कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी कला और कौशल प्रदर्शन करते हुए दो छात्रों ने द्वितीय और तृतीय प्राप्त किया। रामेंद्र प्रियांशु ने एमआईट्यून्स (गायक और गीतकारों के लिए आयोजित एक प्रतियोगिता) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रेम कात्यायन ने वर्चुओसो (वाद्य यंत्र वादकों के लिए आयोजित एक प्रतियोगिता) में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ वामदलों ने निकाला प्रतिरोध मार्च

- कहा- भाजपा सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा किया गया बाबा साहेब का अपमान निंदनीय है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** वामदलों ने सोमवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर पर किए गए अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ निकाला गया। इसका नेतृत्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी की केंद्रीय कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन, भारती कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव सुखदेव लोहार ने किया।

**बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान :** वामपंथी नेताओं ने कहा कि देश को मनुवाद की ओर ले जाने की पुरजोर कोशिश करने वाली भाजपा सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा किया गया बाबासाहेब का अपमान निंदनीय है। यह साबित करता है कि वह भारत के संविधान को पूरी तरह से बदलकर मनुस्मृति को इस देश में लागू कर देना चाहते हैं। इसके खिलाफ देश की वामपंथी पार्टियों ने पूरे देश में गृह मंत्री इस्तीफा दो के नारे के साथ आज का दिन विरोध के लिए चुना। यह संकल्प किया कि ये देश संविधान से चलेगा ना की मनुस्मृति से। इस दौरान बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, गृह मंत्री इस्तीफा दो, संविधान जिंदाबाद, मनुवाद मुदार्बाद आदि नारों के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। मौके पर अजय सिंह, मोहन दत्त, एकके राय, बिना लिंडा, नंदिता भप्ताचार्य, शांति सेन, एती तिर्की, मेवा लकड़ा, जगरनाथ उरांव, गौतम मुंडा, छोटू राम महतो, इनामुल हक, रमेश कुमार, अधिवक्ता मो कुरैशी, समर सिन्हा, भीम साहू आदि मौजूद थे।

# निशान साहिब को माला पहना कर प्रभातफेरी का श्रद्धा भाव से श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

- 6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा सातवें दिन सोमवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर नरेश पपनेजा, सरदार गुरदीप सिंह मल्होत्रा, भगवान दास मुंजाल, दिलीप सिंह, अशोक मुंजाल, कुलदीप बेदी, बी.आर मग्गो, सरदार गुरमीत सिंह, मनोहर लाल जसूजा की गलियों से होते हुए प्रकाश गिरधर, सोनू खुराना, गुलशन मुंजाल के फ्लैट से होकर हरविंदर सिंह बेदी, दीन दयाल काठपाल की गली होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंचकर सुबह 8.20 बजे समाप्त हो गई। सभी श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों के सामने निशान साहिब को माला पहना कर और प्रभात फेरी पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा भाव से स्वागत किया। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से कुशल मंगल की अरदास की।

**6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा :** सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह के 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभात फेरी का समापन कल 31 दिसंबर को होगा तथा 6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में रात 8:00 बजे से 1.00 बजे तक कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जाएगा तथा रात 12:00 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 4 जनवरी को रखे जाने वाले श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग होगा।

# तिरुपति बालाजी मंदिर में सोमवती अमावस्या पर हुआ विशेष अनुष्ठान

- सुख- सौभाग्य में वृद्धि की कामना से सुहागिनों ने की भगवान श्रीवेंकटेश्वर की प्रदक्षिणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सोमवार को पड़ने वाली सोमवती अमावस्या तिथि में तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रातः भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलशासनम, वेंकटेश स्तोत्रम आदि विधान के बाद षोडषोपचार विधि से तिरु आराधना हुआ। भगवान को नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई । इसके बाद पोंगल, खीर, फल व मेवा का भोग लगा। विविध पूजाक्रम के प9ात आम श्रद्धालुओ की प्रातः सात बजे से दिन के 12 बजे तक और संध्या 4 बजे से 7 बजे तक भीड़ लगी रही। पितृदोष निवारण और पितरों की सद्गति प्राप्ति के लिये देवशिरोभूषण भगवान श्रीवेंकटेश्वर की भक्तों ने अष्टोत्तरशतनाम की अर्चना करायी। सोमवती अमावस्या शुभफलकारक है। इसीलिये सुहागिनों नें अखंड सुहाग ए सौभाग्य की प्राप्ति और संतान सुख के लिए जगत जननी जगदंबिका महारानी श्रीलक्ष्मी जी सहित श्रीविष्णु की प्रसन्नता के लिये कुंकुम से लक्ष्म्यष्टोत्तर शतनाम की अर्चना कराकर परिक्रमा की ।

अर्चक- सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और गगन मिश्र ने दिनभर के आयोजित अनुष्ठान को पूर्ण करके अनंतकाल से शेषशैय्या पर शयन करने वाले भगवान श्रीमन्नारायण का पंखा आदि झलकर केसर युक्त दूध का पान कराया। गद्दा तकिया आदि बिस्तर लगाकर भगवान को गर्म सॉल ओढ़ाया और समग्र भारत और झारखंड वासियों के सुख .शांति एवं समृद्धि के लिए शुभकामना किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम अवतार नरसरिया, प्रदीप नरसरिया,अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह,ओम प्रकाश गाड़ोदिया, सुशील गाड़ोदिया, प्रभास मित्तल, शंभू नाथ पोद्दार आदि बहुतायत संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# उरांव समाज का अंतरराष्ट्रीय कुड़ुखर कोहा बेंजा समारोह 12 जनवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हेहल जतरा स्थल मैदान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने सोमवार को प्रेस वार्ता की। जिसमें बताया गया कि दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय कुडुखर कोहा बेंजा (हड़गड़ी) समारोह 12-13 जनवरी को मनाया जाएगा। यह बिहार के रोहतासगढ़ किला में आयोजित होगा। जिसमें कहा कि उरांव समाज का सामाजिक धार्मिक पहचान है। इसे बचाये रखने के लिए पड़हा पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। पड़हा राजाओं से सलाह ली जाएगी।

कहा कि 2025 की जनगणना में धार्मिक पहचान को लिपिबद्ध कराया जाएगा। इसके लिए उरांव समाज द्वारा गांवों में प्रचार प्रसार शुरू किया जाएगा। उरांव समाज से विश्वनाथ तिर्की ने कहा कि 13 जनवरी को कोहा बेंजा (हड़गड़ी) कार्यक्रम होगा। इसमे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश पश्चिम बंगाल और असम से उरांव समाज के लोग शामिल होंगे। इसमें सभी एक साथ अपने पूर्वजों को यादकर श्रद्धाजलि अर्पित करेंगे।

### पुरखों ने समृद्ध संस्कृति दी है : शिवा कच्छप

केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि रोहतासगढ़ आदिवासियों का धार्मिक स्थल है। इसे बचाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। हक अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी। आदिवासी समाज प्रकृति के रक्षक हैं। संस्कृति ही आदिवासियों की पहचान है। इसे संजोकर रखना होगा। पुरखों ने समृद्ध संस्कृति दी है। इसे बचाकर रखना है। मौके पर सरना धर्म गुरू राजेश लिंडा, संयोजक विश्वनाथ तिर्की, राजकुमार पाहन, अरविंद तिर्की, जनार्दन टाना भगत, शिवा कच्छप, धर्मु तिर्की, सुकरा तिर्की व निरज मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

# स्थानीय लोगों की सहयोग से मृतक का हुआ दाह संस्कार

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को एक वृद्ध (60) की मौत हो गई। यह वृद्ध काफी समय से प्रखंड कार्यालय परिसर में ही टूटे और खराब पड़े भवनों के बरामदों में रहता था। उसका और कोई भी नहीं था। लोगों को उसका नाम भी मालूम नहीं था। वह आसपास से कचड़ा बीनकर उससे अपना गुजारा करता था। वह काफी समय से बीमार भी था। बीती रात उसकी तबियत ज्यादा खराब हो गई सबेरे लोगों ने उसे मृत पाया। स्थानीय लोगों के सहयोग से व्यक्ति का दाह संस्कार किया गया। इस काम में मुरी पश्चिमी पंचायत के पुर्व मुखिया संवत बड़ाइक, मनोज रजक सहित कई लोगों ने योगदान किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आचार्य प्रदीप कुमार को सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची के माध्यमिक खण्ड के विज्ञान (रसायन शास्त्र) आचार्य प्रदीप कुमार के सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार की ओर से 30.12.2024 (सोमवार) को उन्हें विदाई दी गई। विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की शुभ कामना की। विद्यालय के सह मंत्री डा. धनेश्वर महतो ने उन्हें अंग वस्त्र प्रदान किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष एस वेंकट रमण ने उन्हें समिति द्वारा प्रदत राशि प्रदान किया। विद्यालय के आचार्य कल्याण निधि के संयोजक लाल अशोक नाथ शाहदेव ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के समिति के सदस्य विजय केशरी, आशीष नाथ शाहदेव, नर्मदेश्वर मिश्र, प्राचार्य ललन कुमार, उप प्राचार्य मीना कुमारी तथा सभी आचार्यगण उपस्थित रहे।

# युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत पन्नालाल महतो और जलेश महतो : अनुराधा

**अनगड़ा।** प्रखंड के सालहन गांव निवासी पन्नालाल महतो तथा मानकी दीपा सिलवे निवासी जलेश महतो को जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिप सदस्य ने कहा कि दोनों क्षेत्र के युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा के श्रोत हैं पन्नालाल महतो पिता हरिपाल महतो तथा जलेश महतो पिता राजाराम महतो ने युजीसी नेट जेआरएफ में सफलता हासिल की हैं। पन्ना लाल महतो वर्तमान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में नागपुरी भाषा विभाग में शोधार्थी हैं। युवा समाज सेवी रामसाय मुंडा संजय नायक संतोष महतो ने भी दोनों को बधाई दी है।

# विनिता सिंघानियां बनीं श्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष, समर्पण शाखा बनी श्रेष्ठ महिला शाखा

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन गांधीधाम गुजरात में राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सुरेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। रांची समर्पण शाखा ने इसमें अपना परचम लहराया। सत्र 2023-24 के वितरित पुरस्कारों में शाखा अध्यक्ष सह मंडल की उपाध्यक्ष युवा विनिता सिंघानिया को पूरे राष्ट्र में श्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सत्र 2023-24 हेतु रांची समर्पण शाखा को पूरे राष्ट्र में श्रेष्ठ महिला शाखा के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तत्कालीन शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला के नेतृत्व में शाखा को सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा, सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा अध्यक्ष समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ब्रह्माकुमारी संस्थान पिठौरिया में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर संस्थान की संचालिका बीके राजमती बहन ने कहा कि पुराने स्वभाव, संस्कार एवं व्यर्थ के चिंतन तनाव, नशा और जीवन के समस्त बुराइयों को त्याग कर आने वाले नए युग, नए विचार और नए उमंग उत्साह और अपने जीवन में सद्गुणों को धारण कर हमें नया वर्ष मनाना है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह विशेष फरिश्ता बनने का माह है। जनवरी माह में शांति का टावर, पवित्रता का टावर और शक्ति का टावर है। हम सबको नए साल में इस शक्ति को प्राप्त कर पूरे संसार में फैलाना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीके रेखा, उषा देवी, लक्ष्मी देवी, शकुंतला देवी, रीता देवी, बसंती देवी, लीला देवी, ऊर्मिला देवी, कविता सेन आदि कई लोग उपस्थित थे।

# जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम.......

- श्रीश्याम मंदिर हरमू रोड में सोमवती अमावस्या के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम....... शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको देवो श्याम...... के ताली कीर्तन से हरमू रोड का श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सोमवती अमावस्या पर खाटूनरेश के महास्नान अनुष्ठान उत्सव का। श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुआ। प्रातः मंगल आरती व बाल भोग करके बाबा के गर्भगृह में परदा लगा दिया। दूध, दही, गंगाजल, शहद, केशर, इत्र, गुलाबजल, चीनी, गुड़ के महामिश्रण से खाटूनरेश को महास्नान कराया गया। डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा बागा खाटूनरेश को पहनाया गया। गुलाब के विशेष रुह से खाटूनरेश का मसाज किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को भी नवीन डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा नया पौशाक पहनाया गया। कोलकाता से विशेष फूल - लाल गुलाब, रजनीगंधा, सफेद स्टार, पीला स्टार, तुलसीदल, पीला गेंदा की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान रिद्धी-सिद्धी, लड्डू गोपाल, शालीग्रामजी, गरुड़जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, प्राचीन तेल चित्रों व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रशान्त खेमका, वन्दना खेमका, प्रवीण अग्रवाल, श्यामसुंदर जोशी, सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### पहली जनवरी को विशेष कार्यक्रम

श्रीश्याम मित्र मण्डल, द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में विशेष कार्यक्रम होंगे। खाटूनरेश सहित सभी देवी-देवताओं का अनोखा विशेष श्रृंगार होगा। 101 दीप जलाए जाएंगे। खाटूनरेश को बुंदिया का सवामनी का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

# हुंडरू फॉल में पर्यटकों का अतिथि देवो भवः के तर्ज पर होगा स्वागत

**सिकिदिरी।** हुंडरू फॉल में सोमवार को नव वर्ष में पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को लेकर पर्यटन कर्मी, स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों की बैठक सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में हुई। संचालन बालेश्वर बेदिया ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि नववर्ष में पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय पर्यटन कर्मी मिलकर काम करेंगे। पर्यटकों का स्वागत अतिथि देव भवः के तर्ज पर किया जाएगा। उनके साथ मधुर व्यवहार और सहयोग किया जाएगा। निर्णय लिया गया है कि पर्यटन स्थल में नशापान, शराब बिक्री, प्लास्टिक-थर्मोकोल प्लेट का उपयोग, डीजे साउंड पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। नव वर्ष पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग करने वाले, तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने वाले पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, बबीता देवी, सचिमोहन कुमार, पवन भोगता, नित्यानंद बेदिया, हरिचरण बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, मदन कुमार बेदिया, दसैया बेदिया, शुभम बेदिया, मंगलदास हजाम, जितवाहन भोगता आदि उपस्थित थे।

# जिंदल स्टील फाउंडेशन पतरातु की सीएसआर टीम ने बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी सिल्ली का किया भ्रमण



**सिल्ली।** पतरातु स्थित जिंदल स्टील फाउंडेशन के सीएसआर प्रबंधक राहुल कुमार एवं स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर शशि प्रसाद केशरी पतरातु में चयनित तिरंदाज प्रशिक्षु एवं उनके अभिभावकों के साथ सोमवार को सिल्ली स्थित बिरसा मुंडा आर्चरी एकाडमी पहुंचे जहां उन्होंने केंद्र मे खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों से मिला वहीं केंद्रीय में मौजूद सुविधाओं एवं खिलाड़ियों के उपलब्धियों को जाना। कोच प्रकाश राम व शिशिर महतो ने बताया कि विगत दिनों सिल्ली एकाडमी के सौजन्य से पतरातु में 15 दिवसीय तीरंदाजी शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें कोच के रूप में सिल्ली केंद्र से रोहित और विवेक शामिल हुए थे। जहां 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। अब यह 10 खिलाड़ी जिंदल स्टील प्लांट के सीएसआर मद से बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे इसके लिए उन बच्चों के अभिभावक और जिंदल की टीम ने आज सिल्ली में भ्रमण किया और यहां के सुख सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर अधिकारियों ने सिल्ली आर्चरी केंद्र के उपलब्धियों से काफी प्रभावित हुए एवं उन्होंने कोच एवं खिलाड़ियों की सराहना की। इस मौके पर आर्चरी एकाडमी के कोच एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन 5 जनवरी को

- वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा संपर्क के लिए पोस्टर बैनर का किया गया विमोचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय शिवगंज हरमू रोड में सोमवार को पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 5 जनवरी को अरगोड़ा पुंदाग में राज्य का सबसे बड़ा राधा-कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा संपर्क हेतु पोस्टर बैनर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी शिव धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन 5 जनवरी को प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद महाराज के कर कमलों द्वारा तथा प्रणामी समाज के संत महात्माओं की उपस्थिति में होगा। साथ में 5 जनवरी से 8 जनवरी तक चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा, वाणी चर्चा एवं बीतक कथा तथा परमहंस संत शिरोमणि डॉ स्वामी श्री सदानंद महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कर कृष्ण अमृत कथा एवं परम पूज्य श्री श्री 108 श्री मोहन प्रियाचार्य महाराज के मुखारविंद से तारतम वाणी तथा अन्य संत महात्माओं के द्वारा दिव्य प्रवचन किया जाएगा। विमोचन कार्यक्रम में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सह कोषाध्यक्ष नंदकिशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विशाल जालान, विष्णु सोनी, चिरंजी लाल खंडेलवाल, दीपक चौधरी, संजय सर्राफ सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# वक्फ बिल संशोधन के विरोध में मुस्लिम अधिकार मंच की जनसभा को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से की मुलाकात



**इटकी।** वक्फ संपत्तियों पर खतरे और वक्फ बिल संशोधन के विरोध में मुस्लिम अधिकार मंच के बैनर तले इटकी में 9 फरवरी को होने वाले विशाल जनसभा को लेकर मुस्लिम अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से मिला और वक्फ बिल और जनसभा को लेकर चर्चा की। मौके पर चर्चा में मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है साथ ही जनसभा को महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह सिर्फ मुस्लिम समाज के उत्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी समुदायों के न्याय और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है। इस मुद्दे को लेकर को लेकर मुख्यमंत्री से मंत्रणा कर समर्थन दिलाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुस्लिम अधिकार मंच के अध्यक्ष अफसर इमाम, उपाध्यक्ष मुर्तजा आलम, समाजसेवी यीशु बेलस मौजूद थे।

# नये वर्ष में आयकर घटेगा!

देश में आयकर घटाने की तैयारी हो रही है। फरवरी के बजट में 15 लाख रुपये सालाना तक की आय वाले व्यक्तियों के लिए इनकम टैक्स में कटौती पर विचार कर रही है। इसका मकसद मध्यम वर्ग को राहत देना और खर्च बढ़ाना है, क्योंकि धीमी आर्थिक बढ़त और महंगाई ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। यह जानकारी दो सरकारी अधिकारियों ने रॉयटर्स को दी। देश का मध्यम वर्ग मोदी सरकार से ठगा महसूस कर रहा है। साथ ही आर्थिक विकास दर लगातार कम हो रही है क्योंकि लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। हालांकि, इसका लाभ उन्हें ही मिलेगा जो 2020 में शुरू की गई नई टैक्स प्रणाली अपनाते हैं जिसमें हाउस रेंट और बीमा जैसी छूट शामिल नहीं हैं। भारत में करदाताओं के पास दो टैक्स सिस्टम का विकल्प है। पुरानी प्रणाली में हाउस रेंटल और बीमा जैसी छूट मिलती है। नई प्रणाली (2020 से लागू): इसमें टैक्स दरें थोड़ी कम हैं, लेकिन प्रमुख छूटें नहीं मिलतीं।नई प्रणाली के तहत, 3 लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर 5% से 20% तक टैक्स लगता है। 15 लाख रुपये से अधिक आय पर 30% टैक्स दर लागू होती है। सूत्रों ने बताया कि टैक्स कटौती के आकार पर अभी फैसला नहीं हुआ है। इस पर अंतिम निर्णय 1 फरवरी को बजट के करीब लिया जाएगा। भारत को इनकम टैक्स का बड़ा हिस्सा उन लोगों से मिलता है, जिनकी आय 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। इन पर 30% की टैक्स दर लागू होती है। मध्यम वर्ग के हाथों में ज्यादा पैसा आने से अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिल सकती है। फिलहाल, भारत की अर्थव्यवस्था जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है, जुलाई-सितंबर तिमाही में सात तिमाहियों में सबसे धीमी गति से बढ़ी। सरकार पर बढ़ते टैक्स और वेतन में धीमी बढ़ोतरी को लेकर सरकार कठघरे में है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक.2.6.8

वृष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक.4.6.8

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक.5.7.8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक.4.6.7

सिंह : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक.2.5.6

कन्या: 'आगे आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक.4.5.7

तुला : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक.3.5.7

वृश्चिक : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक.2.4.6

धनु: जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक.4.6.7

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक.1.3.5

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक.3.4.6

मीन : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक.2.4.6

# कई घटनाओं ने आने वाले वर्ष 2025 का संकेत दे दिया

**राष्ट्रीय,** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घटी कई घटनाओं ने भविष्य के लिए बड़े संकेत दिये हैं। वर्ष 2024 ने भारतीय परिदृश्य को एक नया मुकाम दिया वहीं कई कीर्तिमान भी ध्वस्त किये।

भारत की दृष्टि से देखें तो यह साल इसलिए अहम रहा क्योंकि पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी के रूप में कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आया। हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी।

साल 2024 देश दुनिया के लिए कई अहम घटनाओं से भरा रहा। राजनीतिक तौर पर देखें तो दुनिया के कई देशों में सरकारें बदल गयीं तो कई देशों में सत्तारुढ़ दलों को बड़ा झटका लगा। महंगाई, बेरोजगारी के साथ ही दुनिया तमाम तरह के द्वंद्वों से भी जूझती रही। शांति को तरजीह देने की बात करने वाले इस विश्व में जहां इस साल और संघर्ष बढ़े वहीं मौसम ने भी ऐसा तपाया कि दुनिया में यह वर्ष सबसे ज्यादा गर्म के तौर पर दर्ज हो गया। भारत में साल की शुरूआत में हिट हुआ अबकी बार 400 पार का नारा तो चुनावों में पिट गया लेकिन साल के अंत में सामने आया बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लोगों का जोरदार समर्थन मिला है। आइये एक नजर डालते हैं बीत रहे साल 2024 की बड़ी घटनाओं पर।



### नरेंद्र मोदी

भारत की दृष्टि से देखें तो यह साल इसलिए अहम रहा क्योंकि पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी के रूप में कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आया। हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी लेकिन जनता ने उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को शासन करने के लिए स्पष्ट जनादेश दिया। भाजपा का 'अबकी बार 400 पार' का नारा पूरी तरह विफल रहा और उसे सरकार चलाने के लिए चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों का लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन रहा। खासतौर पर कांग्रेस ने एक दशक में अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए 99 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की।

### राहुल गांधी

साल 2024 कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए बेहद खास रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव में हार का



- नीरज कुमार दुबे

> हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी लेकिन जनता ने उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को शासन करने के लिए स्पष्ट जनादेश दिया। भाजपा का 'अबकी बार 400 पार' का नारा पूरी तरह विफल रहा और उसे सरकार चलाने के लिए चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा।

सामना करना पड़ा था, वहीं इस बार वह केरल की वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से रिकॉर्डतोड़ मतों से जीते। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने भाजपा की स्मृति ईरानी को हरा दिया। बाद में राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सांसदी बरकरार रखी। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनाये गये जोकि उनके राजनीतिक जीवन में अब तक का सबसे बड़ा पद रहा।

### अरविंद केजरीवाल

इस साल लोकसभा चुनावों से ठीक पहले शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी बड़ी राजनीतिक घटना रही। उन्होंने इस्तीफे की मांग को दरकिनार करते हुए जेल से सरकार चलाने का रिकॉर्ड भी बनाया। हालांकि जमानत मिलने पर बाहर आये केजरीवाल ने अपना इस्तीफा देकर आतिशी को मुख्यमंत्री बना दिया। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को फिर से नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है।

### ओडिशा की राजनीति

लोकसभा चुनावों के साथ हुए ओडिशा के विधानसभा चुनावों में इस बार बड़ा फेरबदल देखने को मिला। ओडिशा की सत्ता पर दो दशक से ज्यादा समय से काबिज नवीन पटनायक की बीजू जनता दल को इस बार हार का सामना करना पड़ा। खुद दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने वाले नवीन पटनायक एक सीट पर चुनाव हार गये। ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए राज्य में सरकार बनाई।

### आंध्र प्रदेश में सत्ता परिवर्तन

2024 में आंध्र प्रदेश में भी सत्ता परिवर्तन हुआ। लोकसभा चुनावों के साथ ही कराये गये आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में टीडीपी-जन सेना और भाजपा के गठबंधन ने कमाल कर दिखाया और अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। चंद्रबाबू नायडू राज्य के मुख्यमंत्री और जन सेना के पवन कल्याण उपमुख्यमंत्री बनाये गये।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव

लोकसभा चुनावों के ठीक बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले रहे। कांग्रेस के पक्ष में आंधी होने की खबरों के बीच भाजपा का लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटना राजनीतिक रूप से तो ऐतिहासिक रहा ही साथ ही इन परिणामों ने निराश महसूस कर रही भाजपा में नई जान फूंक दी। हरियाणा चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटेंगे तो कटेंगे का जो नारा दिया उससे हिंदू समुदाय भाजपा के पक्ष में एकजुट हो गया और इसका असर महाराष्ट्र में भी दिखाई दिया।

### महाराष्ट्र के सत्ता समीकरण

महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले रहे। खास बात यह रही कि लोकसभा चुनाव में जहां महाराष्ट्र में महायुति को निराशा हाथ लगी थी तो वहीं विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने दिल खोलकर भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को अपना समर्थन दिया। महाराष्ट्र में लगातार तीसरी बार भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। इस बार देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे तथा अजित पवार उपमुख्यमंत्री बने।

### हेमंत-कल्पना हीरो बनकर उभरे

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए साल 2024 बेहद उतार-चढ़ाव वाला साबित हुआ। साल 2024 में उनकी गिरफ्तारी हुई। उन्होंने अपनी जगह चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। जमानत मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर वापसी की तो चंपई सोरेन उनका साथ छोड़कर भाजपा में चले गये। इस साल विधानसभा चुनावों में उनके नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और वह एक बार फिर मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए।

## लेटर टू एडिटर

### राजनीति के अटल

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उनके योगदान को सराहा गया है। अटल जी ने राजनीति में शुचिता और तर्कपूर्ण संवाद को बढ़ावा दिया। उनका कार्यकाल विपक्ष की आलोचनाओं का सम्मानपूर्वक उत्तर देने का उदाहरण था। उन्होंने संविधान के मूल्यों का संरक्षण किया और भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जैसे संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देना।

**- जयभगवान, जमशेदपुर**

### वैक्सीन में स्वावलंबी

भारत में बढ़ते कैंसर के मामलों को देखते हुए रूस द्वारा विकसित कैंसर रोधी वैक्सीन से कुछ हद तक नियंत्रण संभव हो सकता है। संजय वर्मा के आलेख ह्यकैंसर के खिलाफ जंग में जगी उम्मीदेंह्न में इसे मानव कल्याण के लिए जीवन रक्षक बताया गया है। हालांकि, भारत के वैज्ञानिकों को इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखना चाहिए, ताकि हम इस मामले में भी स्वावलंबी बन सकें। **-रविकांत, रांची**

## X ट्वीट

**आकांक्षी** जिला भ्रमण के दौरान आज नंदुरबार (महाराष्ट्र) में नारीशक्ति दूध संकलन केंद्र, काकरदे का अवलोकन किया। मातृशक्ति के द्वारा संचालित इस केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर तैयार हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों को उत्तम गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद भी उपलब्ध हो रहे हैं।

**-संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री**

**जम्मू**-कश्मीर के पुंछ में आर्मी वैन के एक्सीडेंट होने से कई जवानों के शहादत की खबर बेहद दुखद है।

शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# मोदी सरकार का बड़ा कदम, अमेरिका-भारत कारोबार होगा 17 लाख करोड़ के पार

एक रिपोर्ट के मुताबिक 163 भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में $40 बिलियन याने करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश किया।

**निमिष कुमार**

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका यात्रा से पहले, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को अमेरिकी के शीर्ष राजनयिकों के साथ बैठक कर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। देश मंत्रालय ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि जयशंकर 24 से 29 दिसंबर तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की यात्रा से पहले मिस्त्री ने सोमवार को विदेश मंत्रालय के मुख्यालय फॉगी बॉटम में उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और प्रबंधन उप मंत्री रिचर्ड वर्मा के साथ बैठक की। बैठकों में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी मौजूद थे।

यूएस के उप मंत्री रिचर्ड वर्मा ने कहा कि हम आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और सभी के लिए समृद्धि पर आधारित अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले दिन में वर्मा ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ प्रख्यात भारतीय थिंक-टैंक विशेषज्ञों के एक समूह की मेजबानी की। वर्मा ने कहा कि ये बैठकें व्यापार, रक्षा, लोगों से लोगों के बीच संबंधों और वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता पर हमारी प्रगति का जश्न मनाने के लिए थीं।

### कितना है भारत-अमेरिका के बीच कारोबार

अमेरिका-भारत संबंधों को लेकर प्रस्तुतिकरण में वर्मा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार जहां 2000 में 20 अरब अमेरिकी डॉलर था, यह आंकड़ा 2023 में बढ़कर 195 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान रक्षा व्यापार शून्य से बढ़कर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 200 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद है।

## आर्थिक

> अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 2000 में मात्र 54,664 थी जो 2023 में बढ़कर 3,30,000 से अधिक हो गई है, जबकि भारतीय प्रवासियों की आबादी जहां 2000 में 19 लाख थी, अब बढ़कर 50 लाख से अधिक हो गई है। बाइडन-हैरिस प्रशासन ने रिकॉर्ड संख्या में 130 भारतीय-अमेरिकियों को उच्च पदों पर नियुक्त किया है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अमेरिका, भारत में ऋष्क्षका तीसरा सबसे बड़ा स्रोत था, जिसमें 4.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर याने करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये भारत में आए। जो कुल ऋष्क्षइक्विटी प्रवाह का लगभग 9% था। अप्रैल 2023 में जारी उक्क्ष के एक अध्ययन के अनुसार, 163 भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में $40 बिलियन से अधिक का निवेश किया और 425,000 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियाँ सृजित कीं।

वित्त मंत्रालय और यू.एस. अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त सहयोग के बीच 2022 में इक्विटी निवेश, सह-बीमा, अनुदान, व्यवहार्यता अध्ययन और तकनीकी सहायता को सक्षम करने के लिए एक निवेश प्रोत्साहन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जनवरी 2024 तक, उत्र्छ का भारत पोर्टफोलियो 100 से अधिक परियोजनाओं में लगभग 4.0 बिलियन था।

### 50 लाख से ज्यादा भारतीय है अमेरिका में, 50 हजार से साढ़े तीन लाख हो गए स्टूडेंट

अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 2000 में मात्र 54,664 थी जो 2023 में बढ़कर 3,30,000 से अधिक हो गई है, जबकि भारतीय प्रवासियों की आबादी जहां 2000 में 19 लाख थी, अब बढ़कर 50 लाख से अधिक हो गई है। बाइडन-हैरिस प्रशासन ने रिकॉर्ड संख्या में 130 भारतीय-अमेरिकियों को उच्च पदों पर नियुक्त किया है।

सैन्य अभ्यास के मुद्दे पर आज भारत, अमेरिका का प्रमुख साझेदार है। भारत सरकार की लॉस एंजिलिस और बोस्टन में दो भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना है, जबकि अमेरिकी सरकार, बेंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना बना रही है।

# 2024 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पहले चुनाव की दुनिया में चर्चा

## विदा 2024

### जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पहले चुनाव

जम्मू-कश्मीर में भी इस साल विधानसभा के चुनाव कराये गये। यह चुनाव इस मायने में ऐतिहासिक रहे कि उम्मीदवारों की तो रिकॉर्ड संख्या रही ही साथ ही मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। एक दशक बाद हुए राज्य विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस ने शानदार जीत हासिल की और उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बने।

### प्रियंका गांधी वाड्रा की नई पारी

यह साल गांधी परिवार के लिए काफी खास रहा क्योंकि जहां लोकसभा चुनावों से पहले सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा की सदस्यता हासिल की वहीं राहुल गांधी दो लोकसभा सीटों से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके अलावा, नेहरू-गांधी परिवार की एक अन्य सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा भी संसदीय राजनीति में प्रवेश करने में सफल रहीं। लोकसभा चुनाव में दो सीटों से जीत हासिल करने के बाद जब राहुल गांधी ने वायनाड को छोड़ दिया तो वहां हुए उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत हासिल की और पहली बार लोकसभा पहुँचीं।

### राम लला की प्राण प्रतिष्ठा

साल 2024 की सबसे प्रमुख घटना 22 जनवरी को हुई जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इस दौरान पूरा देश राममय हो गया था और दुनिया के हर कोने में मौजूद सनातनी जश्न मनाते दिखे। शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच रामलला अपने भव्य गर्भगृह में विराजमान हुए तो लगा कि त्रेता युग लौट आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष मुहूर्त में भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की।

### पेपर लीक के मामले सामने आये

इस साल पेपर लीक के कई मामले सामने आये। परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी के मामले भी सामने आये जिससे छात्रों के बीच रोष देखा गया और देशव्यापी प्रदर्शन भी हुए। खासतौर पर ठएएळ (वक्र) 2024 के परिणाम को लेकर काफी विवाद हुआ और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचा। इसके अलावा यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल, यूपी समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी, राजस्थान दरोगा भर्ती आदि कई परीक्षाओं के दौरान पेपर लीक की घटनाओं ने व्यापक तौर पर असंतोष पैदा किया।

### जम्मू में आतंकी हमले

इस साल जून में जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला कर दिया, जिसमें नौ लोग मारे गए और 33 घायल हो गए। इसके अलावा भी जम्मू क्षेत्र में आतंक की कई घटनाएं देखने को मिलीं।

### वायनाड में तबाही

जुलाई महीने में केरल के वायनाड में भारी बारिश के चलते कई जगहों पर भूस्खलन हुआ, जिसमें चार गांव-मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा पूरी तरह बह गए। इस घटना में सैंकड़ों लोगों की जान चली गई।

### कोलकाता की हृदय विदारक घटना

इस साल कोलकाता से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त की रात को एक ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव बरामद किया गया था। डॉक्टर के शरीर पर चोट के निशान थे। जांच में पता चला कि डॉक्टर से बलात्कार के बाद हत्या की गई। इस घटना को लेकर देशभर में डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया।

### हाथरस में भगदड़

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में जुलाई महीने में एक धार्मिक आयोजन के दौरान मची भगदड़ में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद भोले बाबा नाम के व्यक्ति को न्यायिक आयोग के सामने पेश किया गया था।

### संघर्षों में उलझी दुनिया

वैश्विक स्तर पर देखें तो इस साल रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास युद्ध तो चलता ही रहा साथ ही इजराइल-ईरान, इजराइल-लेबनान के बीच भी जमकर संघर्ष हुआ। इजराइल ने हमास और हिज्बुल्ला के शीर्ष नेतृत्व को पूरी तरह खत्म कर दिया। सीरिया में भी बशर अल असद का शासन खत्म हुआ। इसके अलावा, महंगाई तथा अन्य मुद्दों पर नाराजगी के चलते जनता ने ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार को सत्ता से हटा दिया। वहीं अमेरिका में सत्तारुढ़ दल की उम्मीदवार कमला हैरिस की बजाय जनता ने विपक्षी उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को एक बार फिर राष्ट्रपति चुन लिया। साथ ही बोत्सवाना, पुर्तगाल, पनामा और दक्षिण कोरिया की सरकारों को भी जनता ने बदल दिया। इसके अलावा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और भारत में सत्तारुढ़ दलों को चुनावी झटके लगे। एकमात्र रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ही दुनिया में ऐसे राजनेता रहे जोकि रिकॉर्डतोड़ मतों से जीत कर अपनी सत्ता बरकरार रखने में सफल रहे।

### भारत के पड़ोसी देशों का हाल

इसके अलावा, भारत के पड़ोस में देखें तो चुनावों के बाद जहां पाकिस्तान और श्रीलंका में नई सरकार बनी वहीं नेपाल में प्रचंड की सरकार गिरने के बाद केपी शर्मा ओली नये प्रधानमंत्री बने। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को विरोध प्रदर्शनों के आगे घुटने टेकने पड़े और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद शेख हसीना अगस्त माह से ही भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बने।

एक नजर में

## मक्का मदीना से हज उमरा कर लौटे यूसुफ साहब का मुनेजा खातून व मो. कयूम ने किया भव्य स्वागत



स्वागत करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही के कोनरा निवासी जनाब यूसुफ साहब और उनकी पत्नी, जो हाल ही में मक्का मदीना से हज-ए-उमरा की पवित्र यात्रा संपन्न कर लौटे, उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्या मुनेजा खातून और अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो. कयूम ने अपने समधी और समधन का हार्दिक स्वागत किया। यूसुफ साहब और उनकी पत्नी ने हज-ए-उमरा के दौरान पवित्र मक्का और मदीना की जियारत की, जहां उन्होंने देश, समाज और मानवता की खुशहाली और अमन-चैन के लिए विशेष दुआएं कीं। यह यात्रा उनके लिए अत्यधिक आध्यात्मिक और भावनात्मक अनुभव रहा। उनके इस धार्मिक कर्तव्य को संपन्न कर लौटने पर पूरे परिवार और स्थानीय समुदाय ने खुशी जाहिर की। स्वागत समारोह के दौरान मो. कयूम ने कहा कि हज-ए-उमरा की यात्रा इस्लाम धर्म में एक विशेष महत्व रखती है। यह एक ऐसा अवसर है, जहां हर मुसलमान अपने जीवन के पापों से मुक्त होने और अल्लाह के करीब आने का प्रयास करता है। हम यूसुफ साहब और उनकी पत्नी को इस मुकद्दस यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए दिल से मुबारकबाद देते हैं। पूर्व जिला परिषद सदस्या मुनेजा खातून ने कहा कि यूसुफ साहब और उनकी पत्नी ने हज के दौरान समाज और समुदाय के बेहतर भविष्य के लिए जो प्रार्थनाएं की हैं, वह हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह उनकी धार्मिक आस्था और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दशार्ता है।

## कहा गए आरोपी, जमीन खा गयी या आसमान निगल गया

# एसआईटी की टीम ट्रैक करने में नाकाम !

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अशोक कुमार पर उनकी पत्नी अनीता कुमारी को जलाकर मारने का आरोप लगा है। 26 दिसंबर 2024 को अनीता संदिग्ध परिस्थितियों में आग से गंभीर रूप से झुलस गईं और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अनीता के भाई, राजू कुमार गुप्ता, ने अशोक कुमार और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ लोहसिंघना थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने अनीता को जिंदा जलाने का आरोप लगाया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरविंद कुमार सिंह ने सदर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जो इस घटना की विस्तृत जांच कर रहा है। नामजद के खिलाफ धरपकड़ को लेकर एसआईटी की टीम लगातार छापेमारी मर कर रही है ऐसी सुचना है पर अभी तक कोई भी नामजद पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। ज्ञात हो की मृतका के परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोहसिंघना थाना के सामने प्रदर्शन किया था। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने आश्वासन दिया था कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब सुचना आ रही है की एफएसएल की टीम ने सोमवार को 1 घंटे तक एसडीओ आवास की जांच की। इस दौरान उन्होंने घर के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज लेनी चाहिए. जो एक अहम् सुराग हो सकता था।



जांच करने पहुंची टीम

### सामने क्यों नहीं आ रहे एसडीओ

सबसे बड़ी बात है कि हर छोटे बड़े मौको पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले एसडीओ अशोक कुमार सामने क्यों नहीं आ रहे है ये समझ से परे है। उनपर हत्या करने का आरोप लगा है, ये कोई मजाक नहीं है। अगर वे बेगुनाह है, तो किस बात का डर। इस कद के अधिकारी का इस तरह से सामने ना आना समाज में कोई अच्छा उदहारण पेश नहीं करता है। एक तो वे अपनी पत्नी की अंत्येष्टि में भी नहीं पहुंचे जिसके कारण उनके गांव के ग्रामीणों में भारी रोष था। लोगो का कहना था की अगर वे दोषी नहीं है तो उन्हें सामने आना चाहिए था।

उनके इस तरह से सामने ना आना शुरू शुरू में आम रूप से दिखने वाला दुर्घटना एक सोची समझी घटना की इशारा कर रहा है। एसडीओ के साथ जिन अन्य लोगो पर अनीता देवी को जलाकर मारने का आरोप उनके ससुराल वालो के द्वारा लगाया गया है उन सबो की भी गिरफ्तारी नहीं हुयी है।

एसडीओ ने खुद एक बयान में कहा था कि घर की सीसीटीवी फुटेज से सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन मजेदार बात ये है की एसडीओ जैसे बड़े अधिकारी के घर का भी डीबीआर खराब निकला। पहले मॉर्निंग वाक से मना करने पर अनीता का आग लगा लेना, फिर बोरसी तापते वक़्त आग लग जाना और अब घर के सीसीटीवी का डीबीआर खराब होना और सबसे बाड़ी बात जिस बोरसी के बारे में अशोक कुमार के पिता ने बात की थी उसका घर में ना मिलना निश्चित ही किसी षड्यंत्र की इशारा कर रहा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यशाला का हुआ आयोजन



कार्यशाला में शामिल

**रामगढ़।** सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत मत्स्यजीवी एवं दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां हेतु एवं कम्प्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स पर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कहा कि देश के विकास में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान होना है। पैक्स के माध्यम से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं लेकिन इसे और भी गति देने के लिए कंप्यूटराइजेशन बेहद जरूरी है। मौके पर उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी को बताई जा रही बातों को ध्यानपूर्वक सुनते एवं जल्द से जल्द सभी पैक्स, सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। कार्यशाला के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा जानकारी दी गई की सहकार से समृद्धि योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से जिले के सभी पैक्सों का कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। जिसके उपरांत पैक्स द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जा सकेगी वहीं कार्य प्रणाली में भी सुधार आएगा। वही मत्स्य पालन एवं गव्य विकास सहित अन्य संबद्ध विभागों के किसानों को भी सहकारी समिति के रूप में विकसित एवं उनका कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित पैक्स अध्यक्षों, प्रतिनिधियों, मत्स्य, गव्य सहकारी समितियों को पैक्सों के कंप्यूटराइजेशन के तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

## माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड क्षेत्र के सिलवार हजारीबाग में स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल से 27 छात्र एवं छात्राएं 28वे ऑल इंडिया इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता में रांची मे आयोजित प्रतियोगिता मे भाग लिये और योग में अपनी उत्कृष्ट कला कौशल का प्रदर्शन कर आठ पुरस्कार हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 28 एवं 29 दिसंबर 2024 को देशप्रिया क्लब फिरायालाल चौक रांची में आयोजित की गई थी विद्यार्थियों ने जिस उत्साह एवं जोश से अपनी प्रतिभा को दर्शाकर अपने विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय के बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के निदेशक महोदय शशि शंकर प्रसाद, प्राचार्य आर.के. सिंह, आर.एम. प्रार्थना मिश्रा , और शिक्षकों ने स्कूली बच्चे के उत्कृष्ट प्रदर्शन उन्हे बधाई दिया साथ ही खेल शिक्षक सागर कुमार को विशेष रूप से बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना किया। पुरस्कार जीतने वाले बालक वर्ग में जिज्ञास सिंह तृतीय स्थान, पार्थ सेमवाल छठा स्थान ,आशीष कुमार आठवां स्थान कौशिक हजोंग आठवां स्थान, सक्षम सिंह नवां स्थान, गोपाल कृष्णा दसवां स्थान, बालिका वर्ग आयु में प्रांजल चौधरी, छठा स्थान. और पिहू रानी दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## जंगली हाथियों ने चहारदीवारी तोड़कर 5 क्विंटल धान खाये

**कुजू।** जंगली हाथियों ने क्षेत्र के छोटकी डुंडी पंचायत के सार्जनबेडा में बीती रात जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान यहां के मोतीलाल महतो के चहारदीवारी और घर को तोड़ कर अंदर में रखे करीब पांच क्विंटल धान को खा गये। वहीं बारी में लगे मिर्चा की फसल को भी बर्बाद कर दिया। इस संबंध भुक्तभोगी परिवार ने बताया है कि रात्रि करीब 2:45 बजे हाथी कंडेर जंगल की ओर से जंगली हाथियों के झुंड पहुंचकर हमारे धान और फसल का नुकसान कर दिया। उन्होंने वन विभाग ने क्षतिपूर्ति की मांग की है।



गिरा चहारदीवारी

## मानव तस्करी मामले में लोगों को सतर्क रहने की है जरूरत : गणेश



गणेश यादव व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** जन विकास केंद्र हजारीबाग द्वारा महिला एवं बाल व्यापार रोकथाम एवं पुनर्वास कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बरही पूर्वी सचिवालय में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मानव तस्करी के खतरों को उजागर करना और इसके रोकथाम के उपायों पर चर्चा करना था। कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं ने मानव तस्करी से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव ने कहा कि मानव तस्करी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से उन लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है जो रोजगार की तलाश में बाहर जाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे केवल परिचित और विश्वसनीय व्यक्तियों के साथ ही बाहर जाएं। सपोर्ट संस्था से प्रेम हंसदा ने बताया कि नाबालिग बच्चे फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से गलत संगत में पड़ जाते हैं, जिससे वे मानव तस्करी का शिकार बनते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। पत्रकार जावेद इस्लाम ने बताया कि सोशल मीडिया मानव तस्करी का एक बड़ा जरिया बन चुका है। इसके माध्यम से बच्चे एक-दूसरे से संपर्क कर यौन शोषण और मानव तस्करी जैसी घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जिला कोऑर्डिनेटर सुरेश कुमार ने मानव तस्करी के कारणों पर प्रकाश डालते हुए ग्राम स्तरीय निगरानी समितियों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जागरूकता और सतर्कता से इन घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यशाला में कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए, जिनमे राजाराम बेसरा और सोहन हंसदा (जन विकास केंद्र), जेएसएलपीएस से जेंडर सीआरपी प्रियंका कुमारी, रीना देवी और ललिता देवी, ग्राम स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य मौजूद थे।

## प्रशिक्षु आईपीएस सह प्रखंड विकास पदाधिकारी लोंकेश बारंगे ने किया स्वास्थ्य केन्द्रो का निरिक्षण

**दारू।** सहायक समाहर्ता -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारंगे द्वारा सोमवार को प्रखंड अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दारू एवं महेशरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेटो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सहायक समाहर्ता-सह - प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू, द्वारा कर्मियों की उपस्थिति पंजी, दवाईयों की उपलब्धता, भंडार पंजी जांच की गई एवं मरीजों को दी जाने वाली प्रिस्क्रिप्शन की एक प्रति सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## पुलिस ने मृतक प्रकाश ठाकुर का स्कॉर्पियो डमोल इचाक से किया बरामद

**बड़कागांव।** चेपाकला गांव में 29 नवंबर की रात्रि को प्रकाश ठाकुर के घर में ही घुसकर उसकी गोली मारकर हत्या कर देने मामले का खुलासा धीरे-धीरे अब सामने आने लगा है। एसडीपीओ पवन कुमार के द्वारा गठित पुलिस टीम ने रविवार को छापेमारी कर प्रकाश ठाकुर की हत्या के पश्चात अपराधियों द्वारा प्रकाश ठाकुर की स्कॉर्पियो लेकर फरार हो जाने मामले का खुलासा पुलिस द्वारा की गई है। उक्त आशय की जानकारी बड़का गांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने दी है। पुलिस ने पत्रकारों को बताया कि मृतक प्रकाश ठाकुर की हत्या कर फरार आरोपी ड्राइवर ओमप्रकाश सिंह उर्फ गब्बर सिंह पिता स्व जुगल किशोर सिंह ग्राम -डमोल इचाक (इचाक खुर्द) थाना सिमरिया, जिला चतरा निवासी को पकड़ा गया है, स्कॉर्पियो को भी बरामद कर लिया गया है। कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार ड्राइवर को हजारीबाग जेल भेज दिया है।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने कमर कसी

# समय सीमा के अंदर सदस्यता पूर्ण करें: राकेश



मौके पर उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झंडा चौक स्थित सांसद कार्यालय में सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु सदस्यता जिला टोली एवं मंडल टोली की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला संयोजक दामोदर सिंह द्वारा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि बतौर प्रदेश संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित हुए एवं विशिष्टअ तिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद ने कहा की समय सीमा के अंदर हजारीबाग में सदस्यता पूर्ण कर लेनी है ।सदस्यता कार्यक्रम 2 सितंबर से की जानी थी परंतु झारखंड के साथ-साथ चार राज्यों में चुनाव होने के कारण विधिवत 22 दिसंबर 24से शुरू की गई जो 15 जनवरी25 तक चलेगा ।इसके पहले मंडल एवं जिला स्तर पर कार्यशाला भी की गई प्रत्येक बुथों पर दो सक्रिय सदस्य बनाने का भी निर्देश दिया गया इस तरह मंडल में काम से कम 100 सक्रिय सदस्य बनना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, रेणुका साहू, भानुमति पासवान, जयनारायण प्रसाद, कुणाल दुबे, प्रकाश कुशवाहा, तनवीर अहमद, ऋषि शर्मा, अशोक कुशवाहा, बाल गोविंद सोनी, रिंकी विश्वकर्मा, सोनी, राजेश चंद्रवंशी, तरुण कसेरा, रिंकू वर्मा के साथ-साथ जिले के सभी मंडलों के मंडल टोली के सदस्य उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# साप्ताहिक परेड एवं सभा का आयोजन

## सभा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने किया कई समस्याओं का निराकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों में अनुशासन एवं उनकी शारीरिक दक्षता को बनाये रखने एवं कल्याण कार्य हेतु पुलिस केन्द्र रामगढ़ में 30 दिसंबर को साप्ताहिक परेड एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। सप्ताहिक परेड में जिले के पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों, सभी थाना / ओपी प्रभारियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा बेहतर परेड करने वाले पदाधिकारी सअनि तहसीन अहमद गोला थाना के मनोबल को बनाये रखने हेतु एक सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया। परेड समाप्ति के उपरांत पुलिस सभा का संचालन पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र रामगढ़ द्वारा करया गया । जिसमें पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को होने वाली समस्याओं को विस्तार से सुना गया। इस दौरान 1. पुलिस लाईन में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी को अन्यत्र थाना/ओपी में प्रतिनियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया 2. पुलिस केन्द्र के बैरक की मरम्मती, पुलिस क्लब के निर्माण / मरम्मती एवं शौचालय का निर्माण 3. एसीपी/एमएसीपी का लाभ प्रदान करने हेतु मनोनयन भेजने 4. रामगढ़ जिला के सभी थानों / ओपी के सीएनओ को बदली करने का अनुरोध किया गया 5. रामगढ़ / बरलंगा थाना, कुजू/वे०बो० ओपी द्वारा स्कोर्ट के लिए अतिरिक्त वाहन की मांग की गई 6. साथ ही विभिन्न थाना प्रभारी के द्वारा अपने थाना में अतिरिक्त पदाधिकारी के पदस्थापन का अनुरोध किया गया, जिसपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अविलम्ब पदाधिकारियों का पदस्थापन हेतु अश्वासन आदेश दिया गया 7. गार्ड बदली करने का अनुरोध किया गया 8. पुलिस केन्द्र में नया बैरक निर्माण करने के लिए 9. सभी थानों में महिला आरक्षी के पदस्थापन 10. समय से कमान बदली करने जैसी समस्याओं के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा पुलिस सभा के दौरान ही बहुत सी समस्याओं का निदान किया गया तथा पुलिस कर्मियों के गार्ड बदली व समय से कमान बदली को लेकर परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र रामगढ़ को निर्देश दिया।



सभा में शामिल पुलिस अधीक्षक व अन्य



परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

# नववर्ष पर हजारों लोग मां छिन्नमस्तिके की पूजा कर नये वर्ष की शुरूआत करते हैं







छोटू पंडा, माता का मंदिर व पवन कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** नववर्ष आगमन को लेकर रजरप्पा मंदिर में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। रजरप्पा मंदिर देशभर में धार्मिक के साथ-साथ धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यहां की मनोरम वादियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। नववर्ष पर हजारों लोग मां छिन्नमस्तिके की पूजा कर वर्ष की शुरूआत करते हैं। यहां जो एक बार आते है वे बार-बार आने का इच्छा जाहिर करती है। खूबसूरत वादियों, घने जंगलों और पहाड़ों के बीच कलकल बहती दामोदर और भैरवी नदी का संगम आकर्षक का केंद्र रहता है। भैरवी नदी के ठंडे पानी से नहाने का यहां अलग ही मजा है। यहां के मनोरम वादियों के बीच लोग अपने परिजनों के साथ पिकनिक मनाते हैं। असम में कामाख्या मंदिर के बाद इसे दूसरा तीर्थ स्थल के रूप में माना जाता है। कहते हैं कि यहां सच्ची भक्ति के साथ मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। चितरपुर निवासी सह पवन सारेगामा के निदेशक पवन कुमार का कहना है कि नये वर्ष की शुरूआत मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा - अर्चना के साथ करते है। नववर्ष में प्रत्येक साल सपरिवार रजरप्पा मंदिर पहुंच कर मां भगवती से आशीर्वाद लेते है। उन्होंने कहा कि मां की कृपा से सभी मनोकामना पूरी होती है। मां छिन्नमस्तिके देवी की दर्शन मात्र से ही मन को अलग सुकून और अनुभूति मिलता है। इसीलिए प्रत्येक वर्ष सह परिवार के साथ रजरप्पा पहुँचते है।

**मंगल आरती के साथ शुरू होगा नववर्ष 2025 :** साल के पहले दिन मंगल आरती के साथ छिन्नमस्तिका मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पूजा अर्चना के बाद मंदिरों का दर्शन कर श्रद्धालु नए साल का शुरूआत करते है।

**छोटू पंडा, पुजारी, छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा**

**सुरक्षा का रहता है व्यापक इंतजाम :** नववर्ष को लेकर छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र में भारी संख्या में लोग पूजा और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। इसके लिए मंदिर न्याय समिति व प्रशासन द्वारा सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ताकि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं एवं सैलानियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। इसके अलावे असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी। ताकि किसी प्रकार की परिस्थितियों में से निपटा जा सके। उन्होंने नव वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने की अपील की।

## जतराटांड़ में यज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक, कमिटी गठित

**कुजू।** करमा उत्तरी पंचायत के जतराटांड़ के ग्रामीणों ने रविवार को बजरंगबली मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नरेश मुंडा एवं संचालन अशोक कुमार मुंडा ने किया। इस दौरान बैठक में शामिल ग्रामीणों ने आगामी दिनों मंदिर परिसर में हनुमान जी का भव्य यज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ यज्ञ में होने खर्च को लेकर बड़ी राशि संग्रह करने पर चर्चा किया गया। जबकि यज्ञ को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक रामेश्वर मुंडा, अशोक कुमार मुंडा, दशरथ मुंडा, अध्यक्ष नरेश मुंडा, उपाध्यक्ष सुमन कुमारी, सचिव मोहरलाल महतो, उप सचिव रूमा कुमारी, कोषाध्यक्ष सुभाष मुंडा को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।

## पत्रकार के पिता नारायण नाथ तिवारी के निधन से कोयलांचल में शोक की लहर

दामोदर नदी तट पर हुआ अंतिम संस्कार, अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़



स्व. नारायण नाथ तिवारी की फाइल फोटो


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड निवासी दैनिक हिन्दुस्तान के भुरकुंडा संवाददाता दुर्गेश नंदन तिवारी के पिता वयोवृद्ध पत्रकार एवं शिक्षक नारायण नाथ तिवारी 93 वर्ष का सोमवार की तड़के सुबह लगभग सवा चार बजे भुरकुंडा स्थित आवास में हृदय गति रूकने से निधन हो गया। उनके निधन से कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, पतरातू, गिद्दी, सयाल-उरमीरी, पतरातू, बरकाकाना सहित हजारीबाग, बोकारो और पूरे रामगढ़ जिला में शोक की लहर है। सोमवार को गिद्दी दामोदर नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र दुर्गेश नंदन तिवारी ने दी।

स्व. नारायण नाथ तिवारी अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री, तीन बहु, नाती-पोता सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गये हैं। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। बताया जाता है कि पत्रकारिता के आदिपुरूष माने जाने वाले स्व. नारायण नाथ तिवारी (नाना तिवारी) कोयलांचल के सबसे पुराने पत्रकार थें।

स्पीड न्यूज

## चंदवारा पूर्वी के पंचायत सचिव पर अबुआ आवास में अवैध वसूली का आरोप



**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा पूर्वी के वार्ड संख्या 07 के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि शंकर दास ने पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास में अवैध वसूली को लेकर कोडरमा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। आवेदन में कहा है कि विगत कई दिनों से चन्दवारा पूर्वी पंचायत के पंचायत सचिव मुकेश कुमार दास के द्वारा पंचायत में अनेकों प्रकार के मनमाने कार्य किये जा रहे हैं। वार्ड सदस्यों एवं प्रतिनिधियों को नजर अंदाज करते हुए योजनाओं को मनमानी तरीके से करते हैं और बाद में पूछे जाने पर धमकी व अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कहते हैं कि हमारा काम करने का तरीका यही है, तुम लोगों को जो करना है करो। साथ ही चन्दवारा पूर्वी पंचायत में विगत माह से गरीब अबुआ आवास के लाभुकों से मनमाने तरीके से मोटा रकम वसूला जा रहा है। लाभुकों द्वारा रकम ना देने पर उन्हें गाली-गलौज भरे शब्दों में धमकी दी जाती है कि तुमलोगों का बकाया किस्त का भुगतान नहीं होगा। जरूरतमंद लाभुकों को अबुआ आवास न देकर गैरजरूरतमंद लाभुकों को खोज-खोज कर मोटा रकम लेकर अबुआ आवास दिया जा रहा है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में कोई कार्रवाई भी होगी या यूं ही लोगों को प्रताड़ित कर अवैध वसूली का खेल जारी रहेगा।

## अगलगी से लाखों का नुकसान

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के सिहास स्थित पंचर व आटा चक्की मिल की दुकान में आग लगने से करीब लाखों रुपये कीमत का सामान जल गया। फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चला है। शिवपुर पंचायत के सिहास गांव निवासी दुकान संचालक नवीन कुमार ने बताया कि आटा चक्की मिल व टायर पंचर बनाने का काम करता हूं। रविवार की रात अज्ञात कारणों से उसकी दुकान में आग लग गई। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक दुकान में रखे सामान जलकर नष्ट हो गये। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस संबंध दुकान संचालक ने वरीय पदाधिकारियों से मुआवजा की मांग की है।

## मां गंगा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पिकनिक का आनंद लिया

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के मां गंगा पब्लिक स्कूल मधवाटांड़ (पंडियाडीह) में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गिरीडीह जिले के सरिया राजदाहा धाम मंदिर एवं पार्क का भ्रमण किया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने पिकनिक का आनंद उठाया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद यादव ने मंदिर एवं पार्क का भ्रमण कराया एवं जीवन और विशेष रूप से पवित्र स्थलों का दर्शन करवाया। वहीं प्राचार्य श्री यादव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कहा कि शैक्षणिक दौरा में भाग लेने से विभिन्न संस्कृतियों और प्राकृतिक परिदृश्यों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित होने का मौका मिलता है। शैक्षणिक भ्रमण में मुख्य रूप से विद्यालय के निदेशक गंगाधर यादव, शिक्षक शिव शंकर यादव, कौलेश्वर राणा, पिंटू यादव, अजय राणा, शिक्षिका खुशबू शर्मा, बेबी भारती, रामेश्वर राणा, विकास कुमार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## कार ने बिजली पोल में मारी टक्कर

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात एक अर्टिका कर जिसका नम्बर जे एच 12 क्यू 1164 ने बगड़ो से डोमचांच की और आने के क्रम में लठीयोबर में एक बिजली की पोल में जोरदार टक्कर मारी। इससे बिजली पोल टूट कर तार के सहारे खड़ा रहा, नही तो एक बडी घटना घट सकती थी। ग्रामीणों ने बताया कि चालक पूरी तरह से नशे की हालत में है। उसमें बैठे लोग भी घायल हो गए। मौके पर डोमचांच थाना के एएसआई सुबोध पाठक ने सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा।

## मदनगुंडी टोल प्लाजा में स्थानीय वाहनों को हो रही परेशानी : कृष्णा यादव

**चंदवारा (कोडरमा)।** मदनगुंडी टोल प्लाजा में लगातार स्थानीय लोगों और वाहन चालकों से शिकायतें मिल रही हैं कि जेएच 12 नंबर क्षेत्र सहित बरही विधानसभा क्षेत्र के फोर व्हीलर वाहनों को टोल देने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय वाहनों जैसे स्कूल बस, ट्रक, टेलर और पिकअप वैन को भी परेशान किया जा रहा है, जिससे वाहन चालकों के बीच तनाव और लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो रही है। युवा नेता कृष्णा यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर 10 दिसंबर 2024 को एक ज्ञापन टोल प्रबंधक को सौंपा गया था, जिसमें इन समस्याओं का समाधान की मांग की गई थी। आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन अब फिर से परेशान किया जा रहा है। इस मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने 3 जनवरी तक टोल प्रबंधक को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मुद्दे का समाधान नहीं किया जाता तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे और इसका जिम्मेदार टोल प्रबंधक होगा।

### पति-पत्नी की सड़क दुर्घटना मामले में आया नया मोड़

# लोन की राशि माफ करवाने के लालच में पति ने हत्या को दुर्घटना का दिया था रूप : एसपी

- आरोपी पति समेत तीन गिरफ्तार, हत्याकांड में प्रयुक्त बेलोनो कार व मोटरसाइकिल जब्त




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लरियाडीह में बीते दिन हुई सड़क दुर्घटना मामले के अनुसंधान के बाद एक नया मोड़ आया है। पुलिस के अनुसंधान में यह खुलासा हुआ कि यह प्रायोजित सड़क हादसा का मास्टर माइंड मृतका के पति हैं, जो लोन माफ करवाने के लालच में घटना को अंजाम दिया था। पूरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया की बीते 5 दिसम्बर को लरियाडीह के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गयी थी। घटना को लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 258/24 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कांड के अनुसंधान और पर्यवेक्षण के क्रम में यह मामला सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या का मामला प्रतीत होने पर एसडीपीओ अनिल सिंह व थाना प्रभारी सुजित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में पता चला कि मृतका के पति मरकच्चो, बिगहा निवासी कृष्णा यादव, पिता रामेश्वर यादव अपनी पत्नी को पसंद नहीं करता था, दोनों के बीच शादी के बाद से ही विवाद चला आ रहा था, जिसके बाद आरोपी से पूछताछ की गयी। जिसमें उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वह अपनी पत्नी को पसंद नहीं करता था। शादी के बाद भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद चल रहा था, इसी बीच पत्नी के नाम पर लोन से चार पहिया और दो पहिया वाहन और समूह में लोन लिया था, जिसका किस्त जमा नहीं करने पर, उसके किसी दोस्त ने कहा कि यदि तुम्हारी पत्नी की मृत्यु हो जाती है, तो सारा लोन माफ हो जाएगा।

एसपी ने बताया कि लोन की राशि माफ करवाने के लालच में आरोपी ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर पहले अपनी पत्नी का गला घोंट कर हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने की नियत से सड़क दुर्घटना का रूप देने का कार्य किया।

एसपी ने बताया कि आरोपी के स्वीकारोक्ति बयान के बाद हत्याकांड में शामिल दो अन्य आरोपियों मरकच्चो दूधियारो निवासी मो. मिनहाज अंसारी पिता खुसरू अंसारी और मो. सरफराज अंसारी पिता सहादत अंसारी को गिरफ्तार किया गया, साथ ही हत्याकांड में प्रयुक्त बलेनो कार नं. जेएच02 बीडी 4364 और टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल जेएच12ओ 0134 को जब्त किया गया। मौके पर एसडीपीओ अनिल सिंह, थाना प्रभारी सुजित कुमार आदि मौजूद थे।

# एकतरफा प्यार में लड़की के अपहरण का प्रयास

- छह लोग गिरफ्तार, देसी कट्टा, गोली बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** एकतरफा प्यार में लड़की का अपहरण करने के प्रयास में छह लोग गिरफ्तार किये गये हैं, साथ ही देसी कट्टा और गोली बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर को उन्हें सूचना मिली थी कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के गगरेसिंगा में हथियार के बल पर एक लड़की का अपहरण करने का प्रयास किया गया है। इस मामले में मरकच्चो थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो वाहन से भाग रहे छह अपराधियों को पकड़ा गया। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ करने पर मामला एक तरफा प्रेम प्रसंग का पाया गया। अपराधी के द्वारा हथियार के बल पर लड़की का अपहरण कर शादी करने की योजना थी। जबकि अपराधी पूर्व से शादीशुदा है एवं उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई है। मुख्य अपराधकर्मी मनोज कुमार सिन्हा पीड़िता की दीदी का देवर है। पकड़े गए अपराधकर्मी दीपू कुमार सिन्हा के पास से एक जिंदा गोली, मनोज कुमार सिन्हा के पास से दो चिली पाउडर स्प्रे एवं पकड़े गए अपराध कर्मियों की निशानदेही पर एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस के द्वारा मनोज कुमार सिन्हा उम्र 40 वर्ष, पिता रामकिशन प्रसाद सिन्हा गिरिडीह के देवरी निवासी, अभय कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता रणधीर राम गिरिडीह के गांवा निवासी, चंदन कुमार, उम्र 30 वर्ष, पिता स्वर्गीय विनोद विश्वकर्मा बिहार के नालंदा निवासी, दीपू कुमार सिन्हा, उम्र 28 वर्ष, पिता स्व. गोपाल लाल सिन्हा बिहार के नालंदा निवासी, अमित राज, उम्र 19 वर्ष, पिता बबलू साव बिहार के नालंदा निवासी और रितिक कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता स्व. जगन्नाथ लाल बिहार के नालंदा निवासी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, एक स्कॉर्पियो, पांच मोबाइल और रेड चिल्ली स्प्रे की दो बोतल बरामद किया गया है। वहीं छापेमारी टीम में थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, एसआई अभिमन्यु कुमार, एएसआई बलिराम सिंह समेत पुलिस कर्मी शामिल थे।

## 75 होल्डिंग धारकों के बैंक खाता फ्रीज करने की कार्रवाई के निर्देश जारी



**कोडरमा।** शम्भु प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत 75 होल्डिंग टैक्स बड़े बकायेदारों जिन्हें नोटिस भेजने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नहीं किये हैं, वैसे होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज करने का निर्देश जारी किया गया है। संबंधित व्यक्ति के नाम व आधार संख्या, मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराकर उनके अकाउंट नंबर को फ्रीज करने का निर्देश दिया गया है। नगर प्रशासक ने बताया कि अन्य सभी बकाये दारों को भी समय पर होल्डिंग टैक्स भुगतान नहीं करने पर बैंक खाता फ्रीज की जाएगी।

# संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर का उपहास उड़ाने के खिलाफ वामदलों ने निकाला प्रतिवाद मार्च




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के प्रति उपहास उड़ाने वाली टिप्पणी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के तहत सोमवार को सुभाष चैक के समीप स्थित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर आंबेडकरवादी शिक्षक दुर्गा राम के द्वारा माल्यार्पण करने के बाद वहां से झंडा चौक तक वामदलों के द्वारा सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार, माले के जिला सचिव राजेन्द्र मेहता और सीपीआई के जिलामंत्री प्रकाश रजक के नेतृत्व में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। झंडा चौक पर सीपीएम नेता रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित विरोध सभा को सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान, सीपीआई राष्ट्रीय परिषद के सदस्य महादेव राम, माले के राज्य कमिटी सदस्य इब्राहिम अंसारी, डीएसएमएम के प्रेम प्रकाश ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत का संविधान हमें सामानता, न्याय और मानवता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। जाति और लिंग भेदभाव जैसे अन्यायपूर्ण विचारों को त्याग कर एक समता मूलक समाज का निर्माण करना मुख्य उद्देश्य है। संसद में जिस प्रकार से गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉक्टर आंबेडकर का उपहास उड़ाया है, वह संविधान के शिल्पकार के प्रति ऐसी घृणित सोच भाजपा और आरएसएस की पाठशाला से ही पनपती है। भारत के संविधान में शोषितों, वंचितों, पिछड़े, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को जो समानता का अधिकार दिया गया है, वह आरएसएस - भाजपा को बर्दाश्त नहीं होता है। धन्यवाद ज्ञापन उदय द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में विजय पासवान, दिनेश रविदास, भीखारी तुरी, महेन्द्र तुरी, शम्भु कुमार, अशोक यादव, तुलसी राणा, बहादुर यादव, संदीप सिंह, शैरू निशा, पार्वती देवी, अर्जुन यादव, सकिन्द्र रजक, रामेश्वर यादव, शम्भु पासवान, सुरेन्द्र राम, बासुदेव साव, सरफराज खान, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## पत्थलगड़ा क्षेत्र में नक्सली गतिविधियां बढ़ने की आशंका, पुलिस का सर्च अभियान जारी

- चार दिनों से पुलिस ने मेराल इलाके में कैंप स्थापित कर जंगलों में सघन गश्त कर रही है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** हाल के दिनों में पत्थलगड़ा और आसपास के इलाकों में नक्सली गतिविधियों के बढ़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने जंगलों में व्यापक सर्च अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नक्सलियों की सक्रियता के साथ-साथ अफीम की खेती और तस्करी में भी इजाफा हुआ है। पुलिस को सूचना मिली है कि क्षेत्र के कुछ लोग नक्सलियों के सहयोग से अफीम के कारोबार में शामिल हो रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अफीम की खेती का ब्यौरा तैयार करना शुरू कर दिया है। इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। चार दिनों से पुलिस ने मेराल इलाके में कैंप स्थापित किया है और जंगलों में सघन गश्त कर रही है। अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए भारी संख्या में जगुआर बल के जवानों को भी तैनात किया गया है। चतरा जिले के पत्थलगड़ा, सिमरिया, गिद्धौर, टंडवा और इटखोरी जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस का सर्च अभियान तेज हो गया है। पुलिस और नक्सलियों के बीच बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया है। अफीम तस्करों की सक्रियता और संभावित संघर्ष की आशंका ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा करें और अफवाहों से बचें। अधिकारियों ने कहा है कि क्षेत्र को जल्द ही नक्सली और अवैध गतिविधियों से मुक्त कर दिया जाएगा।

### नीति आयोग के डेल्टा रैंकिंग जारी, मरकच्चो और जयनगर प्रखंड का सूचकांक अव्वल

# दोनों प्रखंडों को एक-एक करोड़ की राशि से किया गया सम्मानित

- उपायुक्त ने इस उपलब्धि के लिए दोनों प्रखण्डों के टीमों को दी बधाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** नीति आयोग द्वारा जारी डेल्टा रैंकिंग में कोडरमा जिले के मरकच्चो और जयनगर प्रखण्ड का प्रदर्शन सूचकांक में शानदार प्रदर्शन कर, सम्पूर्ण सिक्स्थ जॉन (पूर्वी जॉन) में सितंबर 2023 में मरकच्चो और जयनगर प्रखण्ड द्वितीय स्थान हासिल किया है। दोनों प्रखण्डों के शानदार प्रदर्शन पर आयोग द्वारा एक एक करोड़ की राशि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कोडरमा जिले के लिए गर्व का क्षण है, यह पुरस्कार न केवल मरकच्चो और जयनगर प्रखण्ड की टीम और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों का परिणम है, बल्कि इसमे समुदाय की सक्रिय भागीदारी का भी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार की राशि का उपयोग जन कल्याणकारी परियोजनाओं को गति देने और क्षेत्र में जीवन स्तर को बेहतर व सुदृढ़ बनाने में किया जाएगा। उपायुक्त ने इस उपलब्धि के लिए दोनों प्रखण्डों के टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरुप कार्य करने और विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाये रखने का प्रमाण है। बताते चले कि आकांक्षी प्रखण्ड के दोनों मरकच्चो और जयनगर प्रखण्ड का चयन पूर्व में किया गया था, दोनों प्रखण्डों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि और सामाजिक विकास जैसे 6 प्रमुख प्रक्षेत्रों में कुल 40 इंडिकेटरों की प्रगति का निगरानी करता है और हर तिमाही डेल्टा रैंकिंग जारी की जाती है और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखण्डों प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिये जाते है, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके।

## एक नजर में

## ट्रांसफॉर्मर बदलने के नाम पर वसूली का आरोप, 20 दिनों से अंधेरे में हैं कई मोहल्ले



**चतरा।** शहर के शहादत चौक स्थित कुरैशी मोहल्ले में बिजली संकट गहराता जा रहा है। 10 दिसंबर को ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद से शहादत चौक, कुरैशी मोहल्ला और आसपास के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप है। मोहल्ले के निवासियों ने आरोप लगाया है कि ट्रांसफॉर्मर बदलने के नाम पर उनसे चंदा इकट्ठा कर 12 हजार रुपये लिए गए, जिसके बाद 24 दिसंबर को नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। हालांकि, यह ट्रांसफॉर्मर भी दो दिन बाद जल गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब उन्होंने विभाग से दोबारा ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की, तो उनसे 25 हजार रुपये मांगे गए। लोगों का आरोप है कि नियमित बिजली बिल चुकाने के बावजूद ट्रांसफॉर्मर बदलने के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। बिजली की अनुपलब्धता के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, और रात में अंधेरे के कारण असुविधा बढ़ गई है। इस संबंध में बिजली विभाग के जेई प्रेम कुमार ने बताया कि उक्त मोहल्ले में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण ट्रांसफॉर्मर जल रहे हैं। विभाग की योजना है कि 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर की जगह 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफॉर्मर लाने और लगाने में गाड़ी, लोडिंग और अनलोडिंग का खर्च 2 से 4 हजार रुपये आता है। अधिक पैसे लेने की शिकायत पर जांच का आश्वासन दिया गया है। मोहल्ले के लोगों ने विभाग से जल्द समाधान की मांग की है। उन्होंने अपील की है कि बिजली आपूर्ति बहाल की जाये।

## सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल गिद्धौर में संघ प्रशिक्षण व भाजपा सदस्यता अभियान में शामिल



**गिद्धौर।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार उज्ज्वल सोमवार को गिद्धौर पहुंचे, जहां उन्होंने शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित प्रथम वर्ग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक ने प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों से संवाद कर कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद विधायक गिद्धौर मुख्य चौक पहुंचे, जहां भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा था। उन्होंने दो दर्जन से अधिक लोगों को ऑनलाइन पार्टी सदस्यता दिलाई। सदस्यता अभियान के दौरान उन्होंने भाजपा की विचारधारा और संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। अभियान के दौरान लुब्धिया गांव निवासी जागेश्वर यादव की पत्नी निशा कुमारी ने विधायक से घर नहीं होने की समस्या बताई। विधायक के साथ आए विजय दांगी ने निशा कुमारी को मुखिया से संपर्क करने की सलाह दी। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से सुनने और समाधान का भरोसा दिलाने की बात कही। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, प्रखंड महामंत्री सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एसडीओ ने गिद्धौर में विवादित जमीन का किया निरीक्षण, अंचल कार्यालय का संधारण भी जांचा



**गिद्धौर।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सन्नी राज ने सोमवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय में विभिन्न पंजीयों का संधारण जांचा। एसडीओ ने सीओ, सीआई और अन्य कर्मियों के लॉगिन से जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र और म्यूटेशन संबंधित कार्यों की जानकारी जुटाई। एसडीओ ने सलगा गांव का दौरा कर वहां के विवादित जमीन का निरीक्षण किया। यह जमीन यूगेश्वर यादव बनाम डमर यादव के बीच विवादित है। उन्होंने बताया कि सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में कोर्ट में आए जमीन विवाद के मामले की गहन जांच के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। एसडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

## बिरहोर टोला में ग्राम सभा का आयोजन, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने पर चर्चा



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के जपुआ टोला में निवास कर रहे आदिम जनजाति परिवारों के लिए सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंचल अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता गिद्धौर पंचायत की मुखिया निर्मला देवी ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी ने किया। ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य आदिम जनजाति के परिवारों के लिए जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में आ रही बाधाओं का समाधान निकालना था। इन परिवारों के पास जमीन से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र बनाने में दिक्कत हो रही थी। सभा में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई और समाधान निकालने के लिए सामूहिक निर्णय लिया गया। ग्राम सभा में आदिम जनजाति के दर्जनों सदस्य शामिल हुए। उन्होंने अपनी समस्याएं मुखरता से रखीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। अंचल अधिकारी ने निर्देश दिया कि जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया जाए, ताकि आदिम जनजाति के परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## पति के मृत्यु के बाद 'सात नहान' के दौरान पत्नी की मौत



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लोटार डैम छठ घाट पर सोमवार को 'सात नहान' के दौरान एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पांडेय टोला निवासी स्वर्गीय देवधारी महतो की 90 वर्षीय पत्नी कौलेश्वरी देवी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, कौलेश्वरी देवी के पति स्वर्गीय देवधारी महतो का निधन 24 दिसंबर को हुआ था। हिंदू रीति-रिवाज के तहत सोमवार को उनके 'सात नहान' कार्यक्रम में कौलेश्वरी देवी घाट पर आई थीं। हाथ-पैर धोने के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई। कौलेश्वरी देवी की मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि वे मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव की थीं। उनके घर से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता था। पति की मृत्यु के शोक ने उन्हें तोड़ दिया था, जिससे उनका निधन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# पीयूसीएल की राज्य स्तरीय टीम ककहिया गांव पहुंचकर प्रभावित लोगों से मिली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** पीयूसीएल (पीपुल्स यूनियन फर सिविल लिबट्रिज) संगठन राज्य स्तरीय टीम ने सोमवार को ककहिया गांव पहुंच कर प्रभावित परिवारों से मिलकर वन विभाग के करवाई की विस्तृत रूप से जानकारी ली। टीम के लोगों ने बारी-बारी से प्रभावित लोगों के तोड़े गये आशियाना का निरीक्षण किया। प्रभावित परिवारों से भूमि से सबिंधित दस्तावेज का अवलोकन किया। परिवारों ने पीयूसीएल के अधिकारियों को बताया कि हम ग्रामीण पूर्वजों से गांव में रहते आ रहे हैं। 1912 के सर्वे खतियान के तहत भूमि प्राप्त होने की बात बतायी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वन विभाग ने तीन दिसंबर को बगैर नोटिस जारी किये अचानक बोल्डोजर से सभी नौ घरों तो तोड़ दिया। जिससे पूरे परिवार के समक्ष रहने की समस्या हो गयी है। ठंढ के मौसम में तंबू के सहारे रात गुजार रहे हैं। सरकार व जिला प्रशासन ने 27 दिन बीतने के बाद भी हमलोगों की सुधि नहीं ली है। टीम के लोगों ने कहा कि पूरे मामले की जांच रिपोर्ट अपने पीयूसीएल के अधिकारी व राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन को सौपेंगे और आपलोगों को न्याय दिलाकर रहेंगे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिनव कुमार श्रीवास्तव, जेएमएम के पांकी के पूर्व प्रत्याशी ईश्वरी यादव, राजद के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव ने प्रभावित परिवारों से मिलकर समस्या को सुना साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर गांव की घटना से अवगत कराने की बात कही। इस मौके पर पीयूसीएल के प्रदेश महासचिव शशिसागर, राज्य कार्यकारणी सदस्य विशिष्ट तिवारी, पूर्व महासचिव अशोक झा शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## विस सभा में शहीद की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव रखेंगे : अमित



**सिकिदिरी।** सिल्ली विधायक अमित महतो प्रखंड के टाटी व बरवादाग पंचायत के मुसंगू के जिरकी मैदान में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया के 222 वी जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सभा के आगामी सत्र में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया का विधानसभा के अन्दर तस्वीर लगवाने का प्रस्ताव रखेंगे। इससे पूर्व उन्होंने शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, उपमुखिया बीरबल बेदिया, हरदयाल मुंडा, रिझुवा मुंडा, बालेश्वर बेदिया पुष्पा देवी, सहीराम मुण्डा, सुखराम बेदिया, चमनराम बेदिया, पूर्व मुखिया एतवा बेदिया, माया बेदिया, बबलु महतो, जीतराम बेदिया, सीताराम बेदिया, गणेश बेदिया आदि उपस्थित थे

## फाईलेरिया उन्मुलन को लेकर 19 दिवसीय जांच शिविर आयोजित

**नामकुम।** सीएचसी प्रभारी नीलम माईकल के निर्देश पर रास्ट्रीय भेक्टर जनति रोग नियंत्रन कार्यक्रम के तहत फाईलेरिया उन्मूलन हेतू सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र नामकुम के आयुस्मान आरोग्य मदिंर आरा, बडाम, देवगाई एंव राजाउलातु में फाईलेरिया रोग से बचाव को लेकर 19 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीम ने इन 19 दिनों में दिन रात काम कर लगभग नौ सौ महिला पुरूषों की रक्त जांच की। सभी रक्त नमूने की जांच रिर्पोट निगेटिव आया। टीम द्वारा इस दौरान लोगों को फाईलेरिया बचाव हेतू घर के आसपास जल जमाव नही होने देने, मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी गयी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से विदेशी महतो, जीतेन्द्र कुमार सिंह, ओम प्रकाश कनकन, पुनित कुमार, जुबेर आलम, राजेश तिर्की, रितेस कुमार, रविन्द्र कुमार, सुधीर कुमार सहित पंचायत की एएनएम एंव सहिया दीदीयों ने अपना योगदान दिया।

## अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति ने की बैठक



**खलारी।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति की बैठक सोमवार को डकरी सेन्ट्रल स्कूल परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मनोज भुईयां एवं संचालन प्रदीप भुईयां ने किया। बैठक में समाज को संगठित एवं मजबूत करने पर विशेश रूप से चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से 11 जनवरी दिन शनिवार को सामुहिक वनभोज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गणेश भुईंयां, मुकेश भुईंयां, अशोक कुमार भुईंयां, अभिनंदन भुईंयां, रामप्रवेश राम, रवि कुमार भुईंयां, प्रदीप कुमार, अशोक भुईंयां सहित अन्य उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रिनपास वार्ड अटेन्डेन्ट बहाली का हुआ जोरदार विरोध, पहुंचे विधायक

## निदेशक डॉ जयति शिमलई के दलाल डॉ भुवन ज्योति और लेखापाल विनय कुमार सिंह को विधायक ने लगाई फटकार

सुनील कुमार गुप्ता

**कांके।** मानसिक स्वास्थ्य संस्थान रिनपास कांके में सोमवार को यहां कार्यरत सुरक्षाकर्मियों और सफाईकर्मियों ने 2 घंटे तक जमकर आंदोलन किया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान और वरीय कांग्रेसी नेता लालचंद सोनी के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे सुरक्षा कर्मियों और सफाई कर्मियों का आरोप था कि प्रभारी निदेशक डॉ जयति शिमलइ के दलाल डॉ भुवन ज्योति और वरीय लेखपाल विनय कुमार सिंह संस्थान में दो-दो लाख रुपया लेकर 20 वार्ड अटेंडेंट की बहाली एवर ग्रीन सर्विसेज कंपनी के माध्यम से संस्थान में गुपचुप ढंग से कर दी है। जो स्थानीय नहीं है और बाहरी है। संस्थान में ही अच्छे पदों पर कार्यरत लोगों के सगे संबंधी है। निदेशक, डा.भुवन ज्योति और वरीय लेखपाल विनय कुमार सिंह की तिगड़ी ऐसी है। कि दो वर्षो के भीतर यहां जो भी खरीदारी, फर्नीचर, कंप्यूटर उपकरण, लैपटॉप, दवाई की खरीददारी और जितने भी एवरग्रीन सर्विसेज के माध्यम से बहाली की जा रही है। उसमें पैसे का लेनदेन लाखों रुपए में किया जा रहा है। इन दोनों की चल अचल संपत्ति की जांच कराई जाए और दोनों को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के चुनाव क्षेत्र जामताड़ा में ट्रांसफर किया जाए। आंदोलन के दौरान वार्ता के क्रम में किसी बात को लेकर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान और लालचंद सोनी से डा भुवन ज्योति की तीखी बहस हो गई। तो डॉ भुवन ज्योति को सुरक्षा कर्मियों ने धक्कामुक्की भी किया और मारने के लिए हाथ भी उठाया। लेकिन कुछ लोगों ने इसे ऐसा करने से रोक दिया।

**कांग्रेसी नेताओं का आरोप निदेशक के दलाल है डॉक्टर भुवन ज्योति और विनय कुमार सिंह करोडों कमा चुके है :** आंदोलन कर रहे कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि वर्षो से कार्यरत सुरक्षा कर्मियों व स्थानीय लोगों के साथ धोखा किया जा रहा है। 20 लोगों को वार्ड अटेंडेंट के पद पर बिना किसी विज्ञापन एवं मौजूदा मंत्री इरफान अंसारी की अनुमति के ही बहाल कर दिया गया है। कांग्रेसी नेताओं और सुरक्षा कर्मियों ने आरोप लगाया कि डॉ भुवन ज्योति और विनय कुमार सिंह निदेशक डॉ जयति शिमलई के दलाल है और 2 वर्षों के भीतर इन लोगों ने करोड़ों की अवैध ढंग से कमाई की है। डॉ भुवन ज्योति करीब एक दर्जन विभागों के प्रभारी पदाधिकारी है। इसकी जानकारी होते ही सोमवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान और लालचंद सोनी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता और वर्षों से संस्थान में कार्यरत निजी सुरक्षा प्रहरियों ने घेराव कर दिया। उग्र होकर जोरदार नारेबाजी करते हुए अविलंब गलत ढंग से रखे गए लोगों को कार्य से हटाने की मांग करने लगे। इस बीच सुरक्षा प्रभारी डॉ भुवन ज्योति वहां पहुंचे। उनको देखते ही गार्ड नारेबाजी करने लगे। उनकी किसी बात पर वे इतने नाराज हो गए कि नौबत धक्का मुक्की तक पहुंच गई। उनको अकेले घिरा देख कर भी दूसरा कोई वरीय पदाधिकारी और सहयोगी नहीं पहुंचे। संजर खान ने कहा कि वर्षों से कार्यरत गार्ड ही वार्ड में मरीजों की सेवा और देखभाल कर रहे हैं। ऐसे में अनुभवहीन और संस्थान के बाहर के लोगों को नहीं रखा जाना चाहिए।



**विधायक सुरेश कुमार बैठा ने डॉ भुवन ज्योति और लेखापाल विनय कुमार सिंह को लगाई फटकार :** आंदोलन की जानकारी पाकर विधायक सुरेश कुमार बैठा भी घेराव कर रहे गार्डों के पास पहुंचे। उन्होंने संस्थान के सुरक्षा पदाधिकारी डा. भुवन ज्योति और लेखपाल विनय कुमार सिंह को बुलवाया। गार्डों ने विधायक को बताया था कि डॉ भुवन ज्योति, विनय सिंह और मनोज कुमार के कारण ही संस्थान में गड़बड़ी हो रही है। वे लोग खुलेआम एक से दो लाख की वसूली कर लोगों को आउटसोर्सिंग एजेंसी एवरग्रीन सर्विसेज के तहत अपने चेहते लोगों को बहाली कर अनुभव पत्र दिलाने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे स्थाई पद पर भविष्य में होने वाली बहाली में उनको लाभ मिल सके। आरोप लगाया कि एजेंसी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उससे कार्य करवाया जा रहा है। उसकी आड़ में नर्सों और वार्ड अटेंडेंट की बहाली की जा रही है। इसके बाद विधायक सुरेश बैठा ने आंदोलनकारियो के समक्ष विनय सिंह को अविलंब मनमानी रोकने को कहा। कहा कि जल्द वार्ड अटेंडेंट और नर्सों के पदों को विज्ञापित करवाए। वार्ड अटेंडेंट के पद पर वर्षों से कार्यरत निजी सुरक्षा प्रहरियों को समायोजित कराएं। चेतावनी देते हुए कहा कि सभी गार्डों को सरकार की ओर से दो जा रही पूरी राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निदेशक उनसे मिलकर सारी बातों के सम्बन्ध में अपना पक्ष रखें। अब पहले की तरह किसी की मनमानी नहीं चलेगी। कहा कि उनको सारी गड़बड़ियों की जानकारी है। वे स्वयं विभागीय मंत्री से मिलकर उनको इससे अवगत कराने की बात भी कही। इसके बाद प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने पांच बिंदुओं वाला मांग पत्र निदेशक को सौंपा। इसमें अविलंब बहलाव 20 लोगों को हटाना, वार्ड अटेंडेंट के रिक्त पदों पर सुरक्षा प्रहरियों को समायोजित करना, समूह ग और घ के सभी रिक्त पदों को विज्ञापित कर स्थानीय लोगों को बहाल करना तथा गड़बड़ी करने वाली समानता सिक्योरिटी एजेंसी को काली सूची में डालते हुए निजी सुरक्षा प्रहरियों के वेतन के एरियर, बोनस तथा ईपीएफ राशि का भुगतान कराने तथा विनय सिंह और मनोज कुमार की आय की जांच कराते हुए रिनपास से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग शामिल है। घेराव और आंदोलन सुबह साढ़े दस बजे से एक बजे तक चला लेकिन इस बीच संस्थान में प्रभारी निदेशक तथा उपनिदेशक आदि मौजूद नहीं थे। इधर हंगामे के बाद बहाल किए गए लोगों को तत्काल कार्य पर नहीं रखने का निर्देश दे दिया गया है। लेकिन इनमें से अधिकांश बड़ी पहुंच पैरवी और पैसे के बूते रखे गए हैं ऐसे में उनको आंदोलन के जरिए कितने दिनों तक योगदान से रोका जा सकता है, देखना दिलचस्प होगा।

# झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने एनके प्रबंधन को 20 सुत्री मांग पत्र सौपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन एनके एरिया ने सोमवार को क्षेत्रीय सचिव रंथू उरांव के नेत्त्व में कर्मचारियों की समस्याओं के लेकर 20 सुत्री मांग पत्र एनके प्रबंघन को दिया। मांग पत्र में एनके एरिया के विभिन्न परियोजनाओं में भुरकुंडा, रामगढ़, पतरातु तथा अन्य दूर-दराज क्षेत्रों से आकर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को अविलम्ब आवास उपलब्ध कराए जाने, एनके एरिया के विभिन्न यूनिट में खाली पदों पर कैडर पूरा करने वाले कर्मचारियों का समय से पदोन्नति देने, एनके एरिया की सभी ईकाइयों में एसएलपी का लाभ माह जनवरी 2025 के वेतन से देना सुनिश्चित किया जाए, सेवा निर्मित एवं मृत कर्मचारियों के आश्रितों को एनसीडब्ल्यू ए 11 का एरिया सालाना बोनस ग्रेजुएट ग्रुप ग्रेजुएट लीव एनकैशमेंट का भुगतान 3 वर्षों से निलंबित पड़ा हुआ है उसे अविलम्ब भुगतान करने, सीएमपीएफ एवं पेंशन का दवा ऑनलाइन किया जा रहा है जिसके लिए सभी ईकाइयों में कंप्यूटर, स्कैनर, इंटरनेट के सुविधा विभाग को देने, सीपीआरएम के साथ सेवा निर्मित कर्मचारियों के इलाज में व्यय राशि का भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर करने, एनके एरिया के सभी आवासीय कॉलोनी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, एनके एरिया में अधिग्रहित भूमि के बदले रैयतों को नौकरी, मुआवजा एवं पुनार्वास अविलम्ब करना सुनिश्चित करने, एनके एरिया के सभी इकाइयों में स्वतंत्र रूप से कार्मिक पदाधिकारी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन को एनके एरिया के वार्षिक गजट बैठक सूची में शामिल करते हुए एनके एरिया के विभिन्न समितियां संयुक्त एनके एरिया क्षेत्रीय सलाहकार समिति, आवास आवंटन समिति, खान सुरक्षा समिति, वेलफेयर समिति, सीएसआर समिति एवं अन्य समितियों में प्रतिनिधित्व दिए जाने, एनके एरिया के सभी इकाइयों में कैटिगरी 1 के पद पर वर्षों से कार्य करने वाले कर्मचारियों को अविलंब पदोन्नति देने, एनके एरिया के सभी आवासीय कॉलोनी के सड़कों में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं सफाई करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, एनके एरिया में सभी आवासीय कॉलोनी का जर्जर आवासों की छत से पानी रिसाव का मरम्ती सिविल विभाग के देखरेख में कराने, सभी कलानियों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने, रैयत विस्थापितों के परिवार के बच्चों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने तथा कर्मचारियों के आश्रितों के जन्म तिथि सेवा पुस्तिका में अंकित करने की प्रक्रिया जटिल है जिसे सरल प्रक्रिया में लाकर अंकित कराया जाए। मांग पत्र सौंपने के दौरान यूनियन क्षेत्रीय सचिव रंथू उराँव, जगरनाथ महतो, गुलाब राजभर, ऋषिदेव प्रसाद, सुभाषचंद्र प्रसाद, पंकज मुण्डा, रमेश तुरी, उदय चौहान, बालमुकुंद पाण्डेय, नरेश गझू, संतोष उराँव सहित अन्य उपस्थित थे।



# नाबालिग छात्रा प्रेमी के साथ बरामद

## सोशल मीडिया में दोस्ती के बाद घर से भागी थी दो छात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सोशल मीडिया में दोस्ती के बाद मेसारा थाना क्षेत्र से लापाता दो छात्राओं में एक नाबालिग छात्रा को पुलिस द्वारा उसके प्रेमी के साथ बरामद कर लिया गया है। बताया गया कि 23 दिसंबर से मेसरा थाना क्षेत्र से दो छात्रा गायब हो गई थी। छात्रा के परिजनों द्वारा 24 दिंसबर को थाना में मामला दर्ज कराने के बाद से पुलिस दोनो छात्रा की लगातार तलास की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को जानाकरी मिली कि छात्रा अपने दोस्त के साथ सुकुरहुटु कांके में दोस्त के रिस्तेदार के घर में हैं। जिसके बाद पुलिस द्वारा दोनो को वहां से बरामद कर लिया गया। बताया गया कि दोनो छात्रा कि दोस्ती पतरातु व बुडमू के युवक से सोशल मीडिया के माध्य से हुआ था। बातचित होने के बाद एक दूसरे से प्रेम करने लगे। भागने के बाद दोनो नाबालिग के पैसे का अभाव होने लगा तो वापस लौट गए। वहीं अपने दोस्त के से भागी दूसरी छात्रा को भी बरामद करने के लिए पुलिस द्वारा प्रयास की जा रही है। थाना प्रभारी संजीव कुमार द्वारा लोगों से मोबाइल पर अधिक रहने वाले अपने नाबालिग बच्चों पर ध्यान देने की अपील की गई है।

## महाप्रबंधक का झामुमो नेताओं ने किया स्वागत

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में एक औपचारिक मुलाकात का आयोजन किया गया। इस मुलाकात में एनके जीएम दिनेश कुमार गुप्ता का स्वागत बुके देकर सम्मानपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर नंदू मेहता, सुभाष प्रजापति, कमलेश चौहान, चितरंजन सिंह, शंभू दास, अजीत चौहान, शिवानी यादव, अनीता देवी चंदा देवी आदि शामिल थे।

## ग्रामीणों ने की पेयजलापूर्ति चालू कराने मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड का वृहत जलापूर्ति केंद्र को पुनः चालू कराने की मांग ग्रामीणों ने विधायक अमित महतो से किया है। ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर कहा गया है कि राहे, गोमदा, नावागांव, कटियाडीह गांव के 400 परिवार को पेयजल की आपूर्ति राहे- गोमदा के जलापूर्ति केंद्र से होता रहा है। विगत एक वर्ष से जलापूर्ति बंद है। करोड़ों का पानी टंकी बेकार पड़ा हुआ है। जलापूर्ति केंद्र को पुनः चालू कर देने से संबंधित गांव में पेयजल की समस्या काफी हद तक कम होगी।

# आदिवासी मुंडाओं का बुरु पर्व प्रकृति और परंपरा का उत्सव : दमयंती मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** एकता क्लब रायडीह द्वारा बुरू महापर्व के अवसर पर सोमवार को एकदिवसीय मेला का आयोजन किया गया। जिसमे आट्टा खेल, मुर्गा लड़ाई एवं आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन अनिल सिंह मुंडा ने किया। मेला में अतिथि के रूप में जेएलकेएम महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा उपस्थित हुई। दमयंती मुंडा ने बुरू मेला प्रेमियों को संबोधित करती हुई कहा कि आदिवासी मुंडाओं का बुरु पर्व प्रकृति और परंपरा का उत्सव है। मुंडाओं के लिए, मुंडारी भाषा में बुरु यानी पहाड़ी की आत्मा को मरांगबुरू के रूप में पूजा जाता है। बुरु पर्व, मुंडा संस्कृति का एक प्रमुख त्योहार है। मौके पर ग्राम प्रधान विमल पातर, पहान गोविंद सिंह मुंडा, अंकित कच्छप, श्रवण मुंडा, राहुल कुमार सहित एकता क्लब के सदस्य गण उपस्थित थे।



# आरटीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कराटे प्रतियोगिता में लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** सुको-काई कराटे युनियन इन्डिया के तत्वावधान में 14वीं ऑल इंडिया ओपेन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन उड़ीसा में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में आरटीसी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने परचम लहराया। इस कराटे प्रतियोगिता में उड़ीसा झारखंड छत्तीसगढ़ असम गुजरात समेत आठ राज्य के 1600 कराटे के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। जिसमें उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा के 100 कराटे छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिसका प्रतिनिधित्व आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के 30 कराटे सदस्य के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कराटे इंडिया ऑगेनाईजेशन के अध्यक्ष सिहान भरत शर्मा के द्वारा किया गया। 14वी ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में निर्णायक के रूप में एशियन कराटे फेडरेशन के जज सिहान राजीव कुमार सिंह सेसाई महेश बराल सेसाई दीपक सामांतराय ने मुख्य रूप से निभाया। इस राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अनगड़ा रांची झारखंड दूसरा स्थान प्राप्त किया। इनमे राहुल कुमार महतो कुमिते को गोल्ड मेडल प्रितम कच्छप को सिल्वर सुचित कुमार महतो को सिल्वर हिमांशू महतो को सिल्वर पियूस कुमार को सिल्वर दीपिका कुमारी को ब्राउज दिव्या कुमारी को ब्राउज नैंसी मुंडा को ब्रॉउज तथा किशोर कुमार ने ब्रॉउज मैडल हासिल किया चीफ एग्जामिनर सेसाई महादेव गोप कोच नकुल यादव विक्रम कुमार नायक पूजा कुमारी ने सहयोग किया। सभी कराटे चैम्पियन छात्र-छात्राओं को आर.टी.सी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो चेयरमैन रामटहल चौधरी सचिव डॉ पारसनाथ महतो निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए छात्र-छात्राओं को बधाई दी।



# मन्नत पूरी के लिए प्रसिद्ध है ऐतिहासिक महादानी बाबा मंदिर

## बेड़ो वासी महादानी मंदिर में मत्था टेककर मनाते हैं नववर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** नव वर्ष पर प्रखंड मुख्यालय बेड़ो के लोग महादानी बाबा के मंदिर में मत्था टेककर नव वर्ष मनाते हैं। इस बार साल का पहला दिन बुधवार को है। प्रत्येक वर्ष नए साल के आगमन पर महादानी मंदिर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी इसकी पूरी संभावना है कि हजारों लोग प्रथम दिन महादानी बाबा का दर्शन करेंगे। इस मंदिर के प्रति पूरे क्षेत्र में श्रद्धालु भक्तजनों का अटूट आस्था व विश्वास जुड़ा है। जहां पुराने साल की विदाई और नव वर्ष के आगमन में एक दिन से भी कम समय बचा है, जिसे लेकर आम लोगों में जश्न का माहौल है। नव वर्ष के आगमन के स्वागत और जश्न की तैयारी में लोग अपने-अपने तरह से जुटे हैं। रांची जिले के बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी बाबा का मंदिर शिव आस्था व विश्वास का बड़ा केंद्र है। इस ऐतेहासिक मंदिर के बारे में झारखंड के लोगों को बहुत कम जानकारी है। इसका निर्माण नौवीं शताब्दी में हुआ था। वही कुछ इतिहासकारों के अनुसार 1048 से 1100 ईसवी के बीच महादानी मंदिर की रचना हुई। भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर की अनुकृति में बना महादानी मंदिर में द्रविड़ व नागर शैली का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। पौराणिक कथा व दंत कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने खुद अपने हाथों से महादानी मंदिर की रचना की है। पुरातत्वविदों के शोध पत्र में महादानी मंदिर का निर्माण पाल वंश के शासक धर्मपाल के शासन काल के दौरान बताया गया है। वही बेड़ो कॉलेज के इतिहास विभाग के विद्वानों ने भी मंदिर की रचना पाल वंश के समय की बताते है। जबकी यह आज भी शोध का विषय बना हुआ है। यहां जनजातीय समुदाय के द्वारा आदि देव महादेव शिव की पूजा और संबंधित परंपराओं का इतिहास है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां का पुजारी कोई पंडित न होकर गांव का पाहन है। जो आज भी आदिवासियों व स्थानीय लोगों के बीच महादानी मंदिर के प्रति आस्था व विश्वास कायम है। यहां प्रत्येक वर्ष महादानी मंदिर में शिव को नए चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाकर ही लोग नई फसल का उपयोग करते हैं। जहां आज भी जनजातिय समुदाय का आस्था व विश्वास इस मंदिर से जुड़ा है। प्रत्येक वर्ष यहां हड़बोड़ी बूढ़ा जतरा का आयोजन होता है। इस दौरान हड़बोड़ी की परंपरा अनुसार पूजा अर्चना व पारंपरिक समाजिक नियम की अदायगी के बाद गांव के पहान की अगुवाई में ढ़ोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा, झंडा व दीप कलश के साथ शाम के समय में एक शोभायात्रा निकाली जाती है। जो आज भी प्रासंगिक है। हड़बोड़ी जतरा के पूर्व बेड़ो में घर-घर परंपरा के अनुसार लड्डू के नाम से नए चावल से पीठा बनाकर देवी-देवताओं को भोग लगाया जाता है। गांव के सभी लोग महादानी मंदिर में गोयंदा व गोयंदी यानी शिव-पार्वती के नाम से मंदिर में महादानी बाबा को नए चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाते है। इसके बाद ही नई फसल का उपयोग करते हैं। इतिहासकारों और पुरातत्व विभाग के लोगों ने अपनी जांच में आधिकारिक तौर पर स्थापित किया है कि यह क्षेत्र सदियों से शिव आराधना का बड़ा केंद्र था। सावन में पूरे एक महीने तक श्रृंगार पूजा के अलावे, दुर्गा पूजा, महाशिवरात्रि, रामनवमी, हड़बोड़ी जतरा के मौके पर इस शिवालय में शिव भगवान की आस्था की बयार बहती है। इधर एक मान्यता यह भी है कि जनजातिय समुदायों का दल आखेट के दौरान यहां रात्रि में विश्राम किया था। और इस जगह का नामकरण किया गया। मुंडारी भाषा में बेड़ा का अर्थ सूर्य होता है। सूर्योदय होने के बाद घनी जंगलों व झाड़ियों के बीच इन्होने इस जगह को देखा। इसीलिए इस क्षेत्र का नाम कालान्तर में बेड़ा यानि सुर्यादय के कारण धीरे-धीरे यह बेड़ो हो गया। वहीं महादानी मंदिर के शिवलिंग में चढ़ने वाले जल, दुध, फल फूल व अन्य पूजन सामग्री बहते हुए उत्तर की ओर स्थित डुकु तलाब में प्रवाहित होता था।



बेड़ो महादानी मंदिर का शिवलिंग।



बेड़ो स्थित महादानी मंदिर।

### मन्नतें पूरी करते हैं महादानी बाबा

महादानी बाबा मंदिर शिव भक्ति का बड़ा केंद्र है। आज भी यह मंदिर भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था व श्रद्धा की मिसाल है। यह झारखंड के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है।इस मंदिर में शिवरात्रि व सावन के मौके पर बाबा भोले के दर्शनों के लिए भक्तगणों का तांता लगा रहता है। झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग इस मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं। भक्तगणों का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत बाबा पूरी करते हैं। वहीं मंदिर परिसर में स्थापित मां पार्वती,बजरंगबली व मां संतोषी की मंदिर है।और मां दुर्गा की भव्य मंदिर बनकर तैयार है।साथ ही विशालकाय बरगद,पीपल, आम व करम पेड़ के अलावा बहुत सारे फल फूल के अशोधीय पेड़ अत्यंत ही मनोरम है। वहीं इस मंदिर के नाम महादानी के नामकरण के पीछे लोक आस्था का पुट छिपा हुआ है। मान्यता व दंतकथा के अनुसार भगवान शंकर के दरबार में मन्नत मांगने पर मंदिर के मुहाने पर याचक को स्वंय बाबा भोलेनाथ की ओर से दिया जाता था। रात में मांगने पर सुबह में घरेलू सामग्री मंदिर परिसर में रखा हुआ रहता था। इसलिए कालान्तर में इस मंदिर का नाम महादानी पड़ा। वहीं यह भी चर्चा है कि एक आदमी द्वारा मन्नत मांगने, काम चलाने व सक्षम हो जाने के बावजूद जब इसे वापस नहीं किया गया। तब उस समय से यह परंपरा बंद हो गई। इसके बाद भी पूरी भक्ति भावना के साथ पूजा अर्चना के बाद मन्नत मांगने से महादानी बाबा अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। यहां माथा टेकने और बाबा का आशीर्वाद पाने के बाद महादानी के दरबार से कोई निराश होकर नहीं लौटता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराकर सीरीज में 2-1 से बढ़त बनायी

एजेंसी

**मेलबर्न।** कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन सोमवार को 184 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से अपराजेय बढ़त बना ली। भारत चायकाल तक तीन विकेट पर 112 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की जोड़ी एक बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी तभी 59वें ओवर में ट्रेविस हैड ने पंत को मार्श के हाथों कैच आउट करा भारत को चौथा झटका दे दिया। पंत ने 30 रन बनाए। इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गयी। 63वें ओवर में रविन्द्र जडेजा (दो) को बोलैंड ने कैरी के हाथों कैच आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पांचवी सफलता दिलाई। सातवें विकेट के रुप में यशस्वी जायसवाल (84) के आउट होने के बाद मैच भारत के हाथों पूरी तरह से निकल चुका था। भारत की ओर से मात्र दो बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (84) और ऋषभ पंत (30) दहाई संख्या में पहुंच सके जबकि 12 रन अतिरिक्त मिले। कप्तान रोहित शर्मा (नौ) और केएल राहुल (शून्य) एवं विराट कोहली 05 रन बनाकर आउट हुए।



पहली पारी में शतक बनाने वाले नीतीश रेड्डी दूसरी पारी में मात्र एक रन बना पाए। अन्य बल्लेबाजों में रविन्द्र जडेजा (दो) आकाश दीप (सात) कप्तान जसप्रीत बुमराह (शून्य) मोहम्मद सिराज (शून्य) पर आउट हुए वहीं वाशिंगटन सुंदर (पांच) रनों पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय टीम 79.1 ओवर में 155 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 12 साल बाद भारत से बॉक्सिंग डे टेस्ट जीता है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन, नेथन लायन ने दो, मिचेल स्टार्क, ट्रेविस हैड ने एक-एक विकेट लिया।

पहली पारी में 49 रन एवं तीन विकेट तथा दूसरी पारी में तीन विकेटों के साथ 41 रनों का योगदान देने वाले पैट कमिंस को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इससे पहले आज सुबह के सत्र में दूसरे ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने नेथन लायन (41) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का समापन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 234 रन पर सिमट गई। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिये। मोहम्मद सिराज को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाये थे। उसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी की शतकीय पारी की बदौलत भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाये और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 234 रन पर समेट दिया था।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 45 रनों से हराया

**माउंट मॉन्गानुई।** मिचेल हे (नाबाद 41), मार्क चैपमैन (42) और टिम रॉबिंसन (41) की आतिशी पारियों के बाद जेकब डफी (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 45 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली हैं। मिचेल हे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्न से नवाजा गया।




न्यूजीलैंड के 186 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस (10) को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। इसके बाद 10वें ओवर में जेकब डफी ने पथुम निसंका ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। पथुम निसंका ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रन बनाये। 12वें ओवर में कामिंडु मेंडिस (10) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद श्रीलंका ने मात्र 14 रन जोड़कर अपने सात विकेट गवां दिये। 16वें ओवर में जेकब डफी ने कुसल परेरा को आउट कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। कुसल परेरा ने 35 गेदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली।

वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (शून्य) को डफी ने आउट किया। चरित असलंका 16 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुये। अविष्का फर्नांडो (पांच) और मतीशा पतिराना (शून्य) को मैट हेनरी ने आउट किया। जैकरी फॉक्स ने 20वें ओवर में बिनुरा फर्नांडो (तीन) को आउट श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 141 रन पर ढ़ेर हो गई।

## गावस्कर और शास्त्री ने जायसवाल को आउट दिये जाने के फैसले को गलत बताया



एजेंसी

**मेलबर्न।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने सोमवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरी पारी में अंतिम दिन यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर के आउट देने के फैसले गलत बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था, लेकिन गेंद उनके बल्ले के बेहद करीब से निकली और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने विकेट पीछे गेंद लपक ली। ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार अपील की लेकिन मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस पर रिव्यू लिया और तीसरे अंपायर बंगलादेश के शफुद्दौला ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था,लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के पास से डिफलेक्ट हो रही थी। तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया।

# विजय मर्चेंट ट्रॉफी क्रिकेट: झारखंड ने जम्मू कश्मीर पारी व 16 रनों से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड ने विजयवाड़ा में खेले गये तीन दिवसीय विजय मर्चेंट ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के तीसरे दिन जम्मू कश्मीर को एक पारी और 16 रनों से हरा दिया। पहली पारी में 236 रनों से पिछड़ने के बाद जम्मू-कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी में 220 रन बनाये। निसार ने अंत तक अपनी टीम को पारी की हार से बचाने के लिए भरपूर कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए।

उन्होंने 108 रन की शानदार संघर्षपूर्ण पारी खेली, और दो छक्के एवं 18 चौके भी लगाये। झारखंड के लिए पहली पारी में 150 रन बनाने वाले अर्जुन प्रियदर्शी ने गेंदबाज में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। उसने 71 रन देकर कुल 6 खिलाड़ियों का आउट किया, जबकि आयुष ने 42 रन कर दो विकेट लिया।



पहली पारी में जम्मू कश्मीर ने मात्र 129 बनाए थे। जवाब में झारखंड ने अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 365 रनों पर समाप्ति की घोषणा कर दी थी।

झारखंड की ओर से अर्जुन प्रियदर्शी ने एक छक्का एवं 18 चौके की मदद से 150 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी जबकि राजवीर ने 7 चौके की मदद से 60 रन बनाये।

साकेत सिंह ने 43 रनों का योगदान किया। अर्जुन और राजवीर ने पांचवें के विकेट के लिए 176 रनों की साझेदारी निभायी।

# भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य चंद्रदेव सिंह गिरफ्तार

**दो एके-47 समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद, 15 लाख के इनामी एरिया कमांडर छोटू खरवार की हत्या में भी था आरोपी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय क्रियावादी सदस्य को मनिका थाना क्षेत्र से हथियार समेत गिरफ्तार किया है। वहीं दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय क्रियावादी सदस्य मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम दुंदु,चौकिया व करमाही क्षेत्र में भ्रमणशील है एवं अपना पहचान छुपाकर गुप्त रूप से एरिया का रिकी कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में है। वहीं प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम दुंदु,चौकिया व करमाही में गुप्त तरीके से घेराबंदी कर छापामारी किया गया,जिसमें ग्राम चौकिया स्थित सुकरी नदी के किनारे प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के भाकपा माओवादी के सक्रिय क्रियावादी चंद्रदेव सिंह,पिता लखन सिंह,ग्राम कुई,थाना मनिका,जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया।



इनके निशानदेही पर दो फोल्ड बट सीलिंग लगा हुआ एके-47 राइफल,4 एके-47 राइफल का मैगजीन जिसमें क्रमश:21,30,15 तथा 25 चक्र कुल-91 जिंदा कारतूस,समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि चंद्रदेव सिंह प्रतिबंधित भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के सक्रिय क्रियावादी सदस्य है जिस पर लातेहार थाना में कई कांड दर्ज है एवं फिलाल लाल वारंटी अभियुक्त है तथा 15 लाख का इनामी भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर छोटू खरवार की हत्या का आरोपी है। साथ ही लातेहार जिला अंतर्गत व्यक्तियों एवं कंपनियों से लेवी वसूली, आगजनी, फायरिंग व हत्या करने में माहिर है जो कई वर्षों से फरार चल रहा था।

वहीं इस छापामारी दल में थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार, स.अ.नि. रणधीर कुमार सिंह, स.अ.नि. विनोद कुमार यादव, स.अ.नि. मनोज कुमार दुबे, आ. उदित कुमार, मोहम्मद नईम अंसारी, वीरेंद्र कुमार पासवान, कन्हाई साव, हितेश कुमार महतो, सुशील कुमार चंपी, अभिजीत कुमार राज, ओमप्रकाश सिंह एवं कमलेश कुमार सिंह शामिल थे।

## एक नजर में

### वन भूमि पर संचालित अवैध ईंट भट्ठे के खिलाफ विभाग ने की कार्रवाई

**चंदवा।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों के वन क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से अवैध बांग्ला ईंट भट्ठे का कारोबार जोरो से फल फूल रहा है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत वन क्षेत्र से आया है जहां वन क्षेत्र में अवैध रूप से ईंट भट्ठा संचालित किया जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला संज्ञान में आने के बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता के निर्देशन में विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया, कर्मियों ने बताया की अभियान के दौरान महमूद मियां पिता शमसुद्दीन मियां व खलील मियां पिता स्व. कलीम मियां के भट्ठे में जांच के दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से जमा कर रखे गए कोयले व तिरपाल की बरामदगी की गई है, जिसके बाद बरामद कोयले को जब्त कर विभाग के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही थी। मामले में वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है, संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में वन विभाग के वनपाल सुनील कच्छप, आलोक तिग्गा व अन्य शामिल थे।

### खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए स्टेडियम का होगा निर्माण

**बरवाडीह।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव अशफाक अहमद मुन्ना ने सोमवार की सुबह मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह से उनके मंगरा स्थित आवास पर मुलाकात करते हुए जीत की बधाई दी और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान अशफाक मुन्ना ने जिले भर के कबड्डी से जुडी प्रतिभा को निखारने में आ रही परेशानी से अवगत कराया और सरकार के माध्यम से बरवाडीह में कबड्डी के डे बॉडिंग सेंटर खोलने की मांग की। बताया कि इस सेंटर के माध्यम से युवाओं को कबड्डी के तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे उनकी खेल प्रतिभा को नई दिशा मिलेगी। विधायक रामचंद्र सिंह ने इस पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कबड्डी के खेल को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने यह भी कहा कि प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराने के साथ कबड्डी का डे बॉडिंग सेंटर भी खोला जायेगा। इस प्रस्ताव को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह है और उम्मीद जताई जा रही है कि इससे कबड्डी व अन्य खेलों से जुड़े प्रतिभाओं को नई पहचान मिलेगी। इस मौके पर मुन्ना खान, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवशी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता और शुभम दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने एक एकड़ में लगे गांजा की खेती को किया नष्ट

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने सोमवार को लगभग एक एकड़ में लगे अवैध गांजा की खेती को नष्ट किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत अंतर्गत पिंडाराहीटोला,सेमरसोत ग्राम में करीब भारी मात्रा में अवैध गांजा की खेती की गई है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी फसलों को लाठी डंडे से पीटकर नष्ट कर दिया। वहीं उन्होंने बताया कि गांजा की अवैध खेती करने वाले लोगों का नाम चिन्हित किया जा रहा है। और जल्द इस पर कार्रवाई की जाएगी। वही इस छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### किसानो को धान बेचने में हो रही परेशानी

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में मिलर की लापरवाही के कारण धान अधिप्राप्ति केंद्रो में तैतीस सौ क्विंटल धान रखा पड़ा है। जिसके कारण धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान की खरीद में समस्या हो रही है। वहीं किसानों ने बताया की मिलर की लापरवाही के कारण उनका धान अधिप्राप्ति केंद्रो में पड़े रहने से न तो उनका धान बेचा पा रहा है और न ही बेचे गये धान की द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान हो पा रहा है।जानकारी के अनुसार मनिका प्रखंड में मटलौंग,मनिका व कुई लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया है जहां पर किसानों के द्वारा पंद्रह दिनों से बेचे गये धान को सरकार द्वारा खरीदा जा रहा है। वहीं मटलौंग लैम्पस प्रबंधक व धान अधिप्राप्ति केंद्र के प्रबंधक विजय यादव ने बताया की नौ सौ क्विंटल धान उनके यहां गोदाम में पड़ा हुआ है।

### बरवाडीह के युवक की कर्नाटक में संदेहास्पद स्थिति में मौत

**बरवाडीह।** एक बार फिर पेट की आग बुझाने परदेस गए बरवाडीह के युवक की मौत से एक घर का चिराग बुझ गया। बेरोजगारी और परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए अपने घर की दहलीज को छोड़ कर्नाटक गए बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू गांव निवासी चंदन उरांव पिता अरविंद उरांव की कर्नाटक में संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। लेकिन बेबसी ऐसी है कि परिजनों के पास अपने बच्चे के शव को लाने तक के पैसे नहीं है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार चंदन कर्नाटक के मदिकेरी में एक कॉफी बगान में काम करता था। रविवार को काम से वापस अपने रूम में लौटने के बाद रात्रि मे दोस्तों के साथ खाना खाने के उपरांत कमरे से फोन से बात करते हुए बाहर निकला बहुत देर तक वापस नहीं आने के बाद उसके साथी ने जब बाहर जाकर देखा तो चंदन पेड़ में फांसी के फंदे में झूल रहा था। वही कर्नाटक के पालकोट पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। पुरे मामले में विधायक रामचंद्र सिंह ने संज्ञान लेते हुए कर्नाटक पुलिस से पुरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने के साथ शव को पैतृक गांव मंगवाने के लिए सीएम और विभाग के मंत्री को पत्र लिखने के साथ फोन पर बात करते हुए मदद की अपील की।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 31 को होगा

**लातेहार।** सुभाष चंद्र बोस क्लब पोचरा के द्वारा आयोजित 18 वीं डबल खस्सी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मंगलवार 31 दिसंबर को डुड़वा क्रिकेट क्लब एवं अमवाटिकर क्रिकेट क्लब लातेहार के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल में अमवाटिकर की टीम ने कोढास एवं डुड़वा क्रिकेट क्लब ने सारिक 11 को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### ट्रिपल टेस्ट के नोडल पदाधिकारी ने ट्रिपल टेस्ट की कार्यो की समीक्षा की

**लातेहार।** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष मे सोमवार को ट्रिपल टेस्ट के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता लातेहार के द्वारा नगर पंचायत लातेहार में हो रहे ट्रिपल टेस्ट की कार्यो की समीक्षा की गई। उक्त समीक्षा के क्रम में पाया गया कि ट्रिपल टेस्ट से संबंधित सर्वे का कार्य लगभग 40% पूर्ण हो चुका है शेष कार्यों को अगले 4 दिनों में पूर्ण करने का निर्देश सभी वार्ड परगणक पदाधिकारी एवं अनुश्रवण समिति को दिया गया। समीक्षा के क्रम में ट्रिपल टेस्ट के सभी वरीय प्रभारी प्रिंस कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, देवनाथ चौरसिया जिला पशुपालन पदाधिकारी, अमृतेश कुमार सिंह जिला कृषि पदाधिकारी, गौतम कुमार साहू जिला शिक्षा अधीक्षक, वार्ड प्रगणक पदाधिकारी एवं अनुश्रवण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल ने प्रशिक्षुओं के सम्मान समारोह का किया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ई एस एल स्किल स्कूल ने सीड्स के साथ साझेदारी में खाद्य एवं पेय सेवा प्रबंधक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं के पहले बैच के सम्मान के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाया। नाबार्ड द्वारा प्रायोजित इस समारोह में 30 युवा प्रशिक्षुओं की उपलब्धियों का सम्मान किया गया जो युवाओं को रोजगार के अवसरों से सशक्त बनाने के स्किल स्कूल के मिशन में एक कदम आगे है। यह कार्यक्रम स्किल स्कूल की विविध पेशकशों का एक हिस्सा है जिसमें सोलर पीवी इंस्टॉलेशन सिलाई मशीन संचालन और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान और सॉफ्ट स्किल शामिल हैं। ये एनएसडीसी प्रमाणित पाठ्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि प्रशिक्षुओं को उद्योग मानक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त हों। प्रशिक्षित उम्मीदवारों को ब्लू जर्सी गारमेंट्स अदानी पावर प्रीमियर एनर्जीज आदि जैसी कंपनियों में औसतन दो लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर रखा गया है। 30 प्रशिक्षुओं में से 25 को डीएचपीएल रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में 1.9 लाख रुपये प्रति वर्ष के वार्षिक पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। समारोह में सम्मानित अतिथियों फिलमोन बिलुंग डीडीएम नाबार्ड संतोष रवानी मुखिया सियालजोरी कुणाल दरिपा प्रमुख सीएसआर ईएसएल और बीरेंद्र कुमार ऑपरेशन हेड लर्नेट सीड्स की उपस्थिति देखी गई।

मौके पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि हमारा उद्देश्य अपने प्रशिक्षुओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक विशेषज्ञता और प्रशिक्षण से लैस करना है। हम उनकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व करते हैं और उन्हें आतिथ्य उद्योग में आगे बढ़ते हुए देखकर उत्साहित हैं।

### मंत्री योगेंद्र ने स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया को अर्पित की श्रद्धांजलि, बोले

# झारखंड की माटी वीरों की माटी है



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार प्रखंड के कोह ग्राम में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया की जयंती समारोह में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद जी शामिल हुए।

मंत्री ने शहीद जीतराम बेदिया के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झारखंड की वीरभूमि को याद करते हुए कहा, झारखंड की माटी वीरों की माटी है। महान स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया ने अत्याचारी अंग्रेजों और शोषक महाजनों के खिलाफ जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को संगठित कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ी। उनके संघर्ष, बलिदान और विचारों को हमें आत्मसात करने की आवश्यकता है। मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड के महान क्रांतिकारियों की वीर गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। उनके अद्वितीय बलिदान और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। समारोह के दौरान समिति के सदस्यों ने मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा स्थापित करने समेत अन्य विकास कार्यों की मांगें शामिल थीं। मंत्री ने समिति की मांगों को गंभीरता से लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। समारोह के जरिए अमर शहीद जीतराम बेदिया के योगदान को याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

## एक नजर में

### बोकारो : प्लस 2 हाई स्कूल सेक्टर 12 में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का मिलन कार्यक्रम संपन्न



**बोकारो।** बीएसएल + 2 हाई स्कूल सेक्टर 12 के 1992 बैच के विद्यार्थी 32 वर्षों के बाद एक बार फिर मिले। उन्होंने अपने पुराने स्कूल पहुंचकर पुनर्मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूली जीवन की यादें ताजा करते हुए उन्होंने भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए। 60 से ज्यादा 1992 बैच के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सबसे सुखद बात रही 32 वर्षो पहले पढ़ाये शिक्षक आईएस ठाकुर केएन उपाध्याय के साथ वर्तमान विद्यालय डीएवी के शिक्षक विजय कुमार कंठ एवं सुशील कुमार की उपस्थिति। नीलू झा एवं प्रीति सिन्हा के द्वारा स्वागत गीत संध्या झा के द्वारा गुरु वंदना अर्चना झा के गणेश वंदना नृत्य अर्चना सिंह के सरस्वती वंदना नृत्य अनीता मिश्रा की नृत्य प्रस्तुति सराहनीय रही। मंच संचालन अर्चना सिंह एवं संगीता झा एवं धन्यवाद ज्ञापन राघवेन्द्र शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने अपने क्लास रूम और स्कूल के मैदान में वो पुराने पल को फिर से जीना चाह रहे थे। एक-दूसरे को उस स्कूली जीवन के अविस्मरणीय पल की याद दिलाने में लगे रहे। एक दूसरे से निरंतर जुड़े रहने का संकल्प के साथ पहले दिन का रीयूनियन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सबों ने बोकारो की शैक्षणिक उन्नति में हाथ बंटाने का भी निर्णय लिया। मौके पर अजय कुमार बासुकी झा श्याम कुमार प्रशांत कुमार शैलेन्द्र कुमार उपेंद्र, प्रवेश अमित अनुज कुमार मुकेश झा निखिल संतोष संगीता झा उषा आदि मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### तीन दिवसीय टुसू मेला को लेकर हुई बैठक



बोकारो/कसमार। झारखंड व पश्चिम बंगाल सीमा पर मकर संक्रांति के अवसर पर सेवाती घाटी में तीन दिवसीय टुसू मेला को लेकर ग्रामीणों ने बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता उमेश कुमार मुंडा व संचालन विष्णु चरण महतो ने की । बैठक में मेला को सफल आयोजन को ले विचार-विमर्श किया गया। मेले में रंगारंग रात्रि कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों एवं अन्य विषय पर चर्चा की गयी । मौके पर रूपेश कुमार गोविन्द सिंह मुंडा मनोज कुमार सुधीर घांसी सुभाष कुमार आनंद महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिकारीपाड़ा : हत्या का फरार चौथा आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

शिकारीपाड़ा। हत्या के फरार आरोपी को शिकारीपाड़ा थाना पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के शिवतल्ला गांव निवासी जिआउल अंसारी है। जिसे पुलिस सरसडंगाल से गिरफ्तार करने में सफल रही। जानकारी के अनुसार दूसरी शादी करने पर बेटे संग बेटी के ससुराल जाकर दामाद को समझाने के गई सास की बेरहमी से ससुराल वालों ने जमकर पीटाई कर दी थी। जिसमें सास मोमिना बीबी की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस मृतका के बयान पर दामाद, उसकी दूसरी पत्नी समेत सात के खिलाफ हत्या व छीनतई का मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। मामले में पूर्व में दामाद व उसकी दूसरी पत्नी एवं चाचा समेत तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामला वर्ष 2023 का है। मामले में पुलिस थाना कांड संख्या 11 23 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई थी।

### जारंगडीह मे तीन दिनों के भीतर दो दुकानों में हुई चोरी



बेरमो/जारंगडीह। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह बस पड़ाव के ठीक पिछे जानवी श्रृंगार स्टोर में बीते रात्रि एस्वेस्टर सीट तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बीते तीन दिनों के भीतर जारंगडीह बाजार में चोरी की यह दुसरी घटना है। चोरो ने उक्त दुकान में रखे खुदरा पैसा तथा कुछ सामान चोर ले उड़े। इस श्रृंगार स्टोर की संचालिका अनीता देवी पति सुरेंद्र प्रसाद जारंगडीह मांझी टोला निवासी बताया गया है। घटना की जानकारी उस समय हुई जब अनिता देवी का पुत्र दुकान खोलने पहुचा तो देखा कि दुकान की छत का एडवेस्टर सीट टूटा हुआ है। दुकान में रखे सारा सामान बिखरा पड़ा है और खुदरा पैसा आदि कुछ सामान भी गायब है। बताता चलूं कि यह गरीब महिला दुकान खोलने के आई फाइनेंस प्राइवेट कंपनी से 70 हजार रुपए लोन ले रखी है। और उसी लोन की राशि से दुकान खोली है। कुल मिलाकर इन दिनों जारंगडीह बाजार में चोरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। ज्ञात हो कि बीते शनिवार को ही बबन जेनरल स्टोर में भी छत का सीट तोड़कर इसी तरह की घटना घटित हुई थी । बबन के अनुसार मौखिक रूप से घटना की सूचना थाना को दिया गया था। थाना से पुलिस कर्मी घटना की जायजा लेकर चले गए और ठीक दुसरे ही रात्री चोरो ने दुसरे दुकान को अपना निशाना बना डाला। लगातार घट रही चोरी की घटना से जारंगडीह बाजार के दुकानदार आतंकित नजर आ रहे हैं और स्थानीय पुलिस से लगातार हो रही चोरी की घटना की रोकथाम की मांग की है।

# कथारा वाशरी प्रबंधन की खामियों को उजागर करने के लिये प्रदर्शन

## युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** सोमवार को कथारा वाशरी के नाइन जीरो प्लांट कार्यालय के समीप कैंटीन के सामने युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन द्वारा जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की तथा वाशरी प्रबंधन की खामियों को उजागर करते हुए विभिन्न मांगों को रखा जिसमे कहा गया कि कैंटीन का सुन्दरीकरण जो आज भी अधर में लटका हुआ है। कहा गया कि स्वच्छता अभियान को देखते हुए कैटींन में रख रखाव एवं साफ सफाई हो खाना नास्ता का उत्तम प्रबंध हो। कहा गया कि कैंटीन मे इकवा गार्ड लगा हुआ है मगर दो महीनों से खराब पड़ा हुआ है इसे जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए। कैंटीन के नाम से तीन एयर कन्डीशन (अ.उ.) आवंटन हुआ था ये क्यों नहीं लगा इसे जल्द से जल्द लगवाने की व्यवस्था हो। प्रर्दशन के माध्यम से प्रबंधन को अवगत करवाया गया कि मजदूरों की इतनी समस्याएं हैं पर प्रबंधन को किसी तरह का ध्यान इस ओर नहीं होना कई प्रश्नो को खड़ी करता है। आरोप लगाया गया कि प्रबंधन को सिर्फ मजदूरों से काम लेना है और उत्पादन दिखाकर अपनी वाह वाही लुटनी है। यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रबंधन ने दस दिनों के अन्दर उपरोक्त समस्याएं दूर नहीं करतीं है तो युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगी। इस प्रदर्शन का नेतृत्व राम बिलास रजवार कथारा वाशरी शाखा सचिव द्वारा किया गया। जबकि इस प्रर्दशन मे मो मुस्तकीम, बानेश्वर रजवार, अब्दुल बारिक, तेजारत हसैन, राजेन्द्र राय, आलम अंसारी, सुरेश यादव, ईश्वर लाल महतो, मोती रजवार, बिगन मांझी, मो फिरोज, मो जिबराल, जीत राम मांझी, मोती रविदास, नागेश्वर गोप, इन्द्र देव रविदास, सुगन यादव, अब्दुल शब्बीर, महादेव मांझी आदि शामिल हैं।

### झामुमो के समर्थक के आवास पहुचे मंत्री



**बेरमो।** गोमिया विधायक मंत्री योगेंद्र प्रसाद सह झामुमो के कट्टर समर्थक तेनुघाट निवासी दीपक गुप्ता ने गोमिया विधानसभा से झामुमो के जीत को लेकर रजरप्पा मंदिर में पूजा उपरांत अपने घर में भी पुजा आयोजित कर प्रसाद चढाया। इसी कार्यक्रम में शामिल होने तथा प्रसाद ग्रहण करने के लिए मंत्री दीपक गुप्ता के आवास पर पहुंचे। इसी दौरान गुप्ता के पिता दया शंकर गुप्ता ने मंत्री को माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर पेटरवार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश महतो, दीपक गुप्ता, आकाश महतो, जिप सदस्य माला कुमारी, तेनुघाट मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा तथा कार्यकर्ता टिंकू गुप्ता, कमलेश साह, धर्मेंद्र साह, अभय कुमार, कृष्णा कुमार, विजय शंकर, संजय शर्मा, राजन नायक, सुरेश बाबू दास आदि उपस्थित थे।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन की पूर्व छात्रा सिविल जज संगीता का विद्यालय में आगमन



**बेरमो।** सोमवार को विद्यालय की वंदना सभा में भैया-बहनों को प्रेरित करने के लिए कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन की पूर्व छात्रा एवं झारखंड में पद स्थापित सिविल जज संगीता का आगमन हुआ। सिविल जज संगीता, विद्यालय सचिव धीरज कुमार पांडे, प्रधानाचार्य रणसुमन सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्जन से वंदना का प्रारंभ हुआ। वंदना के पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व छात्रा को श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने परिचय कराया। संगीता ने अपने संबोधन में कहा कि अपने पुराने विद्यालय में आकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। विद्यालय से प्राप्त संस्कार अभी भी मेरे जीवन के आदर्श है। उन्होंने कहा की बच्चों को आत्माभिव्यक्ति के अवसर देकर स्वतंत्रता और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना और बच्चों में स्वस्थ प्रवृत्ति, अच्छे मूल्य, सहयोग, संप्रेषण, रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी, साक्षरता, और सामाजिक-भावनात्मक विकास को विकसित करना ही मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा की आज की शिक्षा बच्चों को प्रभावशाली संप्रेषक बनाने में मदद करना एवं बच्चों को लगन से सीखने वाला बनाना और समीक्षात्मक रूप से सोचने वाला बनाना होना चाहिए।

### रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में वनभोज सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो।** सोमवार को रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल, फुसरो के प्रांगण में वनभोज सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर नृत्य, एकांकी, संगीत, देश भक्ति, झांकी के अलावे तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के निदेशक रंजीत कुमार भारती ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को प्रतिभा की सराहना की। निदेशक ने कहा कि वर्षों पहले बेरमो में शिक्षा का दीप घर घर जलाने के लिए आरडीपीएस की स्थापना की गयी थी। आरडीपीएस में बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से दी जाती है और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर सैकड़ों छात्र देश दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या गीता भारती ने सभी को नववर्ष की शुभकामना देते हुए स्कूल में कार्यरत शिक्षकों एवं उनमें अध्यननरत बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। यहां बच्चों ने तरह-तरह के लजीज व्यजन का आनंद लिया।

### बेरमो : अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**बेरमो।** डुमरी के एन एच 19 से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध पोड़ा कोयला लदा एक ट्रक को पुलिस ने जप्त किया है। घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि अवैध पोडा कोयला लदा ट्रक धनबाद के रास्ते बिहार की ओर जा रही थी तभी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रक को रोका। इसके बाद ड्राइवर और खलासी भागने में सफल रहा। वहीं जांच के दौरान कोयला लोड होने वाले डिपो का कुछ भी पता नहीं चल पाया जिसके आधार पर पुलिस ने ट्रक में पोड़ा कोयला अवैध बताया है। फिलहाल ट्रक में लगभग 30 टन कोयला होने की बात बताई जा रही है। इधर डुमरी पुलिस में थाने में ड्राइवर खलासी सहित अन्य आरोपियों पर मामला दर्ज करते हुए जांच में जुड़ गई है।

### साहित्यलोक का 33वां स्थापना दिवस, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में संपन्न

**बोकारो।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक का 33वां स्थापना दिवस समारोह मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। समारोह का उद्घाटन एसडीओ चास प्रांजल ढांडा व डीईओ जगरनाथ लोहरा बीएसएल के सीजीएम व मिथिला एकेडमी के अध्यक्ष हरि मोहन झा मिथिला सांस्कृतिक परिषद के पूर्व महासचिव अविनाश कुमार झा वरिष्ठ साहित्यकार सुखनंदन सिंह सदय बुद्धिनाथ झा साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा मिथिला एकेडमी के सचिव पीके झा चंदन ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों एवं कुछ वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। अतिथियों व साहित्यकारों ने अमन कुमार झा की मैथिली नाट्य पुस्तक भेंट का लोकार्पण किया।

# बोकारो चैंबर द्वारा 'विकसित बोकारो' विषय पर आयोजित संगोष्ठी संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में हंस रीजेंसी के सभागार में आयोजित विकसित बोकारो विषयक संगोष्ठी का उद्घाटन धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने किया। बोकारो के विकास एवं समस्याओं के विषय में सांसद को एक ज्ञापन चैंबर की तरफ से संरक्षक संजय बैद ने दिया तथा सांसद श्री महतो से पूर्व में बोकारो रेलवे स्टेशन पर कार्यरत वाशिंग लाइन जिसे तोड़ दिया गया-उसे चालू करवाने की मांग की गई। साथ ही कुछ ट्रेनों के परिचालन संबन्धित मांगों सहित बोकारो रेलवे स्टेशन को आद्रा मंडल से हटकर रांची रेलवे मंडल में लाने की मांग भी की गई। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चैंबर समाज के सभी वर्गों की आवाज उठाता है। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने सांसद से अनुरोध किया कि बोकारो इस्पात प्रबंधन के द्वारा सिटी सेंटर एवं बोकारो शहरी क्षेत्र में लीज रेंट एवं प्रतिबंध ट्रेड परिवर्तन के नाम पर प्लॉटधारी एवं व्यवसाईयों को प्रताड़ित किये जाने पर रोक लगवाने की मांग की। सांसद ने सभी मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि जल्द ही इस्पात मंत्री, रेलवे मंत्री से वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा। मौके पर साधु शरण गोप, आशीष गोराई, मुकेश राय, राजेश राय, बिनोद गुप्ता, प्रदीप सिंह, सिद्धार्थ पारीख सुभाष जैन, काशीनाथ सिंह उपस्थित थे।

# नव वर्ष पर बासुकीनाथ में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नववर्ष 2025 के आगमन के मौके पर बासुकीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर विधि व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी कौशल किशोर ने मंदिर के प्रशासनिक भवन सभागार में एक बैठक बुलाई।

इस बैठक में मंदिर प्रभारी सह जरमुंडी बीडीओ कुंदन भगत अंचलाधिकारी संजय कुमार एसडीपीओ अमित कच्छप, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल बिजली पीएचईडी विभाग के अधिकारी पंडा धर्मरक्षिणि सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा महामंत्री संजय झा एवं अन्य उपस्थित थे। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि नए साल के पहले दिन एक जनवरी को जलार्पण के लिए बासुकीनाथ में बड़े पैमाने पर श्रद्धालु पहुंच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को जलार्पण में कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए मंदिर की सुरक्षा को अभेध बनाया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को लाइन में बाबा मंदिर में प्रवेश कराया जायेगा। श्रद्धालुओं की कतार को शिवगंगा के पूर्व दिशा में हनुमान मंदिर के समीप से होकर फलाहारी धर्मशाला, संस्कार मंडप से होकर हाथी गेट से मंदिर परिसर में प्रवेश कराया जायेगा। कोई भी यात्री बाबा मंदिर के निकास द्वार से मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश नहीं कर सकेगा। किसी को निकास द्वार से श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश कराते पकड़ा गया, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओ की सुविधा के लिए शीघ्रदर्शनम कूपन की बिक्री मंदिर प्रशासन के द्वारा की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा नगर की साफ सफाई बिजली पेयजल एवं ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

# थाईलैंड के श्रद्धालुओं ने की बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सोमवार को सोमवती अमावस्या पर थाईलैंड से भारत पहुंचे नौ श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में हाजिरी लगाया।

विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा बासुकीनाथ के शिवलिंग पर चांदी का सर्प हार चढ़ाया। जिसे मंदिर के सुरक्षा गार्ड कपिलदेव पंडा, नंदकिशोर ठाकुर एवं गौतम राव ने बासुकीनाथ मंदिर कार्यालय में जमा करा दिया।

**शिवलिंग पर चढ़ाया चांदी का सर्प हार**

थाईलैंड से आये तीर्थयात्रियों ने कहा कि वे बासुकीनाथ मंदिर में पहली बार पहुंचे हैं और उन्हें यहां पूजा अर्चना और आरती कर बहुत अच्छा लगा। वे जब भी भारत आयेंगे तो बासुकीनाथ मंदिर अवश्य आयेंगे। थाईलैंड से आये श्रद्धालुओं के साथ भारत के गाईड उत्तरप्रदेश से आये महेंद्र कुमार भी साथ थे और वे थाईलैंड के श्रद्धालुओं के साथ थाईलैंड की भाषा में बातचीत कर रहे थे।

# राशनकार्ड धारियों ने डुमरी प्रखंड मुख्यालय में किया जमकर हंगामा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** डुमरी प्रखंड मुख्यालय में नगरी पंचायत के राशन कार्ड धारीयों ने जमकर हंगामा किया है। आपको बताते चले की राशन कार्ड धारियों ने डीलर बहादुर रविदास के ऊपर आरोप लगाया है कि डीलर 2 महीने से कार्ड धारियों को राशन नहीं दिया है। जबकि अनाज देने के नाम पर हर एक कार्ड धारियों से 2 किलो राशन काटा जाता है। वही चना दाल देने के नाम पर कार्ड धारी से 1 रुपए के जगह 10 रुपए लिए जाते हैं। इसको लेकर कार्ड धारियों ने हंगामा किया है। वहीं शिकायत मिलने के बाद आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार ने पूरे मामले की जानकारी ली और डीलर को जल्द से जल्द राशन वितरण करने और अनाज नहीं काटने का आदेश दिया है। वही जब इस मामले में पत्रकारों ने आपूर्ति पदाधिकारी से पूछा तो उन्होंने कहा कि वह खुद जाकर स्थल पर इसकी जांच करने की बात कही है। अब यह देखने वाली बात है कि ऐसे डीलरों पर क्या एक्शन लेती है यह आने वाला समय ही बताएगा।

## पेज एक का शेष

### हीरो बन कर उभरे...

झाखंड विधानसभा चुनाव में गठबंधन को भारी जीत दिला कर वह किंग मेकर की तरह उभरीं। जनता में अपनी बात को बड़ी चतुरायी से पहुंचाने में सफल रहे। कल्पना जनता के बीच यह साबित करने में सफल रहीं कि हेमंत सरकार के खिलाफ साजिश रची गयी थी।

जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सोरेन के लिए चुनौतियां दोगुनी थी। चंपई सोरेने को सीएम रहने दें या उनकी जगह खुद लें। उन्होंने जो निर्णय लिया, उसकी लोगों ने लोहा मान लिया। हेमंत सोरेन चुनाव से ठीक पहले सीएम की शपथ ली। उसके बाद एक से बढ़कर एक निर्णय लिया। मंईयां सम्मान, किसानों की ऋण माफी, बिजली बिल माफी सहित तमाम ऐसे निर्णय लिये, जिससे उनके विरोधी धराशायी हो गये। उनके निर्णय से विपक्ष के बड़े-बड़े सुरमाओं की निंद उड़ गयी। हेमंत के जेल में रहते ही कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव रिकार्ड मत से जीतकर अपनी दमखम दिखा दी।

विधानसभा चुनाव में कल्पना सोरेन का जलवा लोगों के सिर चढ़ कर बोलता था। उनकी सभाओं में भारी भीड़ देखी जाती रही। अपनी सभाओं से विपक्ष को संदेश देने में सफल रही कि उनके पति हेमंत सोरेन बेदाग हैं। फिर हेमंत के जेल से निकलते ही राज्यभर में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ। चुनाव संपन्न हुआ और रिजल्ट आया तो हेमंत सोरेन हीरो बन गये और उनकी कल्पना हकीकत में किंगमेकर बनी। विरोधी चित हो गये। अब हेमंत सोरेन शान से कार्यकाल पूरा करेंगे। जैसा कि वह बोलते हैं : जो कहते हैं -उसे करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में बस पलटने से 10 मरे, 22 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के अटॉक जिले में फतेह झांग इंटरचेंज के समीप सोमवार सुबह बस के पलट जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी जबकि 22 लोग घायल हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा कि वाहन एक युटोंग बस थी जो मियांवाली से रावलपिंडी जा रही थी। बचाव सेवा को सुबह 8:08 बजे एक दुर्घटना के बारे में अलर्ट मिला, जिसके बाद छह वाहनों और 14 बचावकर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया। बयान में कहा गया है कि घायलों को अटक के तहसील मुख्यालय अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### राजनाथ सिंह ने किए महाकाल मंदिर में दर्शन

**उज्जैन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजा की। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर दर्शन संबंधी फोटो पोस्ट करते हुए लिखा है, ह्लउज्जैन में आज महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मंदिर भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यहां महादेव से समस्त देशवासियों के सुख,समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जय महाकाल।

### दो दिन भक्तों को ज्यादा देर तक दर्शन देंगे गोविंद देवजी

**जयपुर।** अंग्रेजी नववर्ष-2025 के दिन और एक दिन पूर्व यानी 31 दिसंबर और 01 जनवरी को ठाकुरजी भक्तों को ज्यादा देर तक दर्शन देंगे। फिलहाल मंगला झांकी का समय पांच से सवा पांच बजे तक हैं लेकिन 31 दिसंबर और 01 जनवरी को मंगला झांकी सवा चार से साढ़े पांच बजे तक खुली रहेगी। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि दोनों दिन दर्शनार्थियों की संख्या कई गुणा बढ़ जाती है इसलिए समय बढ़ाया गया है। अभी मंगला झांकी मात्र पंद्रह मिनिट खुली रहती है लेकिन 31 दिसंबर और 01 जनवरी को यही झांकी एक घंटे पंद्रह मिनिट खुली रहेगी। ज्यादातर लोग साल के पहले दिन की शुरूआत ठाकुर जी के दर्शन से करना चाहते है।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का सौ साल की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वे अमेरिका के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति रहे। जिमी कार्टर गरीबों व वंचितों की सेवा और उनके अधिकारों की वकालत करने वाले मानवतावादी नेता के रूप में जाने जाते थे। जिमी कार्टर के निधन पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, ह्यआज अमेरिका और दुनिया ने असाधारण राजनेता और मानवतावादी खो दिया। जिमी कार्टर का जन्म 1 अक्तूबर 1924 को हुआ।

### महिलाओं के बाहर झांकने पर भी पाबंदी

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं के खिलाफ ताजा फरमान जारी किया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर पाबंदी लगा दी है, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना है। इस फरमान के पीछे अश्लीलता रोकने का तर्क दिया गया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके। महिलाओं को रसोई, आंगन या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है। अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर भी नजर रखें। अगर किसी इमारत में ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं तो मकान मलिकों को इन खिड़कियों के सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा।

# पंचतत्व में विलीन हुए आचार्य किशोर कुणाल



**पटना।** बिहार के पूर्व आईपीएस अधिकारी और धार्मिक न्यास बोर्ड के संस्थापक आचार्य किशोर कुणाल सोमवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। उनकी इच्छा के अनुसार उनका अंतिम संस्कार हाजीपुर के तीर्थमोक्ष धाम कोनहारा में किया गया। आचार्य किशोर कुणाल का 29 दिसंबर को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। वह 74 साल के थे। उन्होंने बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

कोनहरा घाट पर जिला प्रशासन के द्वारा राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान हजारों की संख्या उनके चहेते और अनुयायियों ने आचार्य किशोर कुणाल का एक झलक पाने को लेकर व्याकुल थे। पुलिस विभाग के कई अधिकारी भी पहुंचे।

अंतिम संस्कार से पूर्व उनके पार्थिव शरीर को पटना स्थित निजी आवास से महावीर मंदिर होते हुए हाजीपुर के कोनहारा घाट लाया गया था, जहां बिहार सरकार के मंत्री अशोक कुमार चौधरी, समस्तीपुर सांसद संभवी चौधरी समेत कई सांसद और विधायक शामिल हुए थे। आचार्य किशोर कुणाल के अंतिम दर्शन के लिए राज्य से बाहर से भी लोग पहुंचे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

एजेंसी



**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी में सोमवती अमावस्या पर सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु महिलाओं ने पीपल के पेड़ की परिक्रमा कर जल देने के बाद शिवमंदिरों में हाजिरी लगाई। ठंड और कोहरे के बीच अमावस्या स्नान के लिए श्रद्धालु तड़के ही गंगाघाटों पर पहुंचने लगे। प्राचीन दशाश्वमेधघाट ,शीतलाघाट, अहिल्याबाईघाट, मानमंदिर घाट, पंचगंगाघाट, अस्सीघाट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। गंगा स्नान के बाद अलसुबह से ही श्रद्धालुओं ने पीपल के पेड़ की परिक्रमा कर जल देने के बाद श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई।

नगर के मोहल्लों में भी स्थित शिवमंदिरों और पीपल के वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुटी रही। शिव आराधना समिति के संस्थापक डॉ मृदुल मिश्र ने बताया कि सनातन धर्म में सोमवती अमावस्या का बड़ा महत्व है।

सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान से पुण्य तो मिलता है। जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं, मनोकामनाएं पूरी होती हैं, मोक्ष की प्राप्ति होती है और सैकड़ों अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है।

उन्होंने बताया कि सोमवती अमावस्या पर पितरों के निमित पूजा और श्राद्ध कर्म से जीवन मे सुख और शांति आती है। उन्होंने बताया कि सोमवती अमावस्या पर पीपल के वृक्ष की पूजा करने और 108 परिक्रमा कर सूत लपटने से व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

# बर्फबारी के बीच फंसे हजारों पर्यटक, कई को बचाया गया

## फंसे पर्यटक ने दी चेतावनी, मनाली और सोलंग घाटी कोई भी मत आना

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** ठंड के दिनों में पर्यटक हिमाचल प्रदेश के मनाली और सोलंग घाटी जाना खूब पसंद करते हैं। इस साल भी यहां भारी संख्या में लोग घूमने निकले हैं। हालांकि, जोरदार बर्फबारी के चलते पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी बर्फबारी के कारण 1,800 से अधिक वाहन रास्ते में ही फंसे हुए हैं। कई सारे इंटरनेट यूजर्स ट्रैफिक में फंसी अपनी गाड़ियों की तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रहे हैं। ऐसे ही च्लकी त्यागी नाम नाम के सोशल मीडिया यूजर ने एक फोटो शेयर की। उन्होंने दूसरे पर्यटकों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यहां पर आने से बचा जाए। मौसम की स्थिति काफी खराब है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में त्यागी ने साथी यात्रियों को चेतावनी देते हुए कहा, 'मनाली और सोलंग वैली कोई भी मत आना!' अंधेरे में फिल्माया गया वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें बर्फ से ढके सोलंग वैली-अटल सुरंग मार्ग पर फंसी कारों की कतार दिख रही है। हिन्दुस्तान इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। त्यागी ने अपने पोस्ट में कहा कि वह सुबह 10 बजे से फंसे हुए हैं। हमें यह नहीं पता कि ट्रैफिक कब और कैसे खत्म होगा। उन्होंने ट्रैफिक सब डिविजनल मजिस्ट्रेट की गाड़ी के फंसने का भी जिक्र किया है। यहां लोग घंटों से बर्फबारी के बीच फंसे हुए हैं और उन्हें कुछ समय नहीं आ रहा कि क्या किया जाए।

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-बर्फबारी के चलते तीन राष्ट्रीय राजमार्ग समेत प्रदेश भर में 433 सड़कें बंद हो गईं। शुक्रवार रात सोलंगनाला से 2,000 वाहनों में फंसे करीब 10 हजार सैलानियों को सुरक्षित मनाली पहुंचाया गया। कई इलाकों में पिछले 24 घंटों से लगातार हिमपात के चलते पहाड़ बर्फ से लकदक हो गए हैं। कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला, चंबा और कांगड़ा जिला के पर्वतीय इलाकों में भारी बर्फबारी के साथ पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है।

# किसान संगठनों ने बंद को लेकर रेल-सड़क मार्ग ठप्प किया

एजेंसी



**चंडीगढ़।** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित कुल 13 मांगों को लेकर पिछले 35 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गैर राजनीतिक और विभिन्न किसान संगठनों के 'पंजाब बंद' के आह्वान पर सोमवार को राज्य भर में किसानों ने रेलवे लाईनों और प्रमुख सड़क चौराहों पर धरना लगा कर रेल और सड़क यातायात बंद कर दिया। यह बंद सुबह सात बजे से लेकर शाम चार बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान पंजाब में रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय रेलवे ने वंदे भारत ट्रेन सहित कुल 106 ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया है अन्यथा उनका सफर निर्धारित जगह से पहले ही खत्म कर दिया गया है। पंजाब बंद के दौरान दिल्ली चंडीगढ़ रूट पर बस सेवा भी प्रभावित रहेगी। किसान नेता सरबन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। इसके अलावा किसी शादी समारोह में जाने वाले ०?यक्ति एवं परिवार को नहीं रोका जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट पर जाने वाले लोगों को भी परेशान नहीं किया जाएगा।

दुकानें, गैस स्टेशन, पैट्रोल पंप, सब्जी मंडियां, दूध की सप्लाई बंद रखी जाएगी। पंजाब में सर्दी की छुट्टी के चलते पहले ही स्कूल बंद है। पंजाब यूनिवर्सिटी ने बंद के चलते परीक्षाओं को सोमवार की जगह मंगलवार को कराने का निर्णय लिया है। बस सेवाओं से जुड़े संगठनों की तरफ से बताया गया है कि सोमवार शाम चार बजे के बाद सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। खनौरी में किसान नेताओं ने कहा कि वे गांधीवादी तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। अब यह सरकार पर है कि वो उनके वरिष्ठ नेता डल्लेवाल को हटाने के लिए बल प्रयोग करना चाहती है या नहीं। पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक उच्च-स्तरीय टीम ने रविवार को खनौरी सीमा स्थल पर डल्लेवाल से मुलाकात की थी। इस टीम में पुलिस के डीआईजी मंदीप सिंह सिद्धू और रिटायर्ड एडिशनल डीजीपी जसकरण सिंह भी शामिल थे। बाद में किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल ने कोई भी चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है। विभिन्न किसान संगठनों के 'पंजाब बंद' के आह्वान के कारण उत्तर रेलवे ने सोमवार को पंजाब में 106 मेल, एक्सप्रेस या सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश ट्रेनें सोमवार को केवल अंबाला और दिल्ली या सहारनपुर की ओर से ही चलेंगी।

# स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व हुआ चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियों के मद्देनजर आज यहां स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा कि बजट की तैयारियों के तहत यह वित्त मंत्री की छठी बैठक थी। इसमें वित्त सचिव एवं दिपम सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों, स्कूली शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य शोध विभाग के अधिकारियों के साथ ही सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार मौजूद थे।

बैठक में भाग लेने वालों में स्वास्थ्य क्षेत्र से टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई के निदेशक डॉ.कैलाश शर्मा, लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं एपिडेमिओलॉजिस्ट डॉ अतुल कोटवाल, राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.अभिजीत सेठ और संत जॉंस नेशनल एकेडमी ऑफ हेल्थ सांइस के प्रोफेसर डॉ. हरि मेनन शामिल थे। शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों में श्री विश्वकर्मा स्कील विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राज नेहरू, सेंटर फॉर टीचर एक्रीडेशन के संस्थापक एवं सीईओ राम्या वेंकटरमन,अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महासचिव प्रो गीता चौहान , एबीवीपी के राष्ट्रीय ऑगेनाईजिंग सचिव आशिष चौहान आदि शामिल थे।

# विक्की के 'तौबा-तौबा' के गाने पर आशा भोसले के हुक स्टेप्स वायरल



**भारतीय** गायन जगत के एक प्रसिद्ध गायक आशा भोसले के गाए गए गाने दशकों से लोगों की प्लेलिस्ट में हैं। आशा भोसले भले ही नब्बे साल की उम्र पार कर चुकी हैं, लेकिन आज भी वह अपनी चुलबुली एनर्जी से सभी को प्रेरित करती हैं। हाल ही में आशा भोसले का एक वीडियो सामने आया है। इसमें विक्की कौशल के 'तौबा-तौबा' गाने के हुक स्टेप्स करती नजर आ रही हैं।

इस वीडियो को देखने के बाद तौबा तौबा गाने के गायक करण औजला ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आशा भोसलेजी, संगीत के क्षेत्र में एक देवी, उन्होंने अभी तौबा तौबा गाना गाया है, एक ऐसे बच्चे के लिखा गया गीत, जो एक छोटे से गांव में पला-बढ़ा है, जिसकी संगीत की कोई पृष्ठभूमि नहीं है और जिसे संगीत का कोई अनुभव नहीं है। इस गाने को न केवल प्रशंसकों बल्कि संगीत कलाकारों के बीच भी बहुत प्यार और पहचान मिली है, लेकिन यह पल वास्तव में प्रतिष्ठित है और मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा।'

यह वास्तव में प्रेरणादायक है कि करण ने इतने कम उम्र में ऐसा खूबसूरत गाना लिखा और कंपोज किया, जिसे 91 साल की उम्र में आशा भोसले जैसी दिग्गज गायिका ने अपनी आवाज दी। करण का यह बयान उनकी कृतज्ञता और आशा जी की अद्वितीय प्रतिभा को दशार्ता है।

# एनसीसी का गणतंत्र दिवस शिविर शुरू

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का शिविर सोमवार को सर्व धर्म पूजा के साथ यहां दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड में शुरू हुआ और इसमें 2361 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में देश के सभी 28 राज्यों और 08 केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2,361 कैडेट एक महीने तक चलने वाले शिविर में भाग ले रहे हैं। कैडेटों में 917 लड़कियां भी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन कैडेटों में जम्मू- कश्मीर और लद्दाख के 114 कैडेट और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 178 कैडेट शामिल हैं, जो ह्ल मिनी इंडियाह्व की झलक पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 14 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के रूप में शिविर में भाग लेंगे। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने इस अवसर पर कैडेटों को एनसीसी के सबसे प्रतिष्ठित शिविर के लिए चुने जाने पर बधाई देते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा, जाति की बाधाओं को पार करते हुए चरित्र, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, भाईचारा और टीम वर्क के उच्चतम गुणों को प्रदर्शित करने की सलाह दी। गणतंत्र दिवस शिविर का मूल उद्देश्य भाग लेने वाले कैडेटों में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व गुणों की गहरी भावना पैदा करना है।

# गंगा को पुण्य समर्पित कर श्रद्धालुओं को पुण्य का भागी बनाते हैं नागा

एजेंसी



**प्रयागराज।** सनातन धर्म के रक्षक महायोद्धा नागा संन्यासी शुभ्र वर्ण पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप में प्रवाहित हो रही सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर अपने समस्त पुण्य को समर्पित कर आम जनमानस को पुण्य का भागी बनाते हैं। शैव संप्रदाय के श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव महंत यमुना पुरी ने मेला क्षेत्र स्थित शिविर में बताया कि साधु-महात्मा, संत, योगी , यति, संन्यासी और परमहंस वृत्ति वाले गंगा को प्रणाम करके उनसे अनुरोध करते हैं कि 12 वर्षो के जप , तप, ध्यान और योग से जो भी विशुद्ध ऊर्जा प्राप्त किया है, उसके अलावा उनके पास देने को कुछ नहीं हैं। जन कल्याण के लिए उसे ह्लआपह्व को समर्पित करते हैं। ऐसा विचार कर वह त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। उन्होंने बताया कि आस्था की डुबकी लगाने के साथ उनके समस्त पुण्य फल उसमें समाहित हो जाते हैं और उनके बाद स्नान करने वाले आम जनमानस के पापों का क्षय करके उन्हें पुण्य का भागीदार बनाती है। सचिव ने बताया कि नागा साधु जंगलों, पहाड़ों और कंदराओं में रहकर कठोर साधना के लिए जाने जाते हैं। इनका जीवन आम जनमानस से एकदम भिन्न होता है। सांसारिक लोगों के बीच में नागा साधु साधना और वैराग्य के लिए जाने जाते हैं। ये निर्वस्त्र रहकर भस्म को अपना वस्त्र मानकर शरीर पर धारण करते हैं, जो उनकी पूर्ण वैराग्य की स्थिति को दशार्ता है। उनका शाही स्नान कुंभ मेले के स्नान के प्रारंभ का प्रतीक है। मान्यता है कि उनके स्नान से संगम के जल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।

महंत यमुना पुरी ने बताया कि कठोर तप से प्राप्त पुण्यफल के साथ नागा संन्यासियों के स्नान से संगम के जल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। नागा साधुओं का स्नान सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था को जागृत कर उसकी गहराई और विविधता को दशार्ता है। नागाओं का अमृत स्नान धार्मिक, आध्यात्मिक ऊर्जा और संस्कृति का संगम भी माना जाता है। अखाड़े के महंत ने बताया कि नागा साधुओं की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। ये साधु-संत समाज सुधार और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन का त्याग कर तपस्या में लीन रहते हैं। प्राचीन समय में नागा साधु क्षत्रिय धर्म को भी निभाने के साथ ही धार्मिक स्थलों की सुरक्षा करते थे। नागा साधुओं को समाज से दूरी बनाने पर उन्होंने कहा कि भीड़ साधना में ध्यान की एकाग्रता को दिग्भ्रमित करता है। वह कठोर साधना के लिए सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं।

